रांची

शुक्रवार

28.10.2022

कार्तिक शुक्ल पक्ष 03

विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

वर्ष-23 अंक-262 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

**रश्मि प्रवाह**

खुशी उनको नहीं मिलती जो अपनी शर्तों पर जिंदगी जिया करते हैं। खुशी उनको मिलती है, जो दूसरों की खुशी के लिए अपनी शर्तें बदल लिया करते हैं।

## हर्षोल्लास के साथ मना चित्रगुप्त पूजा और भाई दूज

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** चित्रगुप्त पूजा और भाई बहन के प्यार का प्रतीक भाई दूज का त्योहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर के विभिन्न मोहल्ले में बहनों ने पूजा-अर्चना कर अपने भाई के दीर्घायु की कामना की। इस त्योहार को लेकर जितना उत्साह बहनों में दिखा, उतना ही भाइयों में भी देखने को मिला। भाइयों ने भी अपनी बहनों को आकर्षक उपहार भी दिये। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इसी दिन मृत्युदाता यमराज अपनी बहन यमी के घर आये थे। यमी ने उनके माथे पर तिलक लगाकर उनकी सलामती की कामना की थी। इसके बाद यमराज ने अपनी बहन यमी को हमेशा इसी दिन उनके पास आने का वचन दिया था। भाई दूज के त्योहार को यमद्वितीय भी कहा जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार जब माता यमी ने यमराज के माथे पर तिलक लगाया था तो यमराज ने प्रसन्न होकर यमी से कोई भी वरदान मांगने को कहा था। जिस पर माता यमी ने ये मांगा कि आज के दिन जो बहन अपने भाई के माथे पर तिलक लगायेगी। उस भाई को यमराज लंबी आयु प्रदान करेंगे। माता यमी द्वारा मांगे गये इस वरदान को यमराज ने स्वीकार किया था। तब से हर साल कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीय तिथि को भैया दूज के रूप में मनाया जाने लगा। भाई दूज के दिन बहनें एक थाली तैयार करती हैं। जिसमें रोली, मिठाई फल-फूल, चंदन, सुपारी रखी जाती है। शुभ मुहूर्त में बहने अपने भाई की आरती उतारती हैं। इसके बाद अपने भाई के माथे पर तिलक लगाती हैं। तिलक के बाद बहन अपने भाई को, गोला, मिठाई, फल, वगैरह देती है। भाई अपनी बहनों को स्नेह स्वरूप उपहार देता है।

### भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना कर लिया आशीर्वाद

**इधर,** कायस्थों समुदाय के इष्टदेव भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना की धूम रही। इस अवसर पर शहर के कई स्थानों पर प्रतिमाएं स्थापित कर धूमधाम से चित्रगुप्त पूजा का आयोजन किया गया। कायस्थ समाज के लोगों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलम, दवात, कॉपी व पुस्तक की पूजा की। कायस्थ समाज के लोगों ने सुबह अपने-अपने घरों में भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

## लोक आस्था का महापर्व छठ आज से शुरू

रौशन कुमार

| 28 अक्टूबर | 29 अक्टूबर | 30 अक्टूबर | 31 अक्टूबर |
|---|---|---|---|
| नहाय खाय | खरना | पहला अर्घ्य | सुबह का अर्घ्य |

**रांची।** छठ को लेकर बाजारों की रौनक बढ़ गयी है। छठव्रती छठ की तैयारी को अंतिम रूप देने मे लगे हैं। साथ ही, उससे जुड़े सामानों की खरीदारी कर रहे हैं। सूर्योपासना और लोक

■ छठ बाजार की रौनक बढ़ी, खरीदारी को लेकर उमड़ी भीड़

आस्था का महापर्व चार दिवसीय छठ शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो जायेगा। इसको लेकर छठव्रती तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे हैं। छठ को लेकर बाजारों की भी रौनक बढ़ गयी है। थोड़ी महंगाई के बावजूद व्रत की आस्था उस पर भारी पड़ती दिख रही है। दुकानदार भी ज्यादा नफा-नुकसान की चिंता किये बगैर छठव्रतियों को जरूरत की चीजें उपलब्ध करा रहे हैं। नेम-धर्म के पर्व छठ में कई छोटी-बड़ी चीजों की जरूरत होती है, लेकिन रांची के बकरी बाजार समेत कई दूसरी जगहों पर छठ को लेकर विशेष बाजार लगाये जाते हैं, जहां एक ही स्थान पर व्रतियों को सारे सामान उपलब्ध हो जाते हैं।



### यौन शोषण का आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

**रांची।** धुर्वा थाने की पुलिस ने यौन शोषण के आरोपी को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। जेल जानेवाले आरोपी का नाम आकाश कुमार है और वह जगन्नाथपुर न्यू कॉलोनी का रहनेवाला है। आरोपी के खिलाफ धुर्वा थाना क्षेत्र की एक युवती ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी। दर्ज प्राथमिकी में पीड़िता ने आरोप लगाया है कि आरोपी आकाश शादी का झांसा देकर एक साल से उसके साथ शारीरिक संबंध बना रहा था। जब वह शादी का दबाव बनाने लगी तो आरोपी ने शादी से इंकार कर दिया। इसके बाद बीते 26 अक्टूबर को पीड़िता थाने पहुंची और आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने बीते बुधवार की रात आरोपी के घर पर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया है।

### एसएसपी ने विभिन्न छठ घाटों का किया निरीक्षण



**रांची।** एसएसपी किशोर कौशल ने छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर गुरुवार को विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाटों पर प्रशासन की ओर से की गयी व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी ना हो इसके लिये सुरक्षा से संबंधित पूजा समितियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। एसएसपी ने घाटों पर साफ–सफाई, सुरक्षा, लाइटिंग, एनडीआरएफ, पुलिस बल, मजिस्ट्रेट की तैनाती को लेकर जानकारी ली। विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं के आनेवाली संख्या और घाटों की गहराई के बारे में जानकारी लेते हुए एसएसपी ने घाटों पर मार्किंग करने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने छठ घाटों का निरीक्षण किया था। इस दौरान मुख्यमंत्री को छठ घाट की तैयारियों में कुछ जगह खामियां मिली थीं, जिसे दुरुस्त कराने का निर्देश दिया था।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू-कश्मीर की धरती से किया ऐलान, बोले -

## पीओके वापस लेने के बाद ही पूरी होगी वर्तमान सरकार की मुहिम




**श्रीनगर (एजेंसी)।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर की धरती से ऐलान किया कि पाकिस्तान के कब्जेवाले कश्मीर को वापस लेने के बाद ही जम्मू-कश्मीर का भारत में विलय पूरा होगा। जम्मू-कश्मीर के भारत में विलय और वर्ष 1947 में जम्मू-कश्मीर को कबाइलियों के हमले से बचाने के लिए भारतीय सेना को वहां पहुंचाये जाने की याद में मनाये जानेवाले शौर्य दिवस के अवसर पर यहां आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षामंत्री ने कहा कि यह यात्रा तभी पूरी होगी जब हम पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के, अन्य हिस्सों के साथ गिलगित, बाल्टिस्तान को भी वापस ले लेंगे। राज्य का विशेष दर्जा खत्म किये जाने के बाद यहां एक नयी शुरुआत हुई है, यह तो बस शुरुआत भर है। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख अब एक के बाद एक विकास के नये आयामों को छुयेंगे। लेकिन यहां मैं कहना चाहूंगा कि हमने इन क्षेत्रों का विकास अभी शुरू ही किया है और अब हम उत्तरी इलाकों की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी यात्रा तब पूरी होगी जब भारतीय संसद में 22 फरवरी 1949 को सर्वसम्मति से पारित किये गये प्रस्ताव को लागू कर देंगे और उसके हिसाब से बाकी बचे हिस्सों जैसे गिलगित और बाल्टिस्तान के साथ दूसरे हिस्सों को भी अपनी जद में ले आयेंगे।

### प्रमुख रक्षा अध्यक्ष ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान ने गुरुवार को इन्फेंट्री दिवस के मौके पर राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रत्येक वर्ष 27 अक्टूबर को सेना की सबसे बड़ी इकाई पैदल सेना के सम्मान में इन्फेंट्री दिवस के रूप में मनाया जाता है। लेफ्टिनेंट जनरल चौहान के अलावा सेना उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल बीएस राजू और कर्नल ऑफ रेजिमेंट्स ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।

## हंसडीहा में एलपीजी गैस भरा टैंकर दुर्घटनाग्रस्त, लगी आग

नवीन मेल संवाददाता

**दुमका।** दुमका जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुरमाहाट के निकट गुरुवार को एक लाइन होटल के पास एलपीजी गैस भरे टैंकर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उसमें आग लग गयी और तेज आवाज के साथ विस्फोट हो गया। बताया जा रहा है कि ये हादसा टैंकर के अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकराने की

■ आग लगने से हुआ विस्फोट, तीन यात्री बसें भी जलकर हुईं खाक

वजह से हुआ। आग की भयंकर लपटों से पास में खड़ी एक ही कंपनी की तीन बसें भी इसकी चपेट में आ गयीं और धू-धूकर जल गयीं। इस हादसे में कुछ लोग भी झुलसे हैं, जो घटनास्थल के आसपास थे। टैंकर में विस्फोट से आसपास के पेड़ों की टहनियां भी टूट कर उड़ गयीं तथा कई पेड़ों में आग लग गयी। रह-रहकर विस्फोट से टैंकर के चदरे दूर-दूर तक उड़ते रहे। बिजली के पोल और तार के टूटने से इलाके में बिजली की आपूर्ति भी ठप हो गयी है, वहीं उच्च क्षमता वाली लाइन को भी नुकसान पहुंचा है, जिससे महारो ग्रीड से सरैयाहाट ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



### दो अलग-अलग घटनाओं में पांच की मौत

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले में गुरुवार को दो घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गयी। जिले के मुफस्सिल थाना के उदनाबाद गांव में नहाने के दौरान दो बच्चे की मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि गांव के दो बच्चे उसरी नदी में स्नान करने के लिए गये हुए थे जहां डूबने से दोनों की मौत हो गयी। इधर, गिरिडीह, धनबाद पथ पर तारा टांड थाना क्षेत्र के बड़की टांड जंगल के पास दो वाहनों की सीधी टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गयी। मरनेवालों में दो पुरुष और एक महिला शामिल है। इस हादसे में लगभग आधा दर्जन लोग घायल हैं जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## पांच लाख का इनामी सब जोनल कमांडर के साथ तीन गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी पांच लाख के इनामी सब जोनल कमांडर विराज गंझू उर्फ राकेश जी को एके-47

■ लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी

के साथ अन्य तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार करने पर लातेहार पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस तीनों उग्रवादियों के पास से एके-47 के साथ-साथ भारी मात्रा में कारतूस बरामद किया है। लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने गुरुवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि बालूमाथ थाना क्षेत्र के डाकादिरी के जंगल में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के 15 से 20 हथियारबंद उग्रवादी दस्ता किसी उग्रवादी हिंसा को अंजाम देने को लेकर कोल व्यवसायी, ट्रांसपोर्टर, ईंट भट्ठा व्यवसायी, संवेदक, क्रशर मालिकों को फोन कर रंगदारी मांगते हुए लेवी का पैसा लेने के इरादे से इकट्ठा हुए हैं। इस सूचना के सत्यापन करते हुए एक विशेष अभियान चलाकर दो टीम गठित कर दो भागों में बांटा गया। जिसमें पहली पुलिस टीम जैसे ही डाकादिरी जंगल पहुंची तो पुलिस बल को देखते ही कुछ हथियारबंद उग्रवादी भागने लगे। भागने के क्रम में एक उग्रवादी को खदेड़कर ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## मामा के घर पहुंच सीएम ने मनाया सोहराय



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को धाधकीडीह, चांडिल, सराईकेला-खरसावां में ग्रामीणों के साथ सोहराय पर्व मनाया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सराईकेला-खरसावां जिला प्रशासन द्वारा धाधकीडीह, चांडिल में गार्ड ऑफ ऑनर देकर स्वागत किया गया। मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि वे सोहराय पर्व मनाने मामा के घर आये हैं। इस मौके पर रिश्तेदार और मेहमान आये हुए हैं तथा पर्व को लेकर गांव में काफी उत्साह है। सभी आदिवासी भाई-बहनों को इस त्योहार की शुभकामना देता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परंपरागत त्योहार है और सभी लोग अपने गांव पहुंचकर त्योहार का आनंद लेते हैं। कोरोना के बाद त्योहार मनाने का मौका मिल रहा है जो अच्छा लग रहा है। कई छोटे बच्चे बड़े हो गये हैं उन्हें पहचानना मुश्किल हो रहा है। एक सवाल के जवाब में श्री सोरेन ने कहा कि छठ व्रतियों की सुविधा को लेकर घाटों का जायजा लिया गया है तथा साफ-सफाई और सुरक्षा को लेकर आवश्यक निर्देश दिये गये हैं। सभी लोग छठ पर्व को हर्ष और उल्लास के साथ मनायें यही उनकी शुभकामना है।

## सरकारी स्कूल के बच्चों को मिलेगी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शुरू हुई प्रक्रिया

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिशा-निर्देश में सरकारी स्कूल के बच्चों को निजी स्कूल के तर्ज पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। इसके लिये राज्य के आदर्श विद्यालय कार्यक्रम में माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर की शिक्षा पर जोर दिया जा रहा है। सरकार ने इन स्कूलों के शिक्षकों को चेंजमेकर के रूप में प्रस्तुत करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। इसके लिये मॉडल स्कूल में पढ़ानेवाले प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों को अजीम प्रेमजी फाउंडेशन भी प्रशिक्षण प्रदान दे रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम चरण में विशेष तौर पर अंग्रेजी, विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और हिंदी विषय पर ध्यान दिया जा रहा है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को आदर्श विद्यालय के स्कूल हेडमास्टर, डाइट फैकल्टी, विषय विशिष्ट मास्टर ट्रेनर्स एवं प्रमुख हितधारकों के क्षमता वृद्धि कार्यक्रम की अवधारणा और संचालन के लिए अजीम प्रेमजी फाउंडेशन सहयोग कर रहा है। मालूम हो कि मॉडल स्कूल के प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों को आईआईएम जैसे संस्थान भी प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं।

**10 माह की रुपरेखा तैयार :** यह कार्यक्रम राज्य के करीब चार हजार मॉडल स्कूलों के लिए एक प्रभावी पारिस्थितिकी तंत्र बनाने और बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## व्यवस्था : छठ महापर्व को लेकर शहर के ट्रैफिक रूट में बदलाव

### ○ 30 व 31 अक्टूबर को शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर रहेगी रोक

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में छठ महापर्व को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था की तैयारी पूरी कर ली है। 30 और 31 अक्टूबर को शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। 30 अक्टूबर को सुबह आठ से रात 11 बजे तक और 31 अक्टूबर को भोर के दो बजे से रात दस बजे तक शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गयी है। इस संबंध में यातायात पुलिस की ओर से आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि शहरी क्षेत्र को छोड़कर रिंग रोड से अपने गंतव्य तक वाहनों का परिचालन होगा।

#### इन स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था

- ▸▸ रणधीर वर्मा चौक से हटनिया तालाब जानेवाले मार्ग : निगम पार्क
- ▸▸ एसएसपी आवास से हटनिया तालाब जानेवाले मार्ग : रोड किनारे
- ▸▸ जाकिर हुसैन पार्क से हटनिया तालाब जानेवाले मार्ग : नागाबाबा खटाल
- ▸▸ चांदनी चौक से कांके डैम जानेवाले मार्ग : सीएमपीडीआई व गांधीनगर और रॉक गार्डेन
- ▸▸ शालीमार बाजार से तालाब जानेवाले मार्ग : शालीमार बाजार
- ▸▸ शहीद मैदान से तालाब जानेवाले मार्ग : शहीद मैदान
- ▸▸ लालपुर यातायात थाना के पास : रोड किनारे
- ▸▸ सर्जना चौक से बड़ा तालाब जानेवाले मार्ग : सर्जना चौक के पास
- ▸▸ चुटिया से स्वर्णरेखा नदी जानेवाले मार्ग : सरस्वती शिशु मंदिर के बगल में
- ▸▸ बनस तालाब चुटिया : रोड किनारे
- ▸▸ किशोरगंज चौक से बड़ा तालाब जानेवाले मार्ग : रोड किनारे
- ▸▸ देवेंद्र मांझी चौक के पास : निवारणपुर मैदान

---

इस दौरान पिस्का मोड़ से हजारीबाग रोड जानेवाले सभी भारी वाहन कांठीटांड़, कटहल मोड़ या नया सराय से रिंग रोड होते हुए तुपुदाना, नामकुम, दुर्गा सोरेन चौक से टाटीसिलवे के रास्ते हजारीबाग की ओर जा सकेंगे। वहीं, हजारीबाग की ओर से आनेवाले वाहन भी इसी रास्ते से आवागमन कर सकेंगे। वहीं, टाटा रोड से हजारीबाग जानेवाले वाहन भी टाटीसिल्वे के रास्ते से ही जायेंगे।

### कांके रोड में ऐसी होगी यातायात की व्यवस्था

▸▸ कांके रोड में 30 अक्टूबर को दिन के दो बजे से शाम सात बजे तक राम मंदिर एवं चांदनी चौक के पास एक्सेस कंट्रोल प्वाइंट होगा। इस प्वाइंट से सिर्फ छठ व्रतियों को लेकर घाट के तरफ जानेवाले वाहनों को भी प्रवेश की अनुमति होगी।

▸▸ राम मंदिर से कांके के तरफ जानेवाले बाईलेन छठ व्रतियों को लाने ले जानेवाले वाहनों के लिए विशिष्ट रूप से चिह्नित किया गया है और चांदनी चौक से राम मंदिर की ओर आनेवाले दाया लेन जतरा झांकी के लिए निर्धारित किया गया है।

## विश्व भर में पिघल रही बर्फ से आ सकती है अगली महामारी

- आरएनएम

**नयी दिल्ली।** प्रोसीडिंग्स ऑफ द रॉयल सोसाइटी बीः बायोलॉजिकल साइंस जर्नल में प्रकाशित एक शोध में कहा गया है कि अगली महामारी विश्व भर में पिघल रही बर्फ से आ सकती है। जलवायु परिवर्तन के कारण लगातार ग्लेशियर की बर्फ घट रही है, जिससे इसमें जमे वायरस-बैक्टीरिया बाहर आ सकते हैं और वे इंसान, जानवर, पौधों को संक्रमित कर सकते हैं। जिससे महामारी फैल सकती है। मिट्टी के जेनेटिक विश्लेषण से पता चला है कि दुनिया में तेजी से बर्फ पिघलने के कारण नये वायरस के फैलने का खतरा है। यह जानने के लिए आर्कटिक के तालाब से सैंपल लिये गये। इसके लिये वैज्ञानिकों

■ लगातार घट रही है ग्लेशियर की बर्फ

की टीम ने कनाडा में स्थित फ्रेशवॉटर लेक के आर्कटिक सर्कल के सबसे बड़े तालाब लेक हेजन से सैंपल इकट्ठा किये। इसमें मिलनेवाले आरएनए और डीएनए को अब तक मिले वायरस से मैच किया गया।

शोधार्थियों के अनुसार ग्लेशियर जैसे-जैसे पिघलेंगे, वैसे-वैसे इनमें मौजूद वायरस बाहर आयेंगे और इंसानों को संक्रमित करेंगे। शोध में आर्कटिक के इलाके को इसलिए चुना गया क्योंकि यहां की बर्फ दूसरे बर्फीले इलाकों के मुकाबले ज्यादा तेजी से पिघल रही है। यहां का तापमान ज्यादा गर्म है और वायरस इंसानों, जानवरों या पेड़ पौधों में फैलने की आशंका भी ज्यादा है। इसी तरह 2021 में एक शोध में वैज्ञानिकों ने 33 वायरस की खोज की थी। जो 15 हजार वर्ष से बर्फ में जमे थे। इनमें से 28 वायरस एकदम नये थे। इन्हें पहले कभी नहीं देखा गया था। ये सभी तिब्बत के ग्लेशियर से निकले थे। यह ग्लेशियर ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण पिघल गया है।

## न्यूज गैलरी

### छठ पूजा को लेकर डीएसपी प्रवीण कुमार ने किया रातू घाट का निरीक्षण



रांची। डीएसपी प्रवीण कुमार ने निरीक्षण किया। घाट पर छठवर्तियों को किसी तरह की परेशानी न हो इसे देखते हुए डीएसपी ने साफ सफाई , बिजली यवस्था छठ घाट पर सुरक्षा व्यवस्था व छठ व्रतियों की सुविधाओं की जानकारी ली। आस्था के चार दिवसीय छठ महापर्व पर व्रतियों को छठ घाटों पर किसी तरह की परेशानी न हो इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। गुरुवार को स्वच्छ भारत अभियान के तहत घाट की साफ सफाई किया गया वही लोगों से कूड़ा कचरा व गंदगी नहीं फैलाने की अपील की गई।

### मुरी रिटायरमेंट कॉलोनी में भाई दूज का त्योहार मनाया गया



मुरी। भाई दूज के अवसर पर मुरी रिटायरमेंट कॉलोनी में महिला एवं बच्चियों ने गोधन कुटा। मौके पर जमीन पर गोबर के सांप बिच्छू आदि की आकृति बनाई फिर उसके ऊपर ईट रखकर उसे मुसल से सब ने मिलकर कुटा । इसके पूर्व महिलाओं ने अपने भाइयों को जी भर कर कोसा फिर अपने जीभ पर रेगिनी कांटा चुभा कर इस गलती पर पश्चाताप किया और अपने भाइयों की लंबी उम्र एवं समृद्धि का कामना किया। तत्पश्चात अपने अपने घरों में भाइयों को पीड़े पर बिठा कर उनके माथे पर तिलक लगाया और दीघार्यु होने का ईश्वर से कामना किया फिर भाइयों को मुंह मीठा कराया। इस मौके पर तोहफा उपहार का भी आदान-प्रदान भाई बहनों के बीच हुआ । भाई की सलामती के लिए गोधन कुटा ।यह त्यौहार भाई-बहन के प्रेम का त्योहार है।

### रेल थाना जीआरपी में नये प्रभारी ने अपना योगदान दिया



मुरी। मुरी रेल थाना जीआरपी में नए प्रभारी के रूप में जमादार मुंडा ने अपना योगदान दिया। इसके पूर्व में ओरमांझी, हुटु ओपी के थाना प्रभारी के रूप में कार्यरथ थे। प्रभारी जमादार मुंडा ने कहा कि हमारा पहला प्राथमिकता रहेगा रेल क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल करना एवं साथ ही साथ लोगों से आपसी भाईचारा बनाकर काम करना। रेल क्षेत्र में गस्ती करने के लिए हमारे पास गाड़ी नहीं है। हम चाहेंगे कि सरकार हमें गाड़ी का व्यवस्था दिलवाए। ज्ञात हो कि इसके पूर्व में जीआरपी के पास गाड़ी की व्यवस्था थी मगर खराब होने के बाद बनने के लिए रांची जो गई वह अभी तक वापस नहीं आई जिससे पैदल ही क्षेत्र में गस्ती करनी पड़ती है।

### कुएं से युवक का शव बरामद

मांडर। मांडर थाना क्षेत्र के कंजिया पंचायत अन्तर्गत सोसई मरिया टोली में एक युवक का शव कुएं में तैरता हुआ मिला। ग्रामीणों की सूचना पाकर पुलिस ने शव को कुँए से निकालकर अपने कब्जे में ले लिया।शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए रिम्स राँची भेज दिया गया है। मृतक बोलको लकड़ा 42 वर्षीय हेसमी निवासी बताया गया है,वहअपने पीछे अपनी पत्नी के अलावे एक बेटा एक बेटी को बेसहारा छोड़ गया।

### सेकेंड ओपिनियन राजभवन का राजनीतिक कसरत है : माकपा

रांची । माकपा की ओर से वक्तव्य जारी कर कहा गया है कि झारखंड के राज्यपाल द्वारा निर्वाचन आयोग के 25 अगस्त के पत्र को ‘लिफाफे में ज्यादा गोंद सटे होने के चलते खुलने में हो रही परेशानी’ की बात करने के बाद अब उनके द्वारा निर्वाचन आयोग से दोबारा मंतव्य लिए जाने एवं झारखंड मे एटम बम फुटने की बात करना उन्हें केवल संदेह के कठघरे में ही नहीं खड़ा करता है।

---

### बेड़ो और लापुंग प्रखंड में छठ महापर्व को लेकर तैयारियां पूरी

# आज नहाय खाय के साथ सुर्य उपासना और लोक आस्था का महापर्व होगा शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** सूर्य उपासना एवं लोकआस्था का महापर्व छठ महाव्रत का बेड़ो और लापुंग प्रखंड में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। शुक्रवार को नहाय खाय के साथ छठ महाव्रत का शुभारंभ किया जाएगा। इसी दिन छठव्रती अंतःकरण की शुद्धि के लिए सुबह विभिन्न तालाब, सरोवर या नदियों में पवित्र स्नान करेंगे। पवित्र स्नान के बाद पीतल के बर्तन में शुद्ध अरवा चावल, सेंधा नमक का प्रयोग करते हुए चने की दाल, लौकी (कद्दू) की सब्जी तैयार कर भगवान को भोग लगाएंगी। इसके बाद स्वयं प्रसाद के रूप में उसे ग्रहण करेंगी। कद्दू भात ग्रहण करने के बाद उपवास रखते हुए इसके अगले दिन शनिवार को खरना पूजा करेंगी। खरना पूजा के साथ छठव्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो जाएगा। रविवार को अस्ताचलगामी भगवान भास्कर तथा सोमवार को उदीयमान भगवान भास्कर को छठ घाट पर अर्घ्य दिया जाएगा। सोमवार को ही विधिवत पूजा अर्चना के बाद महाआरती का आयोजन किया जाएगा और श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा। बेड़ो प्रखंड के बेड़ो और तुको तथा लापुंग प्रखंड के ककरिया और लापुंग में छठ पूजा को लेकर गेहूं की खरीदारी कर उसे धोकर सुखाया गया और पारंपरिक रूप से जांता में पीसा गया। इसके पूर्व सूप दउरा सहित विभिन्न प्रकार के सामग्रियों की खरीदारी की गई। छठ व्रत को लेकर लापुंग प्रखंड के दोलैचा, ककरिया, लापुंग, लालगंज तथा दानेकेरा सहित कई गांवों में तैयारियां की जा रही है। वहीं बेड़ो प्रखंड के तुको, खुखरा, पुरियो, जरिया तथा हरिहरपुर जामटोली में छठ पूजा की तैयारियां अंतिम चरण में है।



## जीएसटी बिल मांगा तो पटाखा दुकान में हुई कर्नल की पिटाई, आरोपी बोले- जाति पर दी थी गाली

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में भारतीय सेना में कार्यरत कर्नल और उनके बेटे के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप पटाखा दुकान के मालिक और कर्मचारियों पर लगा है। कर्नल के बेटे की ओर से मामले में रांची के गोंदा थाने में प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई है। दूसरी तरफ पटाखा दुकान के कर्मचारियों का आरोप है कि कर्नल ने उन्हें जातिसूचक गालियां दीं। कर्मचारी की तरफ से भी गोंदा थाने में एफआईआर दर्ज करवाया गया है। पुलिस दोनों एफआईआर के आधार पर जांच में जुटी है। घटना दरअसल, दिवाली वाले दिन यानी 24 अक्टूबर की है लेकिन मामला अब प्रकाश में आया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय सेना में कार्यरत कर्नल एमके सिंह के बेटे ईशान सिंह ने गोंदा थाने में दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि कांके रोड स्थित ट्रेड फ्रेंड्स दुकान के मालिक विमल सिंघानिया के इशारे पर 15-20 लोगों ने उनके साथ मारपीट की। कर्नल सिंह को बंधक बनाने का भी आरोप लगाया है। ईशान सिंह ने ये भी आरोप लगाया है कि दुकान के बाहर पब्लिक की भीड़ के बीच उन्हें और उनके पिता को लोहे की रॉड से पीटा गया जिसकी वजह से उनके कान में चोट आई है। गोंदा थाने में दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक कर्नल सिंह दीपावली की छुट्टियों में घर आए थे। घटना वाले दिन वे अपने बेटे ईशान सिंह के साथ कांके रोड स्थित ट्रेड फ्रेंड्स में पटाखा खरीदने गए थे। पटाखा खरीदने के पश्चात जब उन्होंने जीएसटी डिटेल मांगा तो दुकान के कर्मचारी ने उनसे कहा कि हमारे यहां ग्राहकों को ऐसा कोई बिल नहीं दिया जाता है। बकौल ईशान सिंह, जब उन्होंने दुकान के सुपरवाइजर और प्रोपराइटर विमल सिंघानिया से बात करना चाहा तो दुकान में मौजूद लोगों ने उनकी पिटाई कर दी।

## रातू में अवैध तरीके से लगाये गये दर्जनों दुकानों को हटवाया



**रातू।** रातू थाना क्षेत्र के एन एच 75 काठी टांड फन कैशल पार्क के पास अवैध रूप से फुटफाथ में दुकान लगाकर अतिक्रमण करने वालो पर कार्रवाई करते हुए रातू अंचल अधिकारी प्रदीप कुमार ने अभियान चलाकर फुटफाथ को अतिक्रमण मुक्त कर दिया। इस दौरान कई दुकानों को पलट दिया गया। वही अन्य दुकानदारों ने अंचल अधिकारी से दुकानो को हटाने के लिए समय की मांग की। अभियान के तहत लोगों को चेतावनी दी गई की अगर पुनः अतिक्रमण की कोशिश की तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी। बता दे कि काठी टांड से लेकर फन कैशल पार्क तक फुटफाथ मे अतिक्रमण किया गया है। जिससे लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। काठीटांड में अतिक्रमण के कारण हमेशा जाम लगा रहता है।

## बेड़ो में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भैया दूज का त्योहार



**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** भाई-बहनों के प्रेम व स्नेह का त्योहार भाई दूज गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में हर्सोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान बहनों व महिलाएं परंपरागत पहनावा में पूजा-अर्चना की। परंपरा के अनुसार बहनों ने अपने भाई के दुश्मन का गोबर से तस्वीर बनाकर भाई के दुश्मनों को लाठियों से कुटाई करते हुए अपने भाई की लंबी उम्र की कामना की। साथ ही मौके पर पारंपरिक गीत भी महिलाओं ने गाए। बहनों अपने भाइयों के चिरंजीवी और यशस्वी होने की कामना करते हुए माथे पर तिलक लगाया। और उनके उज्जवल भवष्यि की कामना की।मौके पर भाइयों ने बहनों को उपहार प्रदान किया।वहीं दिन भर बहनों का अपने भाईयों के यहां टीका लगाने के लिए पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। साथ ही महादानी मंदिर,देवी मंडप सहित सभी मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालु भक्त पहुंचे और पूजा अर्चना किया।

### सुबह 10 बजे से लोगों का घर पर आना शुरू हो गया था

## अर्जुन मुंडा के घर काली पूज में हजारों लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/ जमशेदपुर।** केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा के घर काली पूजा के महाप्रसाद में गुरुवार को पूरे झारखंड से हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इनमें राजनेता, प्रशासनिक अधिकारी, कॉरपोरेट जगत के अधिकारी, उद्योगपति, व्यवसायी, समाजसेवी और अन्य गणमान्य लोग शामिल थे। श्री मुंडा के घोड़ाबांधा स्थित घर में कोविड के कारण पिछले दो वर्ष से महाप्रसाद का आयोजन नहीं हो पाया था। गुरुवार को सुबह 10 बजे से लोगों का आना शुरू हो गया था। देर शाम तक लोगों के आने का सिलसिला जारी रहा। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास,प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, बिहार के पूर्व मंत्री अमरेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व सांसद रविन्द्र राय, सांसद पीएन सिंह, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, सांसद आदित्य साहू, सुबोध सिंह गुड्डू, विधायक अमर बाउरी, नवीन जायसवाल, विधायक अनंत ओझा, समरी लाल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिनेशानंद गोस्वामी, यदुनाथ पांडेय, अभयकांत प्रसाद, पूर्व विधायक जीतू चरण राम, लक्ष्मण टुडू, पूर्व सांसद रविन्द्र पांडेय, सांसद सुनील सोरेन, विद्युत वरण महतो, तरुण डागा, एस के बेहरा, टाटा मोटर्स प्लांट हेड रविन्द्र कुलकर्णी, गुरमीत सिंह टोटे, चंद्रभान सिंह, सांसद बीडी राम, राम कुमार पाहन, विधायक सीपी सिंह, विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, कुणाल षाड़ंगी, दिनेश षाड़ंगी, गंगोत्री कुजूर, रामचंद्र सहिस, जिलाध्यक्ष गुंजन यादव, ग्रामीण जिलाध्यक्ष सौरव चक्रवर्ती, पश्चिमी सिंगभूम जिलाध्यक्ष, सतीश पूरी, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी, ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, रांची जिलाध्यक्ष केके गुप्ता, रांची ग्रामीण जिलाध्यक्ष, सुरेंद्र यादव, लातेहार जिलाध्यक्ष हरेकृष्ण सिंह शामिल थे।

## उसुर्लाइन इंग्लिश मीडियम स्कूल के बच्चों को फीस बाकी रहने पर परीक्षा देने से रोका गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मुरी।** बृहस्पतिवार के दिन उसुर्लाइन इंग्लिश मीडियम स्कूल में बच्चों को परीक्षा कक्ष से बाहर कर दिया गया क्योंकि बच्चों का कुछ फीस बाकी रह गया था। बच्चे हाथ में आवेदन लिए प्राचार्य से विनती कर रहे थे परंतु उनकी एक भी नहीं सुनी गई तत्पश्चात बच्चों के अभिभावक भी स्कूल पहुंचे और प्राचार्य डॉक्टर सिस्टर इवा जस्टिन रोमोल्ड से विनती की कि अभी हम लोगों के पास फीस भरने की राशि नहीं है हम लोग कुछ दिनों में जमा कर देंगे ।बच्चों को परीक्षा कक्ष में बैठने की अनुमति दी जाए परंतु उनकी भी बात को नहीं सुनी गई। इसी बीच मीडिया कर्मियों के पहुंचने के करीब 20 मिनट समय पार होने के बाद बच्चों को परीक्षा कक्ष में ले जाया गया ।प्राचार्य से बातचीत करने के क्रम में उनसे पूछा गया कि बच्चे 20 मिनट परीक्षा नहीं लिख पाये इसके लिए आपके द्वारा बच्चों को क्या सहयोग किया जाएगा ।इस पर उन्होंने कहा कि इसकी जिम्मेवारी मेरी नहीं है इसकी जिम्मेवार बच्चे और अभिभावक स्वयं होंगे क्योंकि मैं पहले भी अभिभावक लोगों को निश्चित समय पर फीस जमा करने को बोल चुकी हूं परंतु अभिभावक लोग इस पर विचार नहीं करते हैं । विद्यालय प्रबंधक के इस रवैया से अभिभावक गण काफी नाराज दिखे।

## चान्हो प्रखंड के चोड़ा ग्राम में 12 पड़हा सोहराई जतरा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**चान्हो।** चान्हो प्रखंड के चोड़ा ग्राम में 12 पड़हा सोहराई जतरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि विधायक शिल्पी नेहा तिर्की पहुंची, आयोजनकर्ताओं ने उनका स्वागत पुष्प माला देकर किया। इस दौरान विधायक जतरा कार्यक्रम मे आये तमाम लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा जिस तरह पूर्वजो ने हमारी परंपरा, संस्कृति एवं रीति रिवाज को बचा के रखा है उसी प्रकार आज हम सभी को अपनी परंपरा, संस्कृति व रीति रिवाज को बचा के रखने की जरूरत है, हमारा कल्चर लोगो के कल्चर से बहुत अलग है और बहुत ही सुंदर है, इसके लिए हमे अपनों को इन सभी चीजों के बारे मे जानकारी देना चाहिए, ताकि वे जान पाये, और आने वाले पीढ़ी को बता सके। साथ ही विधायक ने बतलाया मेरा विधायक बने हुए 4 महीने हुआ है और लगातार क्षेत्र मे रहकर जनता से मिल रही हुं, सम्बोधित करते हुए कहा कि जिनका किसी भी प्रकार का समस्या चाहे रोड नाली, आवास, वृदधा-विधवा पेंशन या अन्य चीज का जो नही हो रहा है मुझसे आ के मिले, एवं सरकार के बिभिन्न योजनाओं के बारे भी बतलाया, और उसका लाभ लेने को कहा। मौके पर पंचायत अध्यक्ष बुधराम उरांव, विधायक प्रतिनिधि अली हसन, पार्टी कार्यकर्ता अनिल उरांव एवं अन्य उपस्थित रहे।



### अविनाश पांडेय और डॉ. अजय कुमार बने स्टेयरिंग कमेटी के सदस्य

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण के बाद 47 सदस्यीय स्टीयरिंग कमेटी का गठन किया है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी अविनाश पांडेय और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सह 2 राज्यों के प्रभारी डॉ अजय कुमार को स्टेयरिंग कमेंटी का सदस्य नियुक्त किया गया है। इस पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, नेता विधायक दल आलमगीर आलम ने उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि दोनों अनुभवी और कर्मठ नेता हैं। दोनों के अनुभव का लाभ संगठन मिलता रहेगा। गौरतलब है कि वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में मल्लिकार्जुन खड़गे ने एकतरफा अंदाज में शशि थरूर को हराया।

# छठव्रातियों व श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए तालाबों और जलाशयों में जलस्तर वृद्धि क्षेत्र में लगाए जाएंगे रेड रिबन : मेयर



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** महापर्व छठ पूजा की तैयारी को लेकर रांची की मेयर डॉ. आशा लकड़ा ने गुरुवार को मधुकम तालाब, चुटिया नायक तालाब, तेतरी टोली तालाब, स्वर्णरेखा नदी छठ घाट, नामकुम छठ घाट, घाघरा स्वर्णरेखा नदी छठ घाट, धुर्वा डैम इत्यादि का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में कुल 67 छठ घाट हैं। लगभग सभी छठ घाटों पर साफ-सफाई से संबंधित कार्य पूरे हो चुके हैं। शुक्रवार से जिन तालाबों व जलाशयों के जलस्तर में वृद्धि हुई है, वहां छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए बांस-बल्ली लगाकर रेड रिबन लगाए जाएंगे, ताकि छठ व्रती या श्रद्धालु गहरे पानी की ओर न जाएं। डॉ. आशा लकड़ा ने यह भी कहा कि छठ घाटों पर शुद्धता के लिए शुक्रवार से चूना व ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव शुरू किया जाएगा। साथ ही छठ घाटों पर विद्युत व्यवस्था भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि 29 अक्टूबर से सभी छठ घाट व्रतियों के लिए तैयार हो जाएंगे। गहरे जलाशयों व तालाबों में जिला प्रशासन के सहयोग से एनडीआरएफ की टीम की व्यवस्था भी की जाएगी, ताकि किसी प्रकार की घटना होने पर गोताखोरों के सहयोग से बचाव किया जा सके। मौके पर सिटी मैनेजर मृत्युंजय, अंबुज, जोनल सुपरवाइजर शंकर, अनिल कुमार, प्रामाणिक, सुपरवाइजर, वार्ड पार्षद दीपक लोहरा, वेद प्रकाश, रांची नगर निगम के सफाई कर्मी, भाजपा कार्यकर्ता समेत आसपास के स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### 13 वर्षीय बच्चे की गोली मारकर हत्या

**रांची ।** रांची के पिठोरिया इलाके में एक 13 वर्षीय बच्चे की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक का नाम सकलैन अंसारी पिता अजीम अंसारी है। वह मदनपुर गांव का रहने वाला था। उसे रिश्ते में लगने वाले चचेरे भाई ने ही गोली मारकर हत्या कर दी। परिजनों के अनुसार अफसर नाम के युवक पर गोली मारने का आरोप है। बताया जा रहा है कि घर से कुछ ही दूरी पर अफसर और सकलैन मौजूद थे। किसी बात को लेकर कहासुनी हुई इस दौरान उसने गोली मार दी। घटना के बाद मामले को दबाने का प्रयास किया गया। हालांकि इसकी सूचना पिठोरिया थाने की पुलिस को मिली। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया गया है। फिलहाल गोली मारने वाला अफसर अंसारी फरार हो गया है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया गोली मारने वाले अपराधी की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

### थाना में छठ महापर्व को लेकर की गई शांति समिति की बैठक

## थाना प्रभारी ने छठ घाटों में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल को ड्यूटी पर लगाने का आश्वान दिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिल्ली।** छठ पर्व को शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर गुरुवार को सिल्ली थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी आकाशदीप ने किया। बैठक में एसआई वीरेंद्र चौड़े, समीर भगत एवं एएसआई मिश्रा मौजूद थे। छट के दौरान बिजली, पार्किंग, यातायात नियंत्रण, आपदा राहत आदि की पुख्ता व्यवस्था के लिए चर्चा किया। मुखिया भरत सिंह मुंडा, मनोज रजक, भरत देव साय, राजेश साहू, ऋषि सोनार समेत शांति समिति के अन्य सदस्यों ने छठ घाटों में भीड़ नियंत्रण एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने में प्रशासन का सहयोग करने की बात कही। थाना प्रभारी ने छठ घाटों में भीड़ को नियंत्रित करने एवं सिल्ली बजार में रांची पुरुलिया मुख्य पथ पर यातायात नियंत्रण के लिए पुलिस के जवानों की भी ड्यूटी लगाने तथा छठ के दौरान साहेब बांध के समीप सड़क मे जाम की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए भारी वाहनों का आवागमन बंद करने की बात कही। ईस मौके पर पुर्व मुखिया सुरेश मुंडा, संजय भगत, भरत विश्वकर्मा, मनोज साव, पंकज साहू, मोहम्मद फारुख, मंजूर आलम, शशि सोनार रविंद्र बड़ाइक, दिवाकर प्रसाद , मनोज सिंह समेत शांति समिति के सदस्यगण मौजूद रहे।



# न्यूज गैलरी

## बच्चों के साथ मनायी गयी दिपवाली पर्व



रांची। वार्ड 29 खाद गढ़ा निगम फ्लैट में वहां रहने वाले सभी प्यारे बच्चों के साथ मिठाई, बांट कर, दीपसज्जा कर एवं आतिशबाजी कर दिवाली मनाई गयी। कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी निशांत यादव एवं उनकी टीम की ओर से किया गया कार्यक्रम की शुरूआत हनुमान चालिसा के पाठ के साथ की गई। सभी बच्चों और उनके अभीभावकों की खुशी देखने लायक थी। इस मौके पर बच्चों में काफी खुशी देखी जा रही थी।

## पुलिस ने बाइक चोर को गिरफ्तार कर जेल भेजा

रांची। लोअर बाजार थाने की पुलिस ने शातिर बाइक चोर को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। जेल जाने वाले आरोपी का नाम मुस्ताक उर्फ मिस्टर है। आरोपी लोअर बाजार थाना क्षेत्र के डोम टोली का रहने वाला है। उसके पास से पुलिस ने चोरी की तीन बाइक बरामद की है। जेल भेजने से पहले हुई पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह शहर के विभिन्न इलाकों से बाइक चोरी कर उसे सस्ती कीमतों में ग्रामीण इलाकों में बेच देता था। उसने पुलिस को बताया कि जब्त की गई बाइक को उसने कांटाटोली और चुटिया इलाके से चोरी की थी। बताया जा रहा है कि बीते बुधवार को लोअर बाजार पुलिस की ओर से कर्बला चौक में चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस ने जब आरोपी को पकड़ा और गाड़ी में अंकित नंबर के हिसाब से कागजात की मांग की तो आरोपी ने देने में असमर्थता जतायी। कड़ाई से पूछताछ में आरोपी ने चोरी की बाइक होने की जानकारी पुलिस को दी। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने कर्बला चौक के आसपास से दो अन्य चोरी की बाइक भी बरामद की है।

## इमारत ए - शरिया के पदाधिकारियों ने मंत्री हफीजुल हसन से की मुलाकात

रांची। रांची में मंत्री हफीजुल हसन से इमारत झ ए - शरिया,बिहार उड़ीसा झारखंड के जनरल सेक्रेटरी मौलाना मोहम्मद शिबली कासमी , फुलवारी शरीफ पटना और एसिटेंट जनरल सेक्रेटरी मौलाना कमर अनीस कासमी और काजी मुफ्ती मोहम्मद अनवर कासमी ने रांची स्थित उनके आवास पर मुलाकात की।

## शौचालय और उसके आसपास सफाई के लिए दो पंचायत के मुखिया आए एक साथ

खलारी। खुले में शौच से मुक्ति को लेकर चलाए जा रहे अभियान में प्रखंड के जनप्रतिनिधियों द्वारा अब बढ़-चढ़कर भाग लिया जा रहा है। मिशन को सफल बनाने के लिए अलग-अलग पंचायत के दो मुखिया द्वारा एक साथ जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। शौचालय का प्रयोग करने और उसके आसपास सफाई को लेकर पहल की जा रही है। बुकबुका पंचायत के मुखिया पारसनाथ उरांव एवं चुरी दक्षिणी पंचायत के मुखिया मलका मुंडा संयुक्त रूप से सफाई के लिए जागरुकता अभियान चला रहे है। इस क्रम में उनके द्वारा बुकबुका पंचायत के कमाती धौड़ा में शौचालय के पास उगी झाड़ियों को साफ किया गया। मुखिया पारस उरांव, मलका मुंडा, वार्ड सदस्य और सहयोगियों के द्वारा सफाई के बाद शौचालय को इस्तेमाल के योग्य बनाया गया। गुरुवार को बुकबुका पंचायत के मुखिया पारस उरांव एवं चुरी दक्षिणी पंचायत के मुखिया मलका मुंडा द्वारा संयुक्त रूप से बुकबुका पंचायत के कमाती धौड़ा में शौचालय के पास उगी झाड़ियों की सफाई की गई। उसके बाद ग्रामीणों के बीच ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वच्छता को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही खुले में शौच जाने से होने वाली बीमारियों, शौचालय का रखरखाव और इस्तेमाल को लेकर लोगों को जानकारी दी गई। वहीं पंचायत सहित आसपास के लोगों ने मुखिया का इस कार्य को सराहनीय कदम बताया। बुकबुका मुखिया और चुरी दक्षिणी मुखिया ने बताया कि खुले में शौच से मुक्ति को लेकर चलाए जा रहे अभियान को सफल बनाने के लिए हम जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया है। स्वच्छता का ख्याल रखते हुए लोगों को खुले में शौच के बजाय शौचालय का इस्तेमाल करना चाहिए। गंदगी से मच्छर का प्रकोप बढ़ता है, जिससे कई तरह के बीमारियां हो सकती हैं। इसलिए शौचालय के पास उगी झाड़ियों की साफ-सफाई बेहद आवश्यक होता है।

### शिक्षा संवाद विषय पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की परिचर्चा

# भारतवर्ष को मिलजुल कर मजबूत बनाना है : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के द्वारा झारखंड विधानसभा सभागार में शिक्षा एवं संवाद विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी उपस्थिति थे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक तथा राष्ट्रीय शैक्षणिक शिक्षण संस्थान आयोग के सदस्य डॉ. शाहिद अख्तर थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व क्षेत्र संघचालक सिद्धि नाथ सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में विषय प्रवेश मंच के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के संयोजक प्रोफेसर अशफाक ने किया। उन्होंने भारत में अल्पसंख्यक समुदाय से संवाद स्थापित करने की दिशा में बल देते हुए कहा कि यदि किसी प्रकार की भ्रांति एवं विवाद है तो आपस में बातचीत




करके इसको हल किया जा सकता है। इसमें शिक्षा अहम भूमिका अदा कर सकती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व क्षेत्र संघचालक सिद्धि नाथ सिंह ने कार्यक्रम में अपने भाषण के दौरान कहा कि मुस्लिम तथा हिंदू समाज को आपस में मिल बैठकर विचार विमर्श करना चाहिए कि हमारे मध्य कुछ समता है या केवल विषमता है। उन्होंने कहा कि आज संघ ने ऐसे स्वयंसेवक तैयार किए हैं जो ना केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण पदों पर हैं। उन्होंने कहा कि संघ विश्व कल्याण की बात करता है। संघ के नजदीक इंसानियत सबसे बड़ा धर्म है और इसी पर संघ कार्य करता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंच के राष्ट्रीय संयोजक डॉ शाहिद अख्तर ने कहा कि मंच के सरसंघ चालक मोहन भागवत से मेरी मुलाकात पिछले दिनों एक कार्यक्रम में हुई। उन्होंने विभिन्न विषयों पर बात करते हुए कहा कि मुसलमान के बिना हिंदुत्व की परी कल्पना नहीं की जा सकती। सरसंघचालक ने यह भी कहा कि जो लोग यह कहते हैं कि मुसलमान दूसरे देश चले जाए वह हिंदू नहीं हो सकते। डॉक्टर ने कहा कि इन सब तथ्यों को सामने रखते हुए यह आवश्यक है कि मुस्लिम समाज शिक्षित

> मुसलमान के बिना हिंदुत्व की परी कल्पना नहीं की जा सकती। सरसंघचालक ने यह भी कहा कि जो लोग यह कहते हैं कि मुसलमान दूसरे देश चले जाए वह हिंदू नहीं हो सकते।

हो शिक्षा के द्वारा ही संवाद का रास्ता खुल सकता है और विवादों के समाधान समाज के द्वारा ही किया जा सकता है। अतः आवश्यक है कि हम समाज को शिक्षित करने का प्रयास करें, अपने बच्चों को शिक्षा से जोड़े, भारत एक लोकतांत्रिक देश है यहां उन्नति के लिए सबको समान अवसर प्राप्त है, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि शिक्षक किसी से भी मिले प्राप्त करना चाहिए तथा प्रेम का संबंध ही प्रगति का मार्ग है।

# श्रद्धा के मनाई गई भगवान चित्रगुप्त की पूजा, पंडालों में हुआ सामूहिक पूजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी में गुरुवार को भगवान चित्रगुप्त की पूजा श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाई गई। विशेषकर कायस्थ समाज के लोगों ने अपने घरों में भगवान का विधि-विधान से पूजन कर प्रसाद ग्रहण किया। वहीं शहर के बड़े पूजा पंडालों में समाज के लोग इकट्ठे होकर सामूहिक पूजन कर महाप्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर बिहार क्लब, अशोक नगर, चित्रगुप्त मंदिर, हिनू, चित्रगुप्त मंदिर, धुर्वा सेक्टर दो, कांके रोड समेत अन्य बड़े पूजा पंडालों में सामूहिक पूजन किया गया। इस मौके पर इन पंडालों में संध्या सात बजे महाआरती के दौरान भी समाज के लोगों ने पूरी श्रद्धा के साथ भाग लिया। बिहार क्लब में झारखंड राज्य चित्रगुप्त महापरिवार और रांची जिला चित्रगुप्त महापरिवार के संयुक्त



तत्वावधान में पूजा हुई। पूजा पंडित सुभाष पाठक ने संपन्न कराई। संध्या सात बजे महाआरती के साथ पूजा की समाप्ति हुई। इस मौके पर समाज के लोगों ने सहभोज में भाग लिया। यहां शुक्रवार को दिन के दस बजे हवन होगा। मूर्ति विसर्जन दिन के 12 बजे होगा। पूजा के आयोजन में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप रॉय बाबू के साथ संयोजक डॉ अजीत सहाय, राजीव रंजन प्रसाद, दीपक कुमार लाल, राजन वर्मा, सुनील सहाय समेत कई लोग उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी में चयनित तीस सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों ने लिया भाग

# सभी को डीएसई रांची आकाश कुमार ने प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जिला स्तरीय राष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी में तीस प्रतिभागियों को चयनित कर उन्हें डीएसई ने मेडल देकर सम्मानित किया। जिला स्तरीय चयनित होनेवाले प्रतिभागियों में प्रथम- तहरीन फातिमा उर्सलाइन कॉनवेंट गर्ल्स हाई स्कूल रांची, द्वितीय खुशी प्रधान एसएस डोरंडा गर्ल्स हाई स्कूल डोरंडा,रांची, तृतीय वैभवी गुप्ता गोर्वमेंट हाई स्कूल बरियातू शामिल हैं। तहरीन फातिमा शुक्रवार को आयोजित स्टेट लेबल नेशनल साइंस सेमिनार में रांची ज़िला का प्रतिनिधित्व करेंगी। सेमिनार का संचालन शिक्षिका डॉली जायसवाल ने तथा तकनीकी कार्यक्रम परिचय अशोक प्रसाद सिंह ने किया। स्वागत सम्बोधन एसडीईओ दीप्ति कुमारी ने किया, जबकि मुख्य अतिथि डीएसई रांची आकाश कुमार ने बुनियादी विज्ञान से शोध व अनुसंधान और जन मानस में संज्ञान लाते हुए चुनौतियों पर विजय प्राप्त करते हुए समुचित समाधान के लिए बाल वैज्ञानिकों एवं शिक्षकों का आवाहन किया।

## नेशनल शूटर तारा शाहदेव, पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व मंत्री के मामले पर टिकी हैं सभी की निगाहें

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट में कई ऐसे चर्चित मामले वर्षों से चल रहे हैं, जिन पर सबकी निगाहें हैं। इन्हीं में से एक मामला नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव के प्रताड़ना मामले से जुड़ा है। इसमें सीबीआइ की ओर से करीब 30 गवाहों में से 22 गवाहों की गवाही कोर्ट में करायी जा चुकी है। इस मामले में रंजीत कोहली उर्फ रकीबुल हसन और मुस्ताक अहमद पर तारा शाहदेव की प्रताड़ना, धर्म परिवर्तन, धार्मिक आस्था को चोट पहुंचाने आदि आरोप लगाया गया है। उक्त मामले में रंजीत कोहली 27 अगस्त 2014 को जेल भेजा गया था, फिलहाल वह जमानत पर है। इस मामले में भी सीबीआइ की ओर से साक्ष्य प्रस्तुत किया जा रहा है। इसी के तहत डेली मार्केट थाना के तत्कालीन प्रभारी हरीशचंद सिंह की गवाही दर्ज करायी जा चुकी है।

### कप्तान अष्टम उरांव व सपरिवार को चेक देकर किया गया मान बढ़ाया

# मेरा लक्ष्य झारखंड का ही नहीं पूरे देश का नाम फुटबॉल के क्षेत्र में रोशन करना है : अष्टम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** एमजी रांची ने खेलों में महिलाओं का समर्थन करते हुए भारतीय फुटबॉल के उभरते हुए सितारे अंडर-17 की कप्तान अष्टम उरांव को 1 लाख 10 हजार रु का चेक, टैपटॉप, आई फोन देकर सपरिवार को सम्मानित व पौधा देकर स्वागत किया गया। साथ ही अष्टम उरांव के भाई- बहन को पढ़ाई-लिखाई में सीआरएस फंड के माध्यम से सहयोग करने का भरोसा दिलाया गया। लाइन टैंक रोड स्थित एमजी रांची कार्यालय में अंडर-17 की कप्तान अष्टम उरांव के सम्मान में आयोजित प्रेस वार्ता में डीलर प्रिंसिपल पुलक सिंघानिया ने कहा कि



प्रतिभा के सम्मान में हजारों हाथ उठने चाहिए एवं हजारों लोगों को सामने आने की आज जरूरत है। झारखंड में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं है, लोग अभाव में देश दुनिया के लिए बहुत कुछ कर नहीं पाते हैं लेकिन मैं और मेरा परिवार मेरी प्रेरणा स्रोत में लगातार इसी कोशिश में रहा है कि लोगों को सहयोग करें और आगे बढ़ाएं। मैं समाज से भी गुजारिश करता हूं कि अधिक से अधिक लोग प्रेरित हो और अष्टम उरांव जैसे होनहार खिलाड़ियों को मदद पहुंचाएं। अपने सम्मान से अभिभूत अंडर-17 फुटबॉल की कैप्टन अष्टम उरांव ने कहा कि मेरा लक्ष्य झारखंड का ही नहीं पूरे देश का नाम फुटबॉल के क्षेत्र में रोशन करना है।

### 13वीं इंटरनेशनल सीआईपीसी युथ फोरम, म्युनिक-जर्मनी, फ्लैग ऑफ सेरेमनी सम्पन्न

# मंत्री ने युथ फोरम में जाने वाले टीम को फ्लैग ऑफ करके दी विदाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार के युवा कार्य एवं खेल मंत्री हफीजुल हसन ने गुरुवार को युथ फोरम में जाने वाले टीम को फ्लैग ऑफ करके विदाई दी। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के इंटरनेशनल युथ फोरम में अच्छा प्रदर्शन करने की कामना की। इसके पूर्व साझा झारखंड में फ्लैग ऑफ सेरेमनी का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आईपीसीए के प्रेसिडेंट दिलीप तिर्की ने युथ फोरम के प्रतिभागियों के सफलतम प्रदर्शन की कामना की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद कोलकाता थंडरबोल्ट्स के चेयरमैन पवन कुमार पटोदिया ने सभी का उत्साहवर्धन किया और इस बात की कामना की सभी प्रतिभागी अपने बेहतर प्रदर्शन से भारत का सर गर्व से ऊंचा करेंगे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को थंडरबोल्ट्स का टी शर्ट प्रदान किया। आज के इस सेरेमनी के अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा ने युथ फोरम के



कांसेप्ट पर प्रकाश डाला। फ्लैग ऑफ सेरेमनी के दौरान वाईस प्रेसिडेंट चंचल भट्टाचार्य ने स्वागत भाषण किया और शिवेंद्र दुबे ने मंच का संचालन किया। ज्ञातव्य है कि इसके पूर्व भी भारतीय दल दो बार इंटरनेशनल युथ फोरम में भाग ले चुकी है और अच्छा प्रदर्शन किया है। म्युनिक अमे आयोजित युथ फोरम का आयोजन दिनाँक 1 से 7 नवम्बर तक होगा और भारतीय दल में शामिल प्रतिभागी- स्नेहा सिंह कंडुलना, अंशु प्रिया बाखला, आयशा एंजेला लकड़ा, शलोम नोआह चेन और मैनेजर डेनिस डावसन 31 को म्युनिक के लिए रवाना होंगे।

### मारवाड़ी समाज का दीपावली मिलन समारोह मारवाड़ी भवन में मनाया गया

# कोलकाता डांस ग्रुप द्वारा कांच के टुकड़े व दीपों के साथ नृत्य मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मारवाड़ी सहायक समिति के तत्वधान में संपूर्ण मारवाड़ी समाज का दीपावली मिलन समारोह मारवाड़ी भवन में हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया। दीपावली मिलन समारोह का विधिवत उद्घाटन मारवाड़ी समाज के सभी संस्थाओं के अध्यक्ष व मंत्री द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर संस्थाओं के अध्यक्षों ने दीपावली की सभी को बधाई देते हुए कहा कि अंधकार पर प्रकाश की विजय का यह पर्व समाज में उल्लास भाईचारे एवं प्रेम का संदेश फैलाता है अज्ञान पर ज्ञान असत्य पर सत्य, बुराई पर अच्छाई का उत्सव है। जो की धार्मिक सांस्कृतिक एवं सामाजिक विशिष्टता रखता है। सभी को सुख, शांति, धन, वैभव समृद्धि में वृद्धि हो। इस अवसर पर सबों ने बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया एवं बच्चों को आशीष दिया गया। इस अवसर पर डांस ग्रुप कोलकाता द्वारा रंगारंग




राजस्थानी मनमोहक नृत्य राजस्थानी गीत एवं नाटिका से उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया जलते दीपकों के साथ तलवारों के साथ एवं कांच के टुकड़ों पर किए गए नृत्य लोगों का मुख्यआकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में बच्चों के लिए हौजी गेम, कौन बनेगा करोड़पति तथा अन्य मनोरंजक खेल का आयोजन किया गया। तथा सभी को पुरस्कृत किया भी गया। दीपावली मिलन समारोह स्वादिष्ट एवं लजीज अल्पाहार की भी व्यवस्था की गई थी। जिसका लोगों ने खूब लुफ्त उठाया। समारोह में दो हजार से भी अधिक लोगों ने भाग लिया। तथा समारोह में सम्मिलित मारवाड़ी समाज की सहयोगी संस्थाओं में अग्रवाल सभा, रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन, मारवाड़ी युवा मंच, मारवाड़ी ब्राह्मण सभा, महेश्वरी सभा, दिगंबर जैन पंचायत, मारवाड़ी युवा मंच महिला समर्पण शाखा, राजस्थानी प्रोफेशनल एसोसिएशन, खंडेलवाल वैश्य संघ, हरियाणा संघ आदि शामिल थे। दीपावली मिलन समारोह का संचालन कौशल राजगढ़िया राजेश कौशिक एवं अशोक लाठ ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक सज्जन पाड़िया ने की। कार्यक्रम का समापन भव्य एवं आकर्षक आतिशबाजी से हुआ।

### सेवा केन्द्र में भैयादूज व चित्रगुप्त पूजा का उत्सव धूमधाम से मनाया गया

# योगी आत्माओं को काल का भय नहीं रहता : आदित्य साहू

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केन्द्र चैधरी बगान हरमू रोड में भैयादूज एवं चित्रगुप्त पूजा का उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित आदित्य साहू, राज्य सभा सांसद ने अपने उद्गार अभिव्यक्त करते हुए कहा कि यमुना काल के देवता यमराज की लाडली बहन है। यमुना योगी आत्मा की प्रतीक है। योगी आत्माओं की वृत्तियां बहुत सात्विक होती है और साक्षातकाल भी उनकी वृत्तियों के सत्कार से उनका अपना भाई बन जाता है। ऐसी आत्माएं स्वेच्छा से शरीर छोड़ती है उन्हें काल का भय नहीं रहता है। ऐसी योगी आत्मा के संपर्क में भी जो आत्माएं आती हैं उन्हें ज्ञान और योग का मंगल टीका मस्तक पर लगाकर वे उन्हें भी सर्व बाधाओं से मुक्त कर देती है। सिद्धार्थ मजूमदार पूर्व अध्यक्ष लायंस




क्लब ने कहा माया रूपी शेर विकराल पर्वत व नदियों की वेगवती धारा की समान समस्याएँ भी उन्हें नहीं रोक पाती है। वे अपने ज्ञान-योग की शक्ति से नयी सृष्टि में अमर पद की प्राप्ति करते हैं। वे जीवन में सफलता प्राप्त करते हैं तथा पीछले पाप कर्मों को जलाकर यमलोक के दंडों से बच जाते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित के0के0 गुप्ता, जिला अध्यक्ष भाजपा रॉची ने कहा संसार परिवर्तनशील है। मनुष्य को किये हुए अपने कर्मों का फल अच्छा या बुरा मिश्रित-इस जन्म में या अन्य किसी जन्म में भोगना ही पड़ता है। इसलिए अपने कर्मों को निरंतर मर्यादित करते रहना चाहिए। प्रकाश बजाज समाजसेवी ने कहा आज की विकट परिस्थिति में जब विश्व भ्रातृत्व की भावना समाप्त होती जा रही है। आत्मा-आत्मा भाई-भाई या भाई बहन की दृष्टि को फिर से उजागर करना समय की मांग है। पवित्र सृष्टि की पुनः स्थापना का दिव्य कर्तब्य ईश्वरीय बहनों के द्वारा चल रहा है। हमारा भी पुनीत कर्तब्य है कि दुष्कर्म या विकर्म के कांटों और

> आज की विकट परिस्थिति में जब विश्व भ्रातृत्व की भावना समाप्त होती जा रही है। आत्मा-आत्मा भाई-भाई या भाई बहन की दृष्टि को फिर से उजागर करना समय की मांग है।

कंकरों को स्वतः छोड़कर हम परमात्मा से ज्ञान रत्न और पवित्रता की सौगात ले लें। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी संस्थान की संचालिका राजयोगिनी ब्रह्मकुमारी निर्मला बहन ने समागम में उपस्थित सभी आगन्तुकों को भाई-दूज का टीका लगाया और योग युक्त दृष्टि से सभी को ईश्वरीय वरदानों से आपूरित कर मुख मीठा कराया। भाई-दूज के आध्यात्मिक रहस्यों को बताते हुए उन्होंने कहा वास्तव में मस्तक या दोनो भौहों के बीच भृकुटि का मध्य स्थल मनुष्य शरीर का वह स्थान है जहॉ आत्मा निवास करती है।

## संगठन के अंदर प्रखंड की भूमिका इमारत के नींव की तरह : आदित्य विक्रम जायसवाल

**रांची ।** गुरुवार को हिंदपीढ़ी प्रखंड कांग्रेस कमिटी की बैठक नवनियुक्त हिंदपीढ़ी प्रखंड अध्यक्ष सरताब आलम की अध्यक्षता मे हिंदपीढ़ी कुर्बान चौक रांची में हुई। बैठक मे मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि (हिंदपीढ़ी प्रखंड प्रभारी) सह प्रोफेशनल्स कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य विक्रम जायसवाल उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए आदित्य विक्रम जायसवाल ने कहा कि संगठन के अंदर प्रखंड की भूमिका इमारत के नींव की तरह होती है, जिनके नीचे मंडल , मोहल्ले और बूथ होते हैं और जिनके ऊपर जिला और प्रदेश की इमारत होती है। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने शपथ ग्रहण किया है एवं आज आपके सहयोगी के रूप में आपके बीच उपस्थित हूँ आप सभी को नींव के पत्थर की भूमिका के रूप में कार्य करना होगा क्योंकि नींव जितनी मजबूत होगी।

### संजय साहू की अध्यक्षता में राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की बैठक संपन्न

# लोकहित अधिकार पार्टी का झारखंड प्रदेश अध्यक्ष घोषित होंगे सुनील साहू

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गुरुवार को जिला अध्यक्ष संजय साहु की अध्यता में भाभाशाह नगर कांके में संपन्ना हुई। इस मौके पर उपस्थित महासंगठन के सभी पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से सुनील साहू को लोकहित अधिकार पार्टी का झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनने के लिए सहमति प्रदान की है। ज्ञात हो कि 6 नवम्बर को लोकहित अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन लाल गुप्ता का झारखंड की राजधानी रांची आगमन होने जा रहा है। इस मौके पर महासंगठन के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू के साथ सभी जिला से सैकड़ों की संख्या में लोग लोकहित अधिकार पार्टी का सदस्यता ग्रहण करेंगे। तदोपरान्त पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष



रोशन लाल गुप्ता के द्वारा महासंगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू को पार्टी का झारखंड प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया जाएगा। बैठक को सम्बोधित करते हुए महासंगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी एससी, एसटी, ओबीसी और धार्मिक अल्पसंख्यक को सामाजिक न्याय नहीं मिला। शासक वर्ग के मुट्ठी भर लोग किसी विचारधारा के अनुयायी नहीं होते हैं परन्तु हमारे लोगों के अधिकार को विचारधारा के नाम पर बेरहमी से लूट लिया जाता है। लोकहित अधिकार पार्टी के माध्यम से शोषित उपेक्षित समाज में राजनीतिक चेतना जगाकर भागीदारी सुनिश्चित करना ही हमारी पहली प्राथमिकता होगी। बैठक को महासंगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव साहू, जिला परिषद सदस्य किरण साहू, हजारी प्रसाद मोदी, कुंज बिहारी साहू, पंकज कश्यप, हिरालाल साहू, रेणु देवी, दशरथ साहू, पंकज साहू ने भी सम्बोधित किया।

## न्यूज गैलरी

### बानो में हसन कम्प्यूटर प्रशिक्षण सेंटर का हुआ उद्घाटन



**बानो।** गुरुवार को प्रखंड कार्यालय के समीप हसन कम्प्यूटर प्रशिक्षण सेंटर का उद्घाटन किया गया। प्रशिक्षण सेंटर का उद्घाटन बानो मुखिया विश्वनाथ बड़ाईक व शिक्षक स्मिथ कुमार सोनी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया । मौके पर बानो मुखिया विश्वनाथ बड़ाईक ने कहा आज का समय कम्प्यूटर का समय है। आज सभी कार्य ऑनलाइन हो रही हैं। ऐसे में हर व्यक्ति को कम्प्यूटर की जानकारी जरूरी है। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक स्मिथ कुमार सोनी ने कहा आज के तकनीकी शिक्षा के साथ हर बच्चे को कम्प्यूटर शिक्षा अति आवश्यक है। एक प्रशिक्षित व्यक्ति ही सही रूप से हर छेत्र में कार्य कर सकता है।कम्प्यूटर प्रशिक्षित युवक को कही भी रोजगार मिल सकती है। मौके पर हसन कम्प्यूटर सेंटर के संचालक जहांगीर अंसारी ने प्रशिक्षण सेंटर में विद्यार्थियों को दी जानी सुविधाओ के बारे में जानकारी दिया। मौके पर एलिस शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान के सचिव बिमल कुमार, नवीन कुमार, अनवर अंसारी कलीम अंसारी आदि लोग उपस्थित थे।

### चतरा में अफीम खेती के विरुद्ध चलाया गया जागरूकता अभियान

**चतरा ।** चतरा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार एवं सदर थाना प्रभारी मनोहर करमाली के नेतृत्व में सदर थाना पुलिस टीम ने सदर थाना क्षेत्र के देवरिया पंचायत के खाचा डाबर गांव में अफीम व पोस्ता की खेती को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। ग्रामीणों को अफीम की खेती का दुष्परिणाम तथा कानूनी जानकारी दी गई ' मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को समझाया गया कि अफीम व पोस्ता की खेती ना करें। इससे काफी नुकसान होता है। कानून में इसकी कड़ी सजा का प्रावधान है। ग्रामीणों ने पुलिस पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि वे लोग अफीम की खेती नहीं करेंगे ' इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने स्कूली बच्चों के बीच बिस्किट व चॉकलेट इत्यादि का भी वितरण किया। पुलिस पदाधिकारियों ने स्कूली बच्चों को पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। बच्चे पुलिस पदाधिकारियों को अपने गांव में देखकर काफी खुश हुए। इस मौके पर पंचायत के जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

### अलग-अलग मामलों में तीन गिरफ्तार

**देवघर ।** देवघर में गुरुवार को पुलिस ने कुंडा थाना अंतर्गत छापेमारी के दौरान दो लोगों वाहिद मियां और समीर राउत को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा दिया । वहीं सारवां थाना में गैर जमानतीय वारंटी भोला टुडू, पिता - रामसुंदर टुडू ,ग्राम-कोलहड़िया, थाना- सारवां को गिरफ्तार

### मुखिया प्रतिनिधि ने करायी सड़क की सफाई व मरम्मती कार्य

**डंडई।** छठ घाट की साफ-सफाई के बाद मुखिया प्रतिनिधि महेश्वर राम सड़कों की सफाई कार्य में जुट गए हैं । गुरुवार को जेसीबी के माध्यम उनके द्वारा डंडाई गांव की दो प्रमुख सड़कों का सफाई कार्य कराया गया । इस बीच डंडाई लवाही की मुख्य सड़क और अंबेडकर चौक होते पुरानी बाजार की सड़क का साफ सफाई कराने का काम उनके द्वारा किया गया। उक्त दोनों सड़क होते छठव्रती अपने-अपने छठ घाट पर प्रत्येक वर्ष जाते हैं । बताते चलें कि डंडई लवाही की मुख्य सड़क वह सड़क है जिसके लिए पिछले वर्ष छठ महापर्व में ग्रामीणों को चंदा इकट्ठा कर मरम्मती कार्य कराना पड़ा था । बावजूद ठीक-ठाक ढंग से उक्त सड़क की मरम्मती नहीं हो सकी थी। ग्रामीण दमन सोनी, अनिल प्रसाद, आशीष कुमार, दिलीप ठाकुर, लाला प्रजापति, इमामुद्दीन अंसारी, गोपाल यादव, नंदू यादव ने बताया कि सड़क की मरम्मती हो जाने से जहां छठ व्रतियों को घाट तक आन जान करने में काफी सहूलियत होगी। वही हम सभी का प्रतिष्ठान भी अब ठीक-ठाक से चलने लगेगा।

### भाई के लंबी उम्र के लिए बहनों ने हर्षोल्लास के साथ मनायी गोवर्धन पूजा

**श्री बंशीधर नगर।** अनुमण्डल मुख्यालय सहित आस पास के क्षेत्रों में भाई के लंबी उम्र के लिए बहनों ने हर्षोल्लास के साथ गुरुवार को गोधन पूजा किया। इस त्योहार में जितना उत्साह बहनों में दिखा उतने ही भाई भी उत्साहित दिखे। भाईयो ने अपनी बहनों को स्नेह स्वरूप उपहार दिए। बहनों ने अपने अपने घरों में परंपरागत रूप से गायों की पूजा की तथा पूरी आस्था के साथ यम व यमिनी के आकृति बनाकर गोधन कूटा गया। पूजा के दौरान बहनों ने सर्वप्रथम हलजुवात से चना, नारियल व रंगीली कांटा को कुटा, तत्पश्चात बहनों ने चना, गड़ी का प्रसाद भाइयों को खिलाया, और भाई के लंबी आयु के लिए रंगीली का कांटा अपने जीभ में चुभाया। बहनों ने भाई दूज का पर्व मना कर पूजा के दौरान रुई से बनाई हुई माला को भाइयों के हाथों व गला में पहनाया. इस दौरान पर्व से जुड़े पारंपरिक गीत भी गाई। गोवर्धन पूजा के बारे में मान्यता है कि देवराज इंद्र का घमंड तोड़ने के लिए श्री कृष्ण ने इंद्र की पूजा करने की जगह गोवर्धन पर्वत की पूजा की थी.टोले मुहल्ले की महिलाएं एक जगह एकत्रित होकर इस पर्व को मनाती हैं ।किया गया है ।पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### श्री कृष्ण चेतना समिति के तत्वावधान में गोवर्धन पूजा का आयोजन

**चतरा।** जिला मुख्यालय स्थित नगवां में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री कृष्ण चेतना समिति नगवां के तत्वाधान में धूमधाम से गोवर्धन पूजा का आयोजन बुधवार को किया गया। इस दौरान समिति के सदस्यों व स्थानीय लोगों ने गोवर्धन महाराज की विशाल प्रतिमा स्थापित कर पूरे विधि विधान से पूजा की गई। पूजा कार्यक्रम आचार्य विजय पांडेय के द्वारा संपन कराया गया। ज्ञात हो कि श्री कृष्ण चेतना समिति के तत्वाधान में गोवर्धन पूजा का आयोजन नगवां में 1990 से किया जा रहा है। आयोजन में समति को स्थानिय लोगों द्वारा भी सहयोग किया जता है। इस आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष गोविन्द गोप, उपाध्यक्ष कौलेश्वर प्रसाद यादव, सचिव काली चरण यादव, कोषाध्यक्ष महेंद्र यादव, सह कोषाध्यक्ष शैलेश यादव, संरक्षक वार्ड पार्षद कृष्णा यादव, अजित यादव, इंदर यादव, अर्पण कुमार, निर्मल दांगी, रामाधीन दांगी, गोविंद कुमार यादव, अविनास कुमार आदि का योगदान रहा।

## लोक आस्था का महापर्व छठ की तैयारियां पूर्ण, छठ घाटों पर तेजी से हो रहा सफाई कार्य

# नहाय-खाय के साथ महापर्व छठ पूजा आज से शुरू

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** भगवान सूर्य की उपासना व प्रकृति को समर्पित छठ पर्व शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरू होगा। व्रती सुबह सवेरे अपने घरों की साफ सफाई करेंगे। स्नान इत्यादि के पश्चात पूजन करेंगे और उसके बाद भोजन ग्रहण करेंगे। व्रती के भोजन ग्रहण करने के बाद ही परिवार के अन्य सदस्य भोजन करेंगे। चार दिनों तक चलने वाले छठ पर्व को लेकर तैयारियां की जा रही है। शंख नदी स्थित छठ घाट,छठ तालाब एवं अन्य जलाशयों की साफ सफाई का काम लगभग पूरा हो चुका है। वहां जगह जगह पूजन के लिए श्रद्धालुओं के द्वारा घाट बनाए जा रहे है। छठ पर्व को लेकर जिलेभर में जलाशयों पर पूजा पाठ का कार्यक्रम होगा। यह व्रत संतान की लंबी उम्र, उज्ज्वल भविष्य और सुखमय जीवन की कामना के लिए रखा जाता है। इस व्रत को महिलाओं सहित पुरूषों के द्वारा भी रखा जाता है। इस व्रत को अत्यंत कठिन माना गया है क्योंकि यह व्रत चौबीस घंटों से अधिक समय तक निर्जला रखा जाता है।

### शंख नदी स्थित छठ घाट पहुंचकर एसपी ने विधि-व्यवस्था की ली जानकारी



सिमडेगा एसपी सौरभ कुमार ने शंख नदी स्थित छठ घाट पहुंचकर का निरीक्षण किया। इिस दौरान उन्होंने कई जानकारी प्राप्त की। मौके पर छठ घाट में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए एसपी ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नदी के संगम तट में सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी व्यवस्था करने का निर्देश एसपी महोदय ने दिया। इसके अलावा पार्किंग व्यवस्था, लाइट की व्यवस्था के लिए भी दिशा निर्देश दिए गए। एसपी ने कहा कि छठ घाट में पर्याप्त मात्रा में पुलिस बलों की भी तैनाती की जाएगी ताकि विधि व्यवस्था को ले किसी प्रकार की परेशानी ना हो। इसके अलावा ट्रैफिक व्यवस्था को ले भी आवश्यक निर्देश दिया गया। मौके पर मेजर खुशीराम महतो, थाना प्रभारी दयानंद कुमार सहित शंख छठ पूजा सेवा संस्थान के कई सदस्य उपस्थित थे।

**व्रतियों के बीच नारियल और कलसूप का किया वितरण :** लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर महावीर चौक में स्थानीय युवाओं के सौजन्य से मात्र ?1 में छठ व्रतियों के लिए कलसुप, नारियल का वितरण किया गया। वितरण के दौरान छठ व्रती एवं श्रद्धालु कतार में लगकर कलसूप और फल को बहुत ही श्रद्धा भाव से लेकर आगे बढ़ते जा रहे थे।मौके पर युवाओं ने कहा कि व्रतियों की सेवा करने से परम सुख की प्राप्ति होती है। सच्चे मन से छठी मैया व भगवान भास्कर की पूजा-उपासना करने वालों की हर मुरादें पूरी होती है।बताते चलें कि लोक आस्था का महापर्व छठ हर साल कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष के षष्ठी के दिन मनाया जाता है।इसकी शुरूआत चतुर्थी तिथि से ही हो जाती है और सप्तमी तिथि के सुबह तक चलती है। इस बार छठ पूजा 28 अक्टूबर 2022, शुक्रवार से शुरू होकर 31 अक्टूबर 2022, सोमवार को समाप्त होगी।छठ व्रत, सुहाग, संतान, सुख-सौभाग्य और सुखमय जीवन की कामना के लिए किया जाता है।इस पर्व में तैयार की जाने वाली हर चीजों में शुद्धता का खास ख्याल रखा जाता है। दिवाली के बाद से ही छठ पूजा की तैयारियां शुरू हो जाती है।

### उपायुक्त ने किया बेकारबांध, झरिया व कतरास के छठ घाटों का निरीक्षण

**धनबाद ।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारियों को लेकर गुरुवार को उपायुक्त संदीप सिंह सहित जिले के वरीय पदाधिकारियों ने बेकारबांध के राजेन्द्र सरोवर, झरिया के राजा तालाब व कतरास नदी किनारे छठ घाटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने छठ घाट की सुरक्षा, साफ सफाई, बचाव साधन के साथ बचाव दल, एनडीआरएफ टीम, लाइफ जैकेट, प्रवेश एवं निकासी द्वार पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था, मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध कराने सहित अन्य निर्देश दिए। साथ ही जिले के सभी अन्य छठ घाटों पर छठ व्रतधारियों की सहूलियत का ध्यान रखते हुए सभी आवश्यक सुविधाएं समय पर पूरा कर लेने का भी निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त के साथ नगर आयुक्त श्री सत्येंद्र कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी श्री प्रेम कुमार तिवारी व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सिमडेगा में प्रिंस चौक में भव्य तरीके से सम्पन्न हुई भगवान चित्रगुप्त की पूजा

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** प्रिंस चौक स्थित दुर्गा पूजा पंडाल में गुरुवार को भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा स्थापित कर श्रद्धा पूर्वक पूजा की गयी। इस दौरान आचार्य की भूमिका पंडित श्यामसुंदर मिश्र ने निभायी पूजा व आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। अखिल भारतीय चित्रगुप्त महापरिवार सिमडेगा की ओर से आयोजित इस पूजा कार्यक्रम में संरक्षक श्यामनारायण प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष ओपी शरण, अमरेन्द्र किशोर, विजय बख्शी, सचिव संतोष कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष सुनील सहाय, रवि बख्शी, अनुज बख्शी, मनोज कुमार मनु आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

**कर्मों का लेखा-जोखा करते हैं चित्रगुप्त:** हिन्दू धर्म में भगवान चित्रगुप्त का विशेष महत्व है। पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान चित्रगुप्त को ब्रह्मा का संतान माना गया है। ब्रह्माजी ने अपने काया अर्थात शरीर से चित्रगुप्त का निर्माण किया था। यही कारण है कि भगवान चित्रगुप्त को कायस्थ भी कहा जाता है। हिन्दू धर्मावलंबी पुर्नजन्म में विश्वास रखते हैं, वहीं उनकी मान्यता यह भी है कि इंसान अपने भले-बुरे कर्मो के आधार पर ही स्वर्ग अथवा नरक की प्राप्ति करता है या फिर पुनः मृत्युलोक में जन्म लेता है। लोगों का मानना है कि मनुष्य जीवन के गतिविधियों पर भगवान चित्रगुप्त नजर रखते हैं और अंत में मृत्यु के पश्चात वे जन्म से लेकर मृत्यु तक के मनुष्यों के कर्मो के आधार पर उसे पुरस्कार या दंड दिलाते हैं।

## दो साल बाद भी बीडीओ ने नही दी आरटीआई से मांगी गई जानकारी, आवदेक ने कहा

# गलत तरीके से हो रहा पीएम आवास निर्माण, साक्ष्य छुपा रही प्रशासन

नवीन मेल संवाददाता

**जलडेगा।** प्रखंड के कोनमेरला पंचायत निवासी मनोज नाग के द्वारा आरटीआई का इस्तेमाल कर पीएम आवास से संबंधित सूचना की मांग प्रखंड विकास पदाधिकारी सह जन सूचना पदाधिकारी को मांगी गई थी लेकिन पूरे 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी आवेदक को कोई जवाब नही मिला।



### क्या है मामला जानिए

कोनमेरला पंचायत के टोंगरीटोली निवासी मनोज नाग के द्वारा कोनमेरला पंचायत में चल रहे पीएम आवास निर्माण कार्य, लाभुकों की सूची, सेक डाटा सहित सात मुख्य बिंदुओं पर सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 (1) का प्रयोग कर दिनांक 03.06.2020 को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह जन सूचना पदाधिकारी, जलडेगा को लिखित रूप से सुचना उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया था। जिसके बाद पत्राचार के मध्यम से दिनांक 18.07.2020 को प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा अपीलकर्ता मनोज नाग को सुचना उपलब्ध कराने हेतु 1000 रुपए व्यय राशि जमा करने को कहा गया। चिट्ठी मिलने पर 6 दिन में ही अपीलकर्ता मनोज नाग के द्वारा जलडेगा प्रखंड कार्यालय में 1000 रुपए का नजीर रसीद कटा कर शुल्क जमा कर दिया गया।

### आवेदक ने प्रथम अपीलीय पदाधिकारी से सूचना उपलब्ध कराने का किया आग्रह

इधर 1000 रुपए व्यय राशि जमा करने के 19 दिन बीत जाने के बाद भी प्रखंड विकास पदाधिकारी सह जन सूचना पदाधिकारी जलडेगा द्वारा अपीलकर्ता को सुचना उपलब्ध नहीं कराया गया। जिसके बाद अपीलकर्ता ने दिनांक 13 .08 .2020 को प्रथम अपीलीय पदाधिकारी सह उपायुक्त सिमडेगा को पत्रकार कर सूचना उपलब्ध कराने का आग्रह किया। जिसके बाद दिनांक 18 .08 .2020 को जिला जन सूचना कोषांग से चिट्ठी निर्गत कर अनुमंडल पदाधिकारी को मनोज नाग द्वारा मांगी गई सूचनाओं को नियमानुसार निर्धारित समय सीमा के अंदर आवेदक को अंतरित करने को कहा गया। 32 दिन बीत जाने के बाद भी आवेदक को किसी प्रकार का कोई जवाब नही मिला, जिसके बाद आवेदक ने 21.09 .2020 को पुनः मुख्य सूचना आयुक्त, झारखंड सूचना आयोग रांची को पत्रचार कर पूरे विषय की जानकारी देते हुए सुचना उपलब्ध कराने का आग्रह किया। लेकिन आज पूरे 767 दिन यानी पूरे 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी आवेदक को सुचना नही दी गई।

# कोलेबिरा लूटपाट की घटना के पीड़ितों से मिलने पहुंचे एसपी, ली विस्तृत जानकारी

नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा सप्ताहिक हाट बाजार में विगत कुछ दिन पूर्व हुए लूटपाट की घटना के बाद गुरुवार को एसपी सौरभ कुमार सभी पीड़ितों से मिलने कोलेबिरा पहुंचे। इसके साथ ही उन्होंने घटनास्थल का भी निरीक्षण किया एवं सभी से घटना के सम्बंध में विस्तृत जानकारी ली। बताते चलें कि पुलिस प्रशासन लगातार घटना के उद्भेदन करने में लगी हुई है। इसी क्रम में गुरुवार को सिमडेगा पुलिस अधीक्षक कोलेबिरा पहुंच सप्ताहिक हाट बाजार में घटनास्थल पर जाकर निरीक्षण किया और जितने व्यवसाई के साथ घटना हुई थी उनसे मिलकर घटना की विस्तृत जानकारी ली। सर्वप्रथम एसपी ने भाजपा नेता सह लाह व्यवसायी रणधीर कुमार से



मुलाकात की। जहां पर रणधीर कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि घटनास्थल पर लूटपाट करने लुटेरे दो मोटरसाइकिल से आए थे। जिसमें एक बाइक पर तीन व्यक्ति एवं दूसरे बाइक पर दो व्यक्ति सवार थे। लुटेरे जैसे ही उनके दुकान के समीप पहुंचे एवं मोटरसाइकिल से उतरे और उनके हाथ में रिवाल्वर देखकर रणधीर कुमार डर से भागने लगे। इसी क्रम में रणधीर कुमार का पीछा करते हुए एक लुटेरे ने दौड़ाया जिससे उनकी हाथापाई भी हुई, जिसके बाद लुटेरे ने रिवाल्वर निकालकर रणधीर कुमार के पीठ पर फायरिंग करने की कोशिश किया परंतु मिस फायर हो गया। रणधीर कुमार ने रिवाल्वर के मिस फायर से हुए दाग को भी पुलिस अधीक्षक को दिखाया। साथ ही बाकी के जो भी इस घटना से संबंधित पीड़ित है। सभी से मिलकर पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने घटना से जुड़े सभी मुद्दों पर बात किया एवं जानकारी लिया। मौके पर एसडीपीओ डेविड डोड्राय, कोलेबिरा थाना प्रभारी रामेश्वर भगत उपस्थित थे।

## सब्जी पिकअप वैन पर हो रहा था गौ तस्करी, ग्रामीणों ने पकड़ा

नवीन मेल संवाददाता

**जामताड़ा ।** जामताड़ा करमाटांड़ मार्ग पर बेलडंगाल गांव के दुलदुली मोड़ के पास ग्रामीणों ने मवेशी लगे एक पिकअप वैन को पकड़ा और उसे पुलिस के हवाले किया है। साथ ही दोषी लोगों पर कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गाड़ी के चालक को गिरफ्तार कर लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि लोगों को झांसा देने के लिए मवेशी लगे पिकअप वैन के ऊपर सब्जी का कैरेट रख दिया गया था जिससे कि लोगों को पता ना चल सके की अंदर में क्या है। जानकारी के अनुसार आसनसोल से मधुपुर के जगदीशपुर सब्जी पहुंचा कर लौट रहे पिकअप वैन में गौ तस्करी का कार्य किया जा रहा था । जब बेलडंगाल गांव के ब्रेकर पार करने के दौरान पिकअप वैन से 1 कैरेट नीचे गिर गया जिससे एक मवेशी का चेहरा बाहर दिखने लगा। जब स्थानीय कुछ लोगों की नजर उस पर पड़ी तो वह लोग गाड़ी का पीछा करने लगे। इसी दौरान गाड़ी बेलडंगाल गांव के दुलदुली मोड़ पर पहुंच गई । तब तक लोगों ने उस गाड़ी को रोक लिया और गाड़ी की जांच की तो पता चला कि उसमें बेरहमी से मवेशी को लोड कर ले जाया जा रहा है। उसके बाद लोग उग्र हो गए और गाड़ी को घेर कर इस बात की सूचना पुलिस को दी। आरोप है कि पुलिस को सूचना देने के बाद ही पुलिस देर से पहुंची जिससे लोग उग्र हो गए और हंगामा करने लगे। लगभग 2 घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो ग्रामीणों ने पुलिस को घेर लिया और जमकर हंगामा करने लगे लोगों का आरोप था कि पुलिस की मिलीभगत से इस तरह का कारोबार हो रहा है।

### भूमि विवाद में दो युवतियों को पीटकर किया घायल

**गढ़वा।** रंका थाना क्षेत्र के असेया गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना में दशरथ भुइयां की भगिनी गीता कुमारी व संतोषी देवी घायल हो गई। इनमें गीता कुमारी का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार गीता कुमारी अपने ननिहाल में ही रहती है। उसके मामा दशरथ भुइयां व पड़ोसी मुनारिक भुइयां के बीच भूमि विवाद चल रहा है। बताया गया कि मुनारिक भुइयां व उसके परिवार वालों ने मिलकर दशरथ भुइयां का घोरान कबाड़ दिया था। इसे लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। इसमें मुनारिक भुइयां, चंद्रावती देवी, सुनीता देवी, अनिल भुइयां व सुनील भुइयां आदि ने मिलकर गीता कुमारी व संतोषी देवी को मारपीट कर घायल कर दिया।

## एकल अभियान के अभ्युदय यूथ क्लब द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

# समाज के अभिवंचित वर्ग के लोगों की प्रतिभा को तराशने का काम कर रहा है एकल अभियान : डॉ. टी साहू

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** एकल अभियान लोहरदगा अंचल के तत्वावधान में अभ्युदय यूथ क्लब द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बालक बालिकाओं के बीच 50 से 600 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। जिसमे 600 मीटर बालिका वर्ग में असिता कुमारी, संजू कुमारी, पूजा कुमारी, बालक वर्ग में कृष्णा लोहरा, शिवकुमार उरांव, रोहित उरांव क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय रहे। 400 मी बालिका वर्ग में तनीषा कुमारी, संगीता कुमारी, निशा कुमारी, बालक वर्ग में श्रीराम महतो, कार्तिक कुमार, अमित भगत, 200 मी



बालिका वर्ग में दुर्गावती कुमारी, पूजा कुमारी, तेतरी कुमारी, अनु उरांव, बालक वर्ग में सोनू उरांव, कडुवा उरांव, सूरज उरांव, 100 मी बालिका वर्ग में अनुष्का कुमारी, अशिता कुमारी, निशा कुमारी, बालक वर्ग में अरविंद उरांव, कार्तिक उरांव, शान्तिमल उरांव, 50 मी बालिका वर्ग में सोनाली उरांव, आकांक्षा मिंज, निराली उरांव, बालक वर्ग में विवेक लोहरा, प्रिंस उरांव, धरिया देव उरांव क्रमश प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। ऊंची कूद बाल वर्ग में आरती कुमारी, संगीता कुमारी, तेतरी कुमारी, किशोर वर्ग में तनीषा कुमारी, संजू कुमारी, कृति उरांव क्रमश प्रथम द्वितीय व तृतीय रहे। लंबी कूद में आशीष उरांव, रितेश गोप, अंश राज क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर्मी रिटायर्ड सह समाजसेवी डॉ टी साहू ने कहा कि एकल विद्यालय अभियान समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के लिए आयोजित यह आयोजन मिल का पत्थर साबित हो रहा है। विशेषकर जनजातीय समाज के बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने का काम एकल अभियान कर रहा है। इस प्रांतीय खेल प्रतियोगिता के माध्यम से एकल विद्यालय जंगल पहाड़ों में रहने वाले समाज की अभिवंचित वर्ग के लोगों की प्रतिभा को तराशने का काम कर रहा है।

## दिवंगत सहायक पुलिस के श्राद्धकर्म में शामिल हुए विधायक भूषण बाड़ा

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा केरसई प्रखण्ड के गट्टीकछार पहुंच दिवंगत सहायक पुलिस स्व किशोर नायक के श्राद्धकर्म कार्यक्रम में शामिल हुए। साथ ही दिवंगत सहायक पुलिस के चित्र में पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। साथ ही दिवंगत के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। वहीं उन्होंने सरकार से दिवंगत के एक परिजन को सरकारी नौकरी देने के लिए पहल करने की मांग की। साथ ही हर सम्भव मदद करने का भी आश्वासन दिया। मौके केरसई जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने भी पुष्प अर्पित कर दिवंगत सहायक पुलिस के आत्मा की शांति की कामना की। साथ ही परिजनों को ढांढस बंधाते हुए इस दुःख की घड़ी में परिजनों को दुख सहने की शक्ति देने की ईश्वर से प्रार्थना की। मौके



पर कांग्रेस के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष डेविड तिर्की, विधायक प्रतिनिधि निरोज बाड़ा, मनोज प्रसाद, मुंश खेस, शंभु प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, अनिल केरकेट्टा, महेश प्रधान आदि ने भी दिवंगत सहायक पुलिस के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

## न्यूज गैलरी

### प्रवासी मजदूर की मौत, परिजनों को पूर्व विधायक ने दी सांत्वना

**बरकट्ठा।** प्रखंड के बरकट्ठाडीह निवासी मनोज ठाकुर, पिता कारू ठाकुर की मौत छत्तीसगढ़ में हो गई। मृतक का शव गुरुवार को उनके पैतृक निवास स्थान लाया गया। शव पहुंचते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। वही घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक के परिवारों को सांत्वना दी और कहा कि कंपनी के अधिकारियों से बात कर मुआवजा की मांग करूंगा। परिजनों का आरोप है कि छत्तीसगढ़ के एक निजी कंपनी में मनोज ठाकुर कार्य करता था जहां किसी ने उसे मौत का घाट सुला दिया।वही कंपनी के अधिकारी का कहना है कि मनोज की मौत सड़क दुर्घटना से हुई है। मृतक अपने पीछे तीन बच्चे समेत पत्नी को छोड़कर चले बसे। वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### युवती ने आत्महत्या की कोशिश की

**कोडरमा।** जिले में जहर खाने का मामला प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। कोई घरेलू विवाद से कोई प्रेम-प्रसंग का मामला को लेकर जहर खाकर आत्महत्या करने की कोशिश करते रहते हैं। ताजा मामला डोमचांच थाना अंतर्गत है, एक युवती ने जहर खाकर आत्महत्या का कोशिश की। नेघा कुमारी ने घरेलू विवाद के बाद बाजार से जहर लाकर खा लिया। अचानक तबीयत बिगड़ने लगी जिसके बाद ग्रामीणों की मदद से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है।

### संदीप ने नये एसडीओ के रूप में प्रभार लिया

**कोडरमा।** जिले में नवपदस्थापित अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) संदीप कुमार मीणा ने गुरुवार को पदभार ग्रहण कर लिया। इन्होंने निवर्तमान एसडीएम मनीष कुमार से पदभार लिया। इस मौके पर नवपदस्थापित एसडीएम श्री मीणा ने कहा कि विधि व्यवस्था को बनाए रखना प्राथमिकता होगी। साथ ही कोर्ट के मामले का निस्पादन करना प्राथमिकता रहेगा। एसडीएम श्री मीणा 2019 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। इसके पूर्व एसडीएम श्री मीणा धालभूम (सदर जमशेदपुर) में अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित थे।

### जनसंवाद गोष्ठी का आयोजन

**डोमचांच।** पुलिस संस्करण दिवस 2022 के अवसर पर जनसंवाद गोष्ठी का आयोजन गुरुवार को डोमचांच थाना परिसर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोडरमा पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, एसडीपीओ अशोक कुमार, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, बीस सूत्री उपाध्यक्ष लीलावती मेहता, जिप सदस्य शांतिप्रिया, डोमचांच प्रमुख सत्यनारायण यादव, बीडीओ उदय कुमार सिन्हा उपस्थित रहे। उनका स्वागत गुलदस्ता देकर डोमचांच थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान एवं अन्य पुलिस पदाधिकारियों के द्वारा किया गया। जनसंवाद गोष्ठी कार्यक्रम में डोमचांच थाना क्षेत्र से काफी संख्या में समाजसेवियों एवं बुद्धिजीवियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान आम लोगों की समस्याओं को सुना गया साथ ही समस्याओं का निराकरण कैसे हो उसका रास्ता भी निकाला गया। पुलिस और पब्लिक के बीच बेहतर संबंध कैसे स्थापित हो सके इसके लिए भी चर्चा की गयी। मौके पर समाजसेवी महेंद्र प्रसाद वर्मा, मनोज रजक, सुरेश कुमार, वीरेंद्र मेहता, भरत नारायण मेहता, मुखिया ममता देवी, सिकंदर साव, राजू साव, सुरेश विश्वकर्मा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### जनकल्याण समिति बना रहा है छठ व्रतियों के लिए बांस का पुल



**बरही।** श्रद्धालुओं एवं छठ व्रतियों को छठ घाट तक पहुंचने के लिए करियातपुर में जन कल्याण समिति के द्वारा इस वर्ष भी बांस के पुल का निर्माण किया जा रहा है। विदित हो कि घाट की सफाई, अस्थाई घाट निर्माण आदि जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य इस समिति के द्वारा पिछले कई वर्षो से किया जा रहा है। समिति के द्वारा छठ पूजा के अवसर पर नदी में भगवान भास्कर की प्रतिमा स्थापित कर घाट को आकर्षक बनाया जाता है। संस्थापक संतोष कुमार प्रजापति ने बताया कि इस वर्ष छठ तलाब के चारों ओर साउण्ड तथा लाइट लगाए जायेंगे। छठ व्रतियों के लिए मिष्ठान वितरण की भी योजना है। अध्यक्ष कमलेश कुमार कुशवाहा व सचिव धर्मेंद्र कुमार प्रजापति ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन छठ तलाब पर सुबह हवन एंव संध्या में गंगा आरती का आयोजन किया जाएगा। इस कार्य को अंजाम देने के लिए समिति के विक्की कुमार श्रीवास्तव, चंदन कुमार केसरी, प्रवीण कुमार प्रजापति, दीपक कुमार प्रजापति, रंजित सोनी, शिवकुमार शर्मा सहित गांव के बिरजु शर्मा, अमित भगत आदि सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

### सांप के डंसने से महिला की मौत

**डोमचांच।** थाना क्षेत्र अंतर्गत काराखूँट पंचायत के वार्ड नंबर 4 बंगाईकला निवासी परमेश्वर सिंह की पत्नी लक्ष्मी देवी (उम्र 36 वर्ष) की सांप के डंसने से मौत हो गयी। मृतका के पति परमेश्वर सिंह ने बताया कि गत 15 अक्टूबर को वह अपने खेत में कार्य कर रही थी। इसी दरमियान जहरीले सांप ने डंस लिया। उसे कोडरमा सदर अस्पताल ले जाया गया, स्थिति नाजुक होने के उपरांत बेहतर ईलाज के लिये रिम्स रेफर कर दिया गया। वहां ईलाज के क्रम में 26 अक्टूबर को उसकी मौत हो गई। मृतक महिला के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। उसका पति मजदूरी का काम करता है।

### डोमचांच कायस्थ मोहल्ला में हुई चित्रगुप्त भगवान की पूजा

**डोमचांच।** नगर पंचायत के कायस्थ मोहल्ला में हर साल की भांति इस वर्ष भी गुरुवार को चित्रगुप्त भगवान की पूजा अर्चना श्रद्धा भाव के साथ किया गया। साथ ही महाआरती और प्रसाद का भी वितरण हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष नरेश प्रसाद बक्शी, उपाध्यक्ष अखिल कुमार सिन्हा, डॉक्टर विनय कुमार सिन्हा, पंकज कुमार अम्बष्ठ, सचिव विवेक कुमार बक्शी, संयुक्त सचिव उदय शंकर बक्शी, कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिन्हा, सह कोषाध्यक्ष दीपक कुमार बक्शी, संरक्षक मंडल के बक्शी शिनजन प्रसाद, सुनिल कुमार सिन्हा, उदय शंकर प्रसाद सिन्हा, रंजन कुमार बक्शी, मोहन प्रसाद अम्बष्ठ, कार्यकारणी समिति के प्रणव बक्शी, बसंत कुमार बक्शी अंकित कुमार सिन्हा, पंकज कुमार सिन्हा, गणेश प्रसाद वर्मा, रौशन सिन्हा, विकास कुमार सिन्हा, दीपक कुमार सिन्हा, संतोष कुमार सिन्हा, संतोष कुमार सिन्हा, अमरदीप सिन्हा, किशोर बक्शी सहित समिति के अन्य लोग लगे रहे। वही चित्रगुप्त भगवान के दर्शन करने कोडरमा जिप अध्यक्ष रामधन यादव, पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, डोमचांच प्रमुख सत्यनारायण यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमार मेहता, समाजसेवी महेंद्र वर्मा आदि भी पहुँचे हुए थे।

# सिखों ने श्री गुरूनानक देव के प्रकाश उत्सव पर निकाली प्रथम प्रभात फेरी





**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** सिख धर्म के प्रवर्तक व सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाशोत्सव को लेकर 27 अक्टूबर से प्रभात फेरी आरंभ हो गई। प्रभातफेरी के पहले दिन बड़ी संख्या में सिख समाज के महिला व पुरूष शामिल हुए। प्रभात फेरी में शामिल साध संगत मधुर भजन गाते हुए बढ रहे थे। जिससे शहर की फिजां भक्तिमय हो गई। साध संगत नानक के घर के गोले, मिट्टी धुंध जग चानन होआ, मूल खरीदी लाला गोला जो मांगे ठाकुर अपने, गुरु गुरु गुरु कर मन मोर आदि भजन गाते बढ़ते चल रहे थे। प्रथम दिन की प्रभात फेरी श्री गुरुद्वारा साहिब से आरंभ होकर किला मंदिर, चट्टी बाजार, झंडा चौक होते हुए झंडा चौक सरदार अनमोल सिंह के आवास पहुंची । जहां सरदार अनमोल सिंह के परिवार के लोगों ने निशान साहिब पर माल्यार्पण किया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से रविंदरजीत कौर पवार (नानक ढाबा) ने माता जगदीश कौर को सरोपा प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं, सरदार अनमोल सिंह के परिवार की ओर से प्रभातफेरी में शामिल लोगों के बीच मिठाई व प्रसाद का वितरण किया गया।

**प्रभात फेरी में हुए शामिल :** श्री गुरूनानक देव जी के प्रकाश उत्सव पर आयोजित प्रथम दिन की प्रभात फेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा प्रधान सरदार परमदीप सिंह कालरा, मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, गुरु नानक स्कूल के वाइस चेयरमैन कुलजीत सिंह कालरा, तेजिंदर सिंह सोनी, देवेंद्र सिंह अरोरा, इंद्रजीत सिंह कोहली, हरिंदर छाबड़ा, नरेंद्र पाल सिंह गुजराल, कुलवंत मारवा, यश छाबड़ा, गुरप्रीत चाना, जितेंद्र सिंह पवार ,गुरप्रीत सलूजा, इकबाल सिंह, रघुवीर होरा, हरजीत सिंह छाबड़ा, रंजीत सिंह छाबड़ा, देवेंद्र सिंह सोनी, हरदीप होरा, रमन कोहली, सुरेंद्र सिंह चंदेल, बबलू सैनी, चुन्नी जोली, नवल मल्होत्रा, राजू जस्सल ,इंद्रपाल जस्सल, हरिंदर छाबड़ा, स्नेहा गांधी, गुरमीत सिंह पलाहा, प्रीतम सिंह कालरा, अंकित कालरा, सुरजीत सिंह कालरा, मनी सिंह, गुरजीत सिंह सलूजा, अजैब सिंह छाबड़ा, जसमीत कौर सोनी, सीमा कोहली, रंजू अरोरा, रिक्की लांबा, विक्की लांबा, लवली गांधी, डॉ मनवीर कौर, बलविंदर कौर छाबड़ा सहित समाज के कई लोग शामिल हुए।

## शांतिपूर्ण व सदभाव के साथ मनाया गया चित्रगुप्त पूजा व भैया दूज



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** चित्रगुप्त पूजा के अवसर पर चित्रांश समाज ने सूर्य मंदिर परिसर स्थित चित्रगुप्त मंदिर में भगवान चित्रगुप्त की पूजा शांतिपूर्ण किया। जो आचार्य लखन पांडेय की निगरानी में छोटू पंडित, पप्पू पंडित और अजय पंडित ने विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर चित्रांशो ने अपने अराध्यदेव से सुख, शांति, समृद्धि, बल व बुद्धी की कामना किया। वरिष्ठ चित्रांश उपेंद्र प्रसाद ने कहा कि धर्मराज चित्रगुप्त ने केवल कायस्थ बल्कि पूरे सनातन धर्म के लिए पूजनीय है। शास्त्रों के अनुसार मनुष्य के कर्मों का लेखा जोखा रखने का काम भगवान चित्रगुप्त की है। जो हमारे पाप और पुण्य के भाग्यलेखक होते है । ऐसे में हम सबों को इनका पूजा अर्चना करनी चाहिए। पूजा संपन्न करवाने में अध्यक्ष मनोज घोष, सचिव आशुतोष कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष श्याम कुमार सिन्हा, संरक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी, उपेंद्र प्रसाद, राजेंद्र रुखरियार, बिनोद कुमार सिन्हा, शैलेंद्र कुमार सिन्हा, अजीत कटरियार, शेखर सिन्हा, विनय कुमार सिन्हा आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्य संरक्षक उपेंद्र प्रसाद ने बताया कि धर्मराज चित्रगुप्त न केवल कायस्थ बल्कि सनातन धर्म के लिए पूजनीय है। पूजनोत्सव में चित्रांश संजय कुमार सिन्हा, राकेश कमल, कृष्ण मुरारी प्रसाद, रूपेश रुखरियार, बिपिन कुमार सिन्हा, कुणाल कटरियार, मनीष कुमार सिन्हा, कृष्णनंदन घोष, प्रभात कुमार सिन्हा आदि सहित कई चित्रांश बंधुओ भाग लिया। इसके साथ ही गुरुवार को ही बहनों ने भी भैया दूज के अवसर पर यमद्वितीया कूटकर भाईयो के लंबी उम्र की कामना किया।

## बेलवा नदी छठ घाट पर चला सफाई अभियान, समिति के लोगों ने किया सहयोग



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर बरकट्ठा के बेलवा नदी छठ घाट पर सफाई अभियान चलाया गया। सफाई अभियान विधायक अमित कुमार यादव के नेतृत्व में चला। इस दौरान पूजा समिति अध्यक्ष बिंदु सोनी, पूर्व मुखिया बसंत साव, विहिप प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव, पप्पू गुप्ता, पंसस प्रतिनिधि संजय गुप्ता समेत कई समाजसेवीओं ने सफाई अभियान में शामिल होकर नदी के आस-पास फैले गंदगी की साफ सफाई की। वहीं छठ व्रतियों को किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए तमाम सुविधाओं को दुरूस्त किया गया। वहीं विधायक अमित यादव ने सफाई कार्य में सहयोग के लिए पूजा समिति अध्यक्ष को जेसीबी मशीन सौंपा ताकि साफ सफाई में कोई कसर न रहे। विदित हो कि प्रत्येक वर्ष छठ पूजा को लेकर बेलवा नदी घाट की सफाई की जाती है लेकिन छठ पर्व समाप्त होते ही गंदगी का अंबार लग जाता है। वहीं पूजा समिति के अध्यक्ष बिंदु सोनी ने लोगों से अपील की, नदी की साफ सफाई हमेशा रखनी चाहिए ताकि लोग नदी का फायदा उठा सकें। मौके पर सचिव संतोष साहनी, कोषाध्यक्ष धीरज गुप्ता, बजरंग दल संयोजक दीपक राणा, दिलीप सोनी, दीपक सोनी, मनीष गुप्ता, रतन गुप्ता, विजय यादव, अशोक गुप्ता, राहुल गुप्ता, किशोर साव समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## चार दिवसीय छठ महापर्व आज से



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** चार दिवसीय छठ महापर्व 28 अक्टूबर को आरंभ हो रहा है। प्रथम दिन व्रती नदियों और सरोवरों में स्नान के पश्चात शाम को छठी मईया की पूजा करेंगे। इसके बाद अरवा चावल से बने भात व लौकी की सब्जी एवं चना दाल ग्रहण करेंगे। 29 अक्टूबर को व्रती नदियों व सरोवरों में स्नान के बाद शाम को छठी मईया को दूध से बनी खीर का भोग लगाने के उपरांत इसे ग्रहण करेंगे। इसके उपरांत व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो जाएगा। 30 अक्टूबर को व्रती नदियों व सरोवरों में अपने परिजनों के साथ पहुंचकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे। वहीं 31 अक्टूबर को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व संपन्न हो जाएगा। छठ महापर्व को लेकर व्रती सूप और दौरा लेने के लिए बाजार पहुंच रहे हैं। इस बार सूप और दौरे के दाम छठ पर गढ़ गये हैं। इस बार सूप 160 से 180 रूपए प्रति पीस और दौरा 450 से 600 रूपए के प्रति पीस बिक रहे हैं। पर दाम बढ़ने के बाद भी महापर्व को लेकर सूप और दौरे की खूब बिक्री हो रही है।

## एसडीओ मनीष कुमार ने पदभार के पहले श्रमदान किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार और उनके परिवार व पूरे अनुमंडल कार्यालय के टीम ने गुरुवार को पदभार देने के पूर्व ध्वजाधारी धाम का दर्शन किया। तत्पश्चात अपने कार्यालय में बनाए गए मेहनत के पार्क में अनुमंडल कार्यालय की पूरी टीम के साथ श्रमदान किया। अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि यहां पर सभी लोगों का बहुत सहयोग मिला। अनुमंडल कार्यालय, भू अर्जन कार्यालय एवं पीएमयू के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। साथ ही साथ उन्होंने बताया कि मेहनत का पार्क, उम्मीद का पार्क, ऊर्जा कक्ष, सजृन कक्ष, झंडोत्तोलन का स्थान, हेल्थ वेलनेस रूम इत्यादि के निर्माण से लोगों को कार्यालय हराभरा व सुंदर दिखने को मिला। उन्होंने बताया कि कार्यालय के सभी कर्मियों द्वारा श्रमदान कर मेहनत के पार्क में साफ सफाई की गयी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से जिलावासियों ने एनएच सड़क निर्माण में बंध पत्र इत्यादि में सहयोग किया है, वो कभी नहीं भूल पायेंगे। इसी तरह का सहयोग आने वाले अनुमंडल पदाधिकारी को मिलता रहे। साथ ही मेहनत का पार्क उम्मीद का पार्क को बनाने में सहयोग देने वालों को आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मेहनत के पार्क को हमेशा हराभरा रखें। उन्होंने कार्यालय के कर्मी नाजिर शैलेंद्र कुमार, गोलू, संतोष, ऋषभ, दीपक, रावानी का धन्यवाद व्यक्त किया।

### नावाडीह में गोवर्धन पूजा धूमधाम के साथ मना

**मरकच्चो।** प्रखंड के यदुवंशी परिवार के द्वारा प्रखंड के नावाडीह पंचायत स्थिति नावाडीह रेलवे स्टेशन के समीप मैदान में गोवर्धन पूजा बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। मरकच्चो प्रखंड के यदुवंशी परिवार के बैनर तले पूजा का आयोजन किया गया। नावाडीह स्थित रेलवे मैदान में भगवान कृष्ण की मूर्ति स्थापित कर बुधवार को पूजा अर्चना किया गया। वहीं दूसरे दिन गुरुवार को भंडारा के शुभ अवसर पर सुबह पूजा व आरती में कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शामिल होकर क्षेत्र मे अमन चैन व खुशहाली की कामना की। मौके पर अध्यक्ष सुभाष यादव, सचिव बबलू यादव, कोषाध्यक्ष दिनेश यादव, सह कोषाध्यक्ष भोला यादव, राजकुमार यादव, कैलाश यादव, पंसस धानेश्वर यादव, विजय यादव, उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, देवी सिंह यादव, बिहारी यादव, उर्फ लालु यादव, बेदु साव, आनेश्वर सिंह, सकलदेव सिंह, संभू सिंह, किशोर यादव, सुनील यादव, शंकर यादव, रवींद्र पांडेय, अमित यादव, मोहन यादव, रणजीत यादव, मीडिया प्रभारी यमुना यादव, अजीत यादव, अकेला यादव, रोहित यादव, रामचन्द्र यादव, मंजीत यादव, पंकज यादव, तुलसी यादव सहित कई अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## डीसी पहुंचे वृंदा, हुआ चौपाल का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** प्रखंड के अंतर्गत चयनित ग्राम स्वावलंबन वृंदा का स्थित नवसृजित प्राथमिक विद्यालय वृंदा के प्रांगण में कोडरमा उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में महिला एवं पुरुषों के बीच चौपाल किया गया। चौपाल के पूर्व कोडरमा उपायुक्त को महिलाएं द्वारा अपने हाथों से बनाए हुए गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। वहीं बच्चियों ने स्वागत गान गाकर उपायुक्त का अभिवादन किया। उपायुक्त ने चौपाल के दौरान कहा कि वृंदा गांव को आत्मनिर्भर गांव बनाना है जिसके लिए सभी महिला दीदी एवं दादा लोगों को मिलजुलकर एकता का परिचय देना है। गांव में लड़ाई झगड़ा नहीं करना है, शिक्षा स्वच्छता, आजीविका का माहौल जगाना है। शिक्षा गांव के लिए मजबूत कड़ी है, पौधारोपण आय का स्रोत। जल संरक्षण, खेती किसानी पर विशेष ध्यान देने की अपील की। वहीं कोडरमा उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर केंद्र के बच्चों से हालचाल जानने के बाद बच्चों को उत्साहित किया। कोडरमा उपायुक्त के द्वारा एक पौधा लगाकर उद्घाटन किया गया जबकि डेढ़ सौ महिलाएं द्वारा गड्ढा खोदा गया है। चौपाल में कोडरमा प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा डूंगडूग, धनपाल सिंह, रोजगार सेवक मिथिलेश कुमार, जेई बसंत कुमार, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष गुरु प्रसाद साव, अमित कुमार, समाजसेवी प्रकाश रजक, विजय यादव, सुरेश कुमार यादव, किरण देवी, गुड़िया देवी, मालती देवी, रेखा देवी, अंजू देवी ने भी संबोधित किया। चौपाल में कलवा देवी, फुलवा देवी, भंवरी देवी, बबीता देवी, ममता देवी, देवंती देवी, दुलारी देवी, चीना देवी, पिंकी देवी, मीना देवी, मनीता देवी, सुमित्रा देवी, ममता देवी, धनेश्वरी देवी, मंजू देवी, डीजेवा देवी, प्रदीप रजक, लक्ष्मण रजक, नारायण साव, अशोक रजक, नारो यादव, दिलो रजक, रोहन महतो, तुलसी साव, पवन रजक, सदानंद रजक, राजेंद्र साव, सेविका जया देवी, सहायिका बबीता देवी मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन पवन रजक ने किया।

## पुलिस संस्करण दिवस पर एक दिवसीय कैंप का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतगावां।** प्रखण्ड के ब्लॉक मैदान में गुरुवार को पुलिस संस्करण दिवस के अवसर पर सतगावां थाना प्रभारी उत्तम कुमार वैद्य के द्वारा सुदुरवर्ती क्षेत्रों के विभिन्न गांवों की सेना व पुलिस में जाने की इच्छुक लड़कियों के लिये एकदिवसीय कैम्प का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सभी पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल, मुख्य अतिथि व सभी लड़कियों के द्वारा राष्ट्र गान गाया गया जिसके पश्चात कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रखण्ड प्रमुख ललिता देवी, राष्ट्रीय झारखण्ड सेवा संस्थान के निदेशक मनोज दाँगी, थाना प्रभारी उत्तम कुमार वैद्य एवं जैप के पदाधिकारी के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। उद्धघाटन के उपरांत उत्तम कुमार वैद्य ने सभी लड़कियों को सेना व पुलिस में बहाली को लेकर प्रोत्साहित किया गया तथा इसमे बहाल होने के लिये जरूरी मापदण्ड एवं जरूरी पहलू को बताया। वहीं मनोज दाँगी ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सभी लड़कियां सबसे पहले अपना लक्ष्य निर्धारण करे एवं उसी लक्ष्य पर फोकस करके अपने गोल की तरफ बढ़ें और सफलता को अर्जित करें।कार्यक्रम के दौरान एसआई मुकेश यादव ने सभी लड़कियों को सेना व पुलिस में बहाली को लेकर जरूरी टिप्स दिया। सभी लड़कियों को ब्रीफिंग के बाद दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें बदाल गांव की निवासी नेहा कुमारी प्रथम स्थान प्राप्त की जबकि अंगार निवासी शांति कुमारी को द्वितीय और शिवपुर निवासी नेहा कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सभी चयनित प्रतिभागी को शील्ड व जूता मौजा देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावे 7 प्रतिभागी को भी जूता मौजा देकर प्रोत्साहित किया गया। इस कैम्प में विभिन्न गांव शिवपुर, नासरगंज, सिहास, पोखरडीहा, मरचोई, ईटाय, बदाल, अंगार, पचाने, राजावर आदि के प्रतिभागियों ने भाग लिया। मंच का संचालन प्रणव मुरारी ने किया। मौके पर सुरेन्द्र पांडेय, विकास पांडेय, कन्हैया कुमार, प्रवीण कुमार, कौशल पांडेय, जेएमएम महिला प्रखंड अध्यक्ष ब्यूटी कुमारी, मनोज कुमार चौतम्बा, सुदामा मंडल, निक्की कुमारी, निशु कुमारी, निभा कुमारी, पूजा कुमारी, सुनीता कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, बबीता कुमारी, सोनम कुमारी, रेखा कुमारी, श्वेता कुमारी, रानी कुमारी, शीतल कुमारी आदि मौजूद थे।

## 230 छठ व्रतियों को प्रेरणा शाखा ने बांटी साड़ी व पूजन सामग्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** मारवाड़ी युवा मंच की इकाई प्रेरणा शाखा ने गुरूवार को झुमरीतिलैया स्थित श्री अग्रसेन भवन में शिविर लगाया। इसमें 230 महिला एवं पुरुष छठ व्रत करने वालों के बीच साड़ी, ब्लाउज पीस, नारियल, कद्दू चावल, बिदी, सिदूर एवं अलता आदि सामग्रियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर छठ व्रतियों ने कहा कि प्रेरणा शाखा का यह प्रयास महंगाई के इस दौर में कुछ राहत प्रदान करने वाला है। ऐसे आयोजन के लिए अन्य संस्थाओं को भी आगे आने का आह्वान किया गया, ताकि अन्य छठ व्रतियों को भी सहयोग मिल सके। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोडरमा एसपी कुमार गौरव, विशिष्ट अतिथि के रूप में कवि अग्निहोत्री, राजेश शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर एसपी कुमार गौरव ने कहा कि आधी आबादी द्वारा ऐसे कार्यक्रम का आयोजन प्रेरणा का स्त्रोत है। प्रेरणा शाखा ने यह दिखाया कि महिलाएं हर क्षेत्र में उपस्थिति दर्ज करवा रही हैं। प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष श्रेया केडिया, सचिव नेहा हिसारिया, परियोजना निदेशक शालू चौधरी ने कहा कि पिछले साल 2020 ने 15 महिलाओं को पूजन सामग्री बांटी थी। इसके बाद 2021 में 130 महिलाओं और इस वर्ष समाज के सहयोग से इस कार्यक्रम को बढ़ाया गया और आने वाले समय में कार्यक्रम को और गति दी जाएगी। कार्यक्रम में मीना हिसारिया, सारिका लडढा, खुशबू केडिया, ममता नरेडी, पिंकी खेतान, ज्योति परसरामपुरिया, अंजु कंदोई, निशा संघई, बबीता केडिया, श्वेता गुटगुटिया, रजनी अग्रवाल, नेहा जैन, प्रीति गुटगुटिया, नीतू अग्रवाल, उषा शर्मा, मीनी हिसारिया, मयूम के अरविन्द चौधरी, संदीप हिसारिया आदि उपस्थित हुए।

## न्यूज गैलरी

### फुटबॉल के खेल में अच्छी सेहत के साथ रोजगार की भी असीम सम्भावनाएं : अवधेश



**कुडू - लोहरदगा।** कुडू प्रखण्ड के कोलसिमरी में आयोजित होने वाले एतिहासिक जतरा के शुभ अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय खस्सी और कैश मनी फुटबॉल टूनार्मेंट का रंगारंग समापन हो गया। जिसमे बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर खखशी टोली दूसरे स्थान पर युथ स्पोटिंग रांची, तीसरे स्थान पर एसीएस रांची और चौथे स्थान पर आर्यन क्लब लोहरदगा की टीम रही। वहीं बालिका टीम में पहले स्थान पर सिस्टर टीम लातेहार एवं दूसरे स्थान पर मुनी सिस्टर कुडू नवाटोली की टीम रही। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि आदिवासी छात्र संघ के प्रखंड अध्यक्ष अवधेश ने कहा फुटबॉल खेल मे अनेको संभावनाये है आज आपके गांव घर की बेटी अष्टम उरांव अंडर 17 फुलबॉल के कैप्टन के रूप में मिशाल बनी है। फुटबॉल खेल को रोजगार समझ के खेले। इसमे रोजगार की असीम सम्भावनाएं हैं। वहीं राजी पड़हा सरना प्राथना सभा के सचिव जतरू उरांव ने लोगों को नशा पान से बचते हुए खेल को अपनाने की बात कही। मैके पर पंचायत की मुखिया, ललित टाना भगत, भंगा भगत, मंगरा उरांव, सामु भगत, चिलगू उरांव सहित भारी संख्या में खेल प्रेमी और ग्रामीण उपस्थित थे।

### श्री राम जानकी मंदिर में हुआ अन्नकूट महाप्रसाद का वितरण



सिमडेगा। सिमडेगा धर्मार्थ समिति ने श्रीरामजानकी मन्दिर में अन्नकुट उत्सव मनाया गया समिति के ने बताया कि विगत वर्षो के भाँति इस बार अन्नकूट पर कई तरह के नए आनाज एवं मौसमी सब्जी का भोग, पूड़ी, कढ़ी चावल, हलुआ, खीर का महाभोग लगाकर पुजारी आचार्य वासुदेव गौतम ने मंत्रो उच्चारण संग आरती कर महाप्रसाद भक्तो को समिति के सदस्यों द्वारा वितरण किया गया । इस अवसर पर धर्मार्थ समिति के ओम प्रकाश अग्रवाल, रामअवतार बंसल ,शंकर लाल अग्रवाल, पवन जैन , मोतीलाल अग्रवाल,बजरंग बंसल , पवन मित्तल,अशोक जैन रामनिवास मतनहेलिया ,ओम प्रकाश शर्मा, शंभू लाल अग्रवाल ,लीलू राम अग्रवाल अशोक गोयल,जगदीश गोयल के अलावे समाज के युवाओं ने सहयोग किया।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भैया दूज का पर्व



सिमडेगा। सिमडेगा जिले भर में हर्षोल्लास के साथ गुरुवार को भैया दूज (गोधन) का पर्व मनाया गया। इस दौरान गोबर की आकृति बनाकर विधि विधान के साथ पूजा किया गया। पूजा के पाश्चत इस त्योहार में बहने अपने भाइयों के सुख समृद्धि व लम्बी आयु के लिए कामना की और सुरक्षा के लिए मिट्टी, गोबर से सांप, बिच्छू व भाई के दुश्मन जम और जामिन बनाकर उसे समाट और डंडे से कूटा गया। वही उसके बाद बहने सब को कूटने के बाद डंडे को उसके ऊपर रखकर उस पर चढ़कर पार होती है और कहती है हम भइया के दुश्मन के छाती पर लाती देके पार होवैत ही। यह बात अपने भाई के दुश्मन के लिए बोलती है। इसके बाद भाई को घर जाकर मिठाई खिलाया। यह परंपरा भाई बहनों का सबसे प्यारा रिश्ता होता है। इसे गुरुवार को गांवों में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सिमडेगा के क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर महिलाओं ने समूह बनाकर इस पूजा को किया वही सिमडेगा के सोनार टोली में भी महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा करते हुए अपने भाई की लंबी आयु की कामना की।

## नहाय खाय के साथ आज से शुरू होगा लोक आस्था का चार दिनी महापर्व छठ

# 30 को अस्तचलगामी व 31 को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न होगा छठ



राहुल कौशल

**लोहरदगा।** लोकआस्था के महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान नहाय-खाए से कार्तिक शुक्ल चतुर्थी शुक्रवार से शुरू होगा। शनिवार 29 अक्टूबर को खरना और रविवार की शाम 30 अक्टूबर को भगवान भास्कर को पहला सायंकालीन अर्घ्य प्रदान किया जाएगा। कार्तिक शुक्ल सप्तमी सोमवार 31 अक्टूबर को प्रातःकालीन अर्घ्य के साथ महापर्व का समापन होगा। इस व्रत में 36 घंटे तक व्रती निर्जला रहते हैं। छठ पर्व को लेकर पूजन सामानों से बाजार पट गया है। सड़क किनारे भी दुकानें लगी है। बाजार में 20 से 40 रुपए प्रति कद्दू बिक रहा था। वहीं किराना दुकानों पर भी व्रतियों की भीड़ खरीदारी के लिए लगी रही। वहीं छठ की पूजन सामानों की भी खरीदारी में लोग जुटे हैं। शहर के बरवाटोली चौक, ईस्ट गोला रोड, गुदरी बाजार में जगह-जगह कद्दू से पटा रहा। खरीदारी के लिए भीड़ इतनी बढ़ी थी कि लोगों को दुकानों पर पैर रखने की भी जगह नहीं मिल रही थी। देर शाम तक नहाय खाय की खरीदारी हुई। खरीदारी को लेकर लोगों की भीड़ के बाजार की विभिन्न सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रही। लोहरदगा में इस पर्व को लेकर एक अलग ही उत्साह देखने को मिलता है। छठ पूजा मुख्य रूप से सूर्यदेव की उपासना का पर्व है। नदी घाटों व पवित्र जलाशयों में हजारों की तादाद में व्रती अर्घ्य देते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार छठ को सूर्य देवता की बहन हैं। मान्यता है कि छठ पर्व में सूयोर्पासना करने से छठ माई प्रसन्न होती हैं और घर परिवार में सुख शांति व धन धान्य से संपन्न करती हैं।

### साल में दो बार होती है छठ महापर्व

पुरोहितों के मुताबिक सूर्य देव की आराधना का यह पर्व साल में दो बार मनाया जाता है। चैत्र शुक्ल षष्ठी व कार्तिक शुक्ल षष्ठी को यह पर्व मनाया जाता है। हालांकि कार्तिक शुक्ल षष्ठी को मनाये जाने वाला छठ पर्व मुख्य माना जाता है। चार दिनों तक चलने वाले इस पर्व को छठ पूजा, डाला छठ, छठी माई, छठ, छठ माई पूजा, सूर्य षष्ठी पूजा आदि कई नामों से जाना जाता है।

**प्रकृति को निमित है सूर्य को पहला अर्घ्य :** पहला अर्घ्य यानी अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य प्रकृति को निमित है। प्रकृति, षष्ठी माता हैं। भगवान ब्रह्मा की मानसपुत्री। निःसंतान को संतान देती हैं और संतान की रक्षा करती हैं। कार्तिक शुक्ल सप्तमी की सुबह प्रातःकालीन अर्घ्य भगवान सूर्य को प्रदान किया जाता है। वह सूर्य जिनमें तेज है और संपूर्णता भी। अर्घ्य प्रदान करने के दौरान व्रती सात बार सूर्य की परिक्रमा भी करते हैं। शास्त्रों की मानें तो सूर्य को अर्घ्य देने से व्यक्ति के इस जन्म के साथ किसी भी जन्म में किए गए पाप नष्ट हो जाते हैं।

**आरोग्य की प्राप्ति व संतान के लिए व्रत :** आचार्य आनन्द पाठक, रामसेवक पाठक, रामधार पाठक, मनोज मिश्रा आदि पुरोहितों के अनुसार सूर्य षष्ठी का व्रत आरोग्य की प्राप्ति, सौभाग्य व संतान के लिए रखा जाता है। स्कंद पुराण के अनुसार राजा प्रियव्रत ने भी यह व्रत रखा था। उन्हें कुष्ठ रोग हो गया था। भगवान भास्कर से इस रोग की मुक्ति के लिए उन्होंने छठ व्रत किया था। स्कंद पुराण में प्रतिहार षष्ठी के तौर पर इस व्रत की चर्चा है। वर्षकृत्यम में भी छठ की चर्चा है।

**भगवान भास्कर की मानस बहन है षष्ठी देवी :** अथर्वेद के अनुसार भगवान भास्कर की मानस बहन हैं षष्ठी देवी। प्रकृति के छठे अंश से षष्ठी माता उत्पन्न हुई हैं। उन्हें बालकों की रक्षा करने वाले भगवान विष्णु द्वारा रची माया भी माना जाता है। बालक के जन्म के छठे दिन भी षष्ठी मइया की पूजा की जाती है। ताकि बच्चे के ग्रह-गोचर शांत हो जाएं। एक अन्य आख्यान के अनुसार कार्तिकेय की शक्ति हैं षष्ठी देवी। षष्ठी देवी को देवसेना भी कहा जाता है। **सूर्य को प्रिय है सप्तमी :** आचार्य रामधार पाठक के अनुसार भगवान सूर्य को सप्तमी अत्यंत प्रिय है।

## जलडेगा में पहली बार हुई अवैध रूप से बालू लदे ट्रैक्टरों पर कार्रवाई

**जलडेगा।** जलडेगा थाना मुख्यालय में बुधवार की देर शाम बालू लदे दो ट्रैक्टर के जब्त होने के बाद बालू माफियाओं में हडकंप मच गया है। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने बुधवार की शाम जलडेगा थाना से होकर गुजर रहे दो बालू लदे ट्रैक्टर को रोककर जलडेगा सीओ डा०खगेन महतो को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलते ही सीओ महतो महतो पुलिस बल के साथ आकर दोनों ट्रैक्टरों को जब्त कर लिया। जब्त दोनों ट्रैक्टरों को पुलिस थाने ले गई।मामले पर ट्रैक्टर चालको ने कहा की गाडी बलडेगा निवासी भीम साहू का है, वे लोग स्थानीय लुडगी नदी से बालू का उठाव कर जलडेगा ला रहे थे।अंचल अधिकारी डॉ खगेन महतो ने पुलिस बल को साथ लेकर बालू लदे दोनो ट्रैक्टर को जब्त कर थाने को सुपुर्द करते हुए जिला खनन विभाग को लिखित जानकारी दिया गया है। वहीं जिला खनन पदाधिकारी अजित कुमार ने कहा जलडेगा में अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किए जाने की सीओ जलडेगा के माध्यम जानकारी मिली है। विभागीय कार्रवाई की जा रही है। अंचल अधिकारी ने कहा अवैध रूप से बालू का उठाव करने वालों को किसी भी कीमत मे नही बक्शा जायेगा, पकड़े जाने या सही सुचना मिलने पर निश्चित रूप की कार्रवाई की जायेगी। बताते चलें की जलडेगा में अवैध बालू का खेल धडल्ले से फल-फूल रहा है। अहले सुबह से देर रात तक बालू नदीं से निकाला जाता है। बालू माफिया ऊचे कीमत में बालू बेच रहे हैं। जलडेगा मुख्यालय के आसपास तीन हजार रुपए प्रति ट्रैक्टर की दर से बालू बिक्री की जाती है।

## अखिल भारतीय महासभा समाज के साथ देश का विकास करता रहा है : विकेश कुमार सिन्हा

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा में भगवान चित्रगुप्त पूजा धूमधाम से मनाई गयी, लोहरदगा के किस्को मोड़ स्तिथ देव स्थल सूर्य मंदिर मे जजमान राजेश सहाय के द्वारा पूजा पुजारी वंशीधर मिश्रा के द्वारा किया गया` विकेश कुमार सिन्हा महासचिव अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने जानकारी देते हुए बताया की लोहरदगा मे वर्ष 1939 ई में अखौरी तारणी चरण सिन्हा तत्कालीन लोहरदगा नगरपालिका के वाइस चेयरमैन हुआ करते थे, ऐसे तो वे पेशे से अधिवक्ता भी थे उन्हीं के प्रयास से लोहरदगा में प्रथम दवात कलम की पूजा और चित्रगुप्त महाराज की मूर्ति स्थापित किया गया था जो वर्तमान में वरीय अधिवक्ता राकेश अखौरी उनके परपौत्र है, इस अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक गणेश लाल ने जानकारी दिया की कायस्थ महासभा समाज के साथ देश कल्याण हित की सोच रखता है और बुद्धिविवेक के बदौलत ही आगे बढ़ता और लोगों को बढ़ने की प्रेरणा देता है, उन्होंने बताया की पूरा पावरगंज में मांगलाचारण सिन्हा जिनके सुपुत्र देवी चरण सिन्हा पूर्व क्षेत्रीय पुलिस अधीक्षक (डीआईजी) से सेवानिवृत हुए, वहीं अमरेश्वर सहाय झारखण्ड के लोकायुक्त, देवी प्रसाद उच्च न्यायलय रांची के वरीय अधिवक्ता, पांडेय वीरेन नाथ रॉय (पहाड़ कांडरा, नागजुवा )के जमींदार अंग्रेजी हुकूमत मे थे, नवल किशोर सिन्हा, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय के प्राचार्य, प्रदीप लाल आदि का जन्म स्थल लोहरदगा ही रहा है और जिन्होंने झारखण्ड बिहार मे अपनी ख्याति कलम अथार्थ कलम की बुद्धिवेवेक से ही प्राप्त किये है, अधिवक्ता राजेश अखौरी का कहना रहा है की अब सिर्फ कायस्थ ही नहीं अन्य सभी समाज के लोग कलम और बुद्धिविवेक से कार्य करके आगे बढ़ रहे है इसलिए चित्रगुप्त भगवान उन सबके लिए है।

### छठ पूजा को लेकर बजरंग दल ने मंदिर परिसर की साफ-सफाई की



**लोहरदगा।** छठ पूजा के अवसर पर बजरंग दल के नेतृत्व में बीआईडी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर प्रांगण में साफ सफाई का अभियान चलाया गया। बजरंग दल के जिला संयोजक सचिन कुमार ने यह आवाहन किया कि छठ पूजा को लेकर जिले के जितने भी मंदिर प्रांगण हैं सभी की साफ-सफाई वहां के स्थानीय लोग स्वयं से बढ़-चढ़कर करें और अपने आसपास के घर मोहल्लो को स्वच्छ बनाएं। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष इंदरजीत लाकड़ा उर्फ संतोष ने की और उन्होंने यह भी बताया कि इस छठ पूजा में सभी लोहरदगा वासियों से आग्रह किया की छठ पूजा के दिन सभी अपने घरों के बाहर दीया अवश्य जलाएं। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने बतलाया कि जिस तरह बजरंग दल द्वारा मठ मंदिर की सफाई को लेकर आह्वान किया गया है वह बहुत ही सराहनीय है। संघ नगर बाल प्रमुख सत्यम कुमार ने आग्रह किया कि छठ पूजा के दिन सभी सत्य सनातन हिंदू राम भक्त अपने छठ व्रतियों की सुविधा के लिए अपने घरों के बाहर रोड पर पानी का छिड़काव कर सफाई करें एवं स्वच्छ बनाएं जिससे हमारी छठ व्रती माताओं को दंडवत करने में किसी तरह की असुविधा ना हो।

### लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारी शुरू



**लोहरदगा।** दीपावली व गोवर्धन पूजा के बाद लोक आस्था के पर्व छठ पूजा की तैयारी शुरू हो गई है। छठ पूजा के होने वाले चार दिवसीय आयोजन को लेकर जिले भर में उल्लास व उत्साह का माहौल है। पर्व के नजदीक आते जाने के साथ ही बाजार में भी रौनक दिखने लगी है। लोग महापर्व की खरीदारी करने बाजार में दिखने लगे हैं. व्यवसाइयों के अंदर भी छठ को लेकर उत्साह है. कोरोनाकाल के बाद का छठ उम्मीदों भरा है. हर बार की तरह इस बार भी लोहरदगा में लोग इसे धूम-धाम से मनाने को लेकर उत्साहित हैं. बाजार स्थित विभिन्न दुकानों पर लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई है। वहीं दउरी बनाने वाले युद्ध स्तर में जुट गए है। छठ पर्व पर फलों की सबसे अधिक बिक्री होती है जिससे इसको लेकर और भी रौनक दिख रही है। कारोबारी विभिन्न प्रकार के फलों को मंगाने का काम शुरू कर दिए हैं। इसमें बाहर से फलों का खेप आना शुरू हो गया है। शहर से लेकर गांवों तक में घाटों व पोखरों की साफ-सफाई का काम भी होने लगा है। पूजन सामग्री की कई स्थायी व अस्थाई दुकानें भी सजी हैं। ग्राहकों की बदलती पसंद और बदलते दौर की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइनर सूप के अलावा आकर्षक रैपर वाली फल से भरी टोकरियां भी बाजार में हैं। फल विक्रेता ने बताया कि सजीले पैक वाली टोकरियों की कीमत फलों की संख्या के हिसाब से अलग-अलग है। बांस के पारंपरिक सूप, दउरी के साथ ही इस बार रंगीन और डिजाइनर सूप, दउरी की भी बाजार में जबरदस्त मांग है।

## कुडू का ऐतिहासिक टीको नदी छठ घाट की सफाई में जुटे लोग

# लगातार 38 वर्षों से बजरंग दल छठ पूजा समिति श्रद्धालुओं को दे रही है सुविध



नवीन मेल संवाददाता

कुडू - लोहरदगा। लोक आस्था व सूयोर्पासना का महापर्व छठ को लेकर कुडू का प्रमुख ऐतिहासिक टीको नदी छठ घाट की सफाई बजरंग दल छठ पूजा समिति के तत्वधान में जोरदार ढंग से शुरू हो गया है। ज्ञात हो कि पिछले 38 वर्षों से लगातार बजरंग दल छठ पूजा समिति बिना किसी प्रकार के चंदा उगाही के पूरे छठ घाट की साफ-सफाई लाइटिंग साउंड आदि की व्यवस्था करते आ रही है। समिति के संजय चौधरी, प्रभात कुमार राज, राजेश कुमार वंदे, नवीन कुमार टिंकू, प्रदीप साहू, शशि कुमार, प्रमोद मांझी, बिनय चौधरी, अमित कुमार बंटू, ओम प्रकाश, जयदीप प्रसाद, अनुराग साहू अनु आदि इस कार्य मे लगे है। समिति ने बताया कि इस वर्ष भी पूरे छठ घाट की अच्छे तरीके से साफ सफाई कर आकर्षक विद्युत सज्जा, टेंट, साउंड आदि की व्यवस्था समिति कर रही है।

### छठ व्रतियों के लिए लाल गेहूं का निः शुल्क वितरण

**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति के द्वारा गुदरी बाजार स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर प्रांगण में छठ महापर्व के मौके पर हर साल की तरह इस साल भी छठ व्रतियों के लिए लाल गेहूं का निशुल्क वितरण किया गया ' आर्मी रिटायर्ड सह समाजसेवी डॉ0 टी साहू ने कहा जय श्रीराम समिति सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है इस कार्य के लिए मै सराहना करता हूं ' अध्यक्ष राजीव रंजन ने कहा छठ मैया के आशीर्वाद से आज जय श्रीराम समिति के बैनर तले छठ व्रतियों के बीच गेहूं वितरण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और आगे भी होता रहेगा ' मौके पर संरक्षक डॉ0 टी साहू, अजय सोनी अनूप गुप्ता जिला अध्यक्ष राजीव रंजन कार्यकारी अध्यक्ष दयाशंकर सिंह जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव,प्रदीप साहू,अनुज कुमार, गुड्डू राय, नीरज साहू,राज महतो,विक्रम दास,संजय कुमार,बिंदिया देवी,मोनू गुप्ता आदि लोग मौजूद थे।

## जीईएल चर्च किनबिरा में धूमधाम से मना नवाखानी पर्व

# समाज में फैल रही कुरीतियों को दूर करने के लिए आगे बढ़ें लोग : विधायक भूषण बाड़ा

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** पाकरटांड़ प्रखंड के जीईएल चर्च किनबिरा में गुरुवार को नवाखानी का पर्व धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मौके पर पादरी जस्टिन एक्का की अगुवाई में विषेश धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन कर फसल की अच्छी उपज के लिए ईश्वर को धन्यवाद दिया गया। कार्यक्रम में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा भी अपनी धर्मपत्नी सह जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा के साथ शामिल हुई। विधायक के कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर ढोल नगाड़े की थाप के बीच उनका जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि नवाखानी पर्व हम पूर्वजकाल से ही धूमधाम से मनाते आये हैं। यह पर्व फसल की अच्छी उपज के लिए ईश्वर के प्रति धन्यवाद प्रकट करने का अवसर है। मौके उन्होंने समाज मे फैल रही कुरीतियों को भी गिनिया। साथ ही उसे दूर करने के लोगों को आगे आने का आह्वान किया। वहीं विधायक ने लोगों को समाज की संस्कृति से भी रु ब रु कराते हुए उसे बचाने के लिए आगे आने का आह्वान किया। विधायक ने कहा ही आदिवासी समाज की भाषा संस्कृति अनोखा है। लेकिना आधुनिकता के दौर में हमारी संस्कृति गुम हो रही है। सरकार तो अपने स्तर से इसे बचाने में जुटी है। लेकिन हमारा दिखावेपन की चाहत ने हमे अपनी भाषा संस्कृति से दूर कर रहा है। हमारी पहचान हमारी भाषा संस्कृति से ही है। इसे बचाये रखने की जरूरत है। इसके लिए समाज के हर एक जन को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज को भारतीय संविधान में विशेष अधिकार प्राप्त है। लेकिन जागरूकता के अभाव में हम उस अधिकार से वंचित है। इसे हमारे समाज के लोगों को बताने की जरूरत है। विधायक ने कहा कि सरकार भी आदिवासी समाज की विकास को लेकर कृत संकल्प है। आदिवासी समाज के उत्थान और विकास के लिए न जाने कितने ही अनगिनत योजनाएं चला रही है। इस योजना का लाभ लेने के आगे बढ़ें। अपने हक और अधिकार को पाने के लिए एकजुट रहें।

### खरवागाढ़ा इन्द मेला में आकर्षण का केंद्र बना हब्बा डब्बा और मुर्गा लड़ाई

**जलडेगा।** ओडगा ओपी थाना क्षेत्र के खरवागाढ़ा में इन्द मेला के नाम पर जम कर हब्बा डब्बा और मुर्गा लड़ाई का खेल हुआ, इसकी सूचना गांव के ही कुछ ग्रामीणों ने प्रखंड के प्रमुख जुसाफ लुगुन को दी। जानकारी मिलने के बाद प्रमुख ने मेला का निरीक्षण किया। जहां देखा गया की भारी संख्या में लोग हब्बा डब्बा और मुर्गा लड़ाई खेल में मस्त थे। प्रखंड प्रमुख ने तुरंत ओडगा ओपी को फोन कर इसकी सूचना दी और कार्रवाई करने को कहा। मामले को गंभीरता से लेकर तुरंत पुलिस बल के साथ मेला स्थल के लिए रवाना हुए, चूंकि ओडगा से खरवागाढ़ा की दूरी लगभग 25 से 30 किलोमीटर है, और पुलिस के पहुंचने तक सारे जुआरी मेला से भाग चुके थे, जिसके कारण मेला स्थल पर किसी प्रकार का कोई हब्बा डब्बा और मुर्गा लड़ाई करने वालों को नहीं पकड़ा जा सका।

## भैया दूज जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में परंपरागत तरीके से आस्था व श्रद्धा के साथ मनाया गया

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** बहन-भाइयों का पवित्र त्योहार भैया दूज जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में परंपरागत तरीके से आस्था व श्रद्धा के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों की दीघार्यु के लिए उन्हें शाप दिया, फिर मंगल कामना कीं। वहीं गोबर से बने गोधन को कूटा और प्रसाद स्वरूप गोबर की गोलियां बांटी। सुबह घर की साफ-सफाई के बाद दरवाजे पर गोबर से गोधन बनाया गया। गोबर का एक वर्ग बनाकर उसके बीच में गोधन की एक बड़ी मूर्ति बनाई गई। साथ में यम व उनकी पत्नी, गोवर्धन पर्वत, गाय, सांप-बिच्छू आदि बनाए गए। बच्चों ने भटकोइया, भड़भाड़, कुकुरमुत्ता, बेर के कांटे सहित तमाम कांट-कूस इकट्ठा किए। घर में भाइयों के लिए अमरपिठवा बना। साथ ही खीर-पूड़ी बनाई गई। तीन-चार घरों के बीच में एक जगह गोधन बनाया गया था। उन घरों की महिलाएं एक जगह इकट्ठा हुई। बिना कुछ खाये-पीये बहनें पूर्वाह्न 08 बजे के आसपास दरवाजे पर गोधन के पास पहुंचीं और कांटा तोड़-तोड़ कर भाइयों को श्राप देने लगीं। इसके बाद गोबर से बने गोधन के सीने पर ईट रखकर मूसल टिकाकर वर्ग के इस पार से उस पार कूदीं। गोधन कूटने के बाद उसके सिर के गोबर की कई गोलियां बनाकर सभी को प्रसाद स्वरूप बांटा। ये गोबर की गोलियां बखार में (जहां अन्न रखा जाता है) रखी जातीं हैं। मान्यता है कि बखार में इन गोलियों को रखने से वर्ष भर अन्न की कमी नहीं होती है। गोधन कूटने के दौरान मंगल गीत गाए गए। पर्व के महात्म्य से संबंधित कथा सुनी गई। इधर भैया दूज के मौके पर स्थानीय मिशन चौक, बरवाटोली, चंद्रशेखर आजाद चौक, हटिया गार्डन, गांधी चौक समेत विभिन्न गली मोहल्लों में महिलाओं और युवतियों भाइयों की यमराज से भय मुक्ति और दीघार्यु के लिए पूजा अर्चना की।

## न्यूज गैलरी

### चार पंचायतों में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार प्रखंड के चार पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का दूसरे चरण के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। वहीं एक नवंबर को पंचायत सचिवालय तुकबेरा, पांच नवंबर को पंचायत सचिवालय रबदा, नौ नवंबर को पंचायत सचिवालय कंडा तथा 14 नवंबर को पंचायत सचिवालय इटको में शिविर का आयोजन किया गया। वहीं लाभुकों को ऑन स्पॉट योजना का लाभ दिया जाएगा। इस आशय की जानकारी नावा बाजार बीडीओ मोहम्मद अमीर हमजा ने दी।

### पलामू जिमनास्टिक एसोसिएशन के सचिव बने सुमित

**मेदिनीनगर।** पलामू में जिमनास्टिक की प्रैक्टिस करने वाले खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य के लिए रेडमा स्थित अर्बन डांस स्टूडियो में पलामू जिमनास्टिक एसोसिएशन का गठन किया गया। वही प्रशाल में मौजूद सभी खिलाड़ियों के सहमति से जिला संरक्षक का दायित्व प्रदीप नारायण को दिया गया। वहीं संजय त्रिपाठी को जिला अध्यक्ष का दायित्व दिया गया। पलामू जिमनास्टिक खेल के विकास को मध्य नजर रखते हुए सुमित कुमार वर्मन को जिला सचिव का दायित्व दिया गया वहीं दीपेंद्र सिंह, अशोक कुमार सिंह और सौरभ तिवारी को जिला सह सचिव का दायित्व दिया गया। तो वहीं अर्बन डांस स्टूडियो के शिक्षक आकाश कुमार को कोषाध्यक्ष का दायित्व दिया गया। पलामू जिमनास्टिक एसोसिएशन का गठन झारखंड जिमनास्टिक एसोसिएशन के सचिव निशिकांत आनंद के द्वारा किया गया। जिसमे सदस्य के रूप के पवन कुमार, राहुल कुमार, प्रिया पांडेय, विशाल कुमार, रेशमा पांडेय, सोनी कुमारी, हरसीत तिवारी शामिल है।

### झारखंड सरकार आज भी जमींदार बनी हुई है : रुचिर

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी, राज्य परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह एवं एआईएसएफ के जिला सचिव मृत्युंजय तिवारी ने बेलवाटिका में गुरुवार को संयुक्त रुप से प्रेस बयान जारी कर कहा कि मेदिनीनगर नगर निगम में खासमहाल जमीन का मामला बहुत दिन से पेंडिंग चला आ रहा है। 1955- 56 में जमींदारी इनभेसट होने के बाद भी झारखंड सरकार आज भी जमींदार बनी हुई है। नगर निगम बनने के बाद भाजपा की रघुवर सरकार ने निगम वासियों से यह वादा किया था कि खास महल की जमीन को बहुत जल्द फ्री होल्ड किया जाएगा। लेकिन निगम में चुनाव जीतने के 1 साल बाद भी भाजपा सरकार ने लीज मामले फ्री होल्ड की कोई कार्रवाई नहीं की। आज कांग्रेस झामुमो की गठबंधन की सरकार निगम वासियों के ऊपर लीज की जमीन का दर बढ़ाकर लोगों को जबरन दोगुना टेक्स ठोकने का काम कर रही है। जिससे ठेला चलाने वाले गरीब आम जनता चुकाने में सक्षम है। खास महल निज के मामले में भाजपा की सरकार जितना दोषी है उतना ही कांग्रेस झारखंड मुक्ति मोर्चा गठबंधन की सरकार दोषी है। जनता से टैक्स लेने के मामले में यह दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू के रूप में काम करते हैं। वहीं निगम में फेज टू का निर्माण कार्य बंद है। आम जनता को पीने के लिए शुद्ध पानी तक उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। पानी का लेयर नीचे चला गया है और आम जनता से पानी का टैक्स लिया जा रहा है। ऐसी परिस्थिति में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी चुप नहीं बैठेगी। और आम जनता को गोलबंद करके आंदोलन करने को बाध्य हो जाएगी।

### चुनाव आते ही मेयर को खासमहाल लीज नवीकरण की आयी याद : दीपक

**मेदिनीनगर।** झामुमो नेता दीपक तिवारी ने कहा कि चुनाव नजदीक आते ही मेयर को खासमहाल लीज बंदोबस्त व लीज नवीकरण की याद आयी हैं। आज वह खासमहाल बंदोबस्त व लीज नवीकरण का मुद्दा उठा कर जनता का ध्यान अपनी ओर खींचने में लगी हैं। लेकिन उस वक्त मेयर को जनता की याद क्यों नहीं आयी। उन्होंने बताया कि हम तो लोकतंत्र को और लोकतंत्र के स्तंभों को सर्वोपरि मानते हैं। तभी तो राजनीतिक कार्यकर्ता के तौर पर बाइस साल से जनता के हितों की रक्षा के लिए उठाए जाने वाले कदम से परिचित हैं। सेवा के क्षेत्र में कार्य करने के बावजूद मृत सय्या पर लेटी विपक्षी जिम्मेदारी को अपने कंधों पर उठा कर निगम की निरंकुश शासन को जगाने का काम किया।

### कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव ने किया वार्ड 6 का दौरा

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी, एआईएसएफ के जिला सचिव मृत्युंजय तिवारी ने बारालोटा के वार्ड नंबर 6 एवं चार का दौरा किया जहां पर वार्ड नंबर 6 में आज 6 महीने से अधूरे पड़े सड़क निर्माण पर चिंता व्यक्त किया। वही बारालोटा एवं कचरवा की आम जनता ने काफी जन समस्याओं से अवगत कराया सड़क नाली जैसे निर्माण का काम तो नए क्षेत्रों में हुआ ही नहीं , निगम के मेयर नए क्षेत्रों से होल्डिंग टैक्स के नाम पर और नए भवन के निर्माण के नाम पर नक्शा कटवाने के नाम पर करोड़ों का टैक्स उगाही करने का काम किया है। वही कचरवा डैम में बना हुआ इन्टेक वेल जिससे डैम का पानी मेडिकल कॉलेज में जाता है का निर्माण होने से बारालोटा सहित कचरवा वासियों के चापाकल का लेयर नीचे जा रहा है आज क्षेत्र भ्रमण के दौरान देखा कि कचरवा डैम का पानी काफी नीचे चला । निगम के उदासीन रवैया के कारण यह इलाका बहुत जल्दी ड्राई जॉन हो जाएगा निगम के मेयर और वार्ड के जनप्रतिनिधि केवल बड़े-बड़े होर्डिंग लगाने में लगे हुए हैं लेकिन कचरवा डैम की गहरीकरण की बात कह कर इस और उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया जबकि बारालोटा एवं कचरवा के निवासियों का लाइफ लाइन यह कचरवा डैम है। जिसमें शुरूआती दौर में बारालोटा निवासी स्वर्गीय विगावन तिवारी का 5 एकड़ जमीन इसका चरवा डैम में चला गया उनके पोता मृत्युंजय तिवारी डैम का पानी सूखने से काफी चिंतित है। ऐसी परिस्थिति में निगम अभिलंब कचरवा डैम का गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण करें ताकि इस इलाके में सिंचाई एवं पीने की पानी का लेयर बरकरार रहे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम से समाज में आती है समरसता : राजीव

**हरिहरगंज।** प्रखंड के सतगावां डाक बंगला स्थित देवी मंदिर के प्रांगण में महालक्ष्मी पूजा के उपलक्ष्य पर न्यू निर्माण सत्य समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने फीता काटकर किया। मौके पर राजीव रंजन ने कहा कि माता लक्ष्मी व भगवान गणेश जी की पूजा-अर्चना से सुख-समृद्धि आती है। समिति के सभी सदस्यों को कार्यक्रम आयोजीत करने के लिए बधाई दी। मौके पर मृत्युंजय सिंह, गोपाल प्रसाद, दिनेश पासवान, विनोद पासवान सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थें।

### छठ घाटों का एसडीओ, नप अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों ने किया निरीक्षण

# सभी छठ घाटों पर पुलिस की व्यवस्था पूरी तरह से दुरुस्त रहेगी: एसडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** छठ पूजा के शुभ अवसर पर आज नगर परिषद के स्टूडेंट क्लब, फ्रेंड्स क्लब, टी ग्रुप, जय देवी संघ छठ घाटों पर गढ़वा के अनुमंडल पदाधिकारी, नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी केसरी, उपाध्यक्ष मीरा पांडे गढ़वा के अंचलाधिकारी मयंक भूषण तथा थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत ने निरीक्षण किया निरीक्षण किया। सभी छठ घाटों की साफ-सफाई से सभी लोग संतुष्ट हुए।



अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा सभी छठ घाटों पर पुलिस की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रहेगी। नदी में ज्यादा पानी नहीं होने के कारण किसी प्रकार की खतरा की कोई आशंका नहीं है फिर भी तैराकों की व्यवस्था रहेगी। नगर परिषद पिंकी केसरी ने कहा कि आज करीब एक महीना से नगर परिषद का जेसीबी और पोपलेन नगर परिषद क्षेत्र में पड़ने वाले सभी घाटों की सफाई सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है और साथ-साथ सभी छठ घाट के सदस्यों के द्वारा भी साफ सफाई की जा रही है। गढ़वा का छठ बहुत सुंदर होता है इस मौके पर मुख्य रूप से नगर परिषद के प्रबंधक ओमकार यादव, नगर परिषद के अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष केसरी फ्रेंड्स क्लब के अध्यक्ष फंटूश गुप्ता प्रमोद केसरी दीपक सरदार स्टूडेंट क्लब के संरक्षक विनोद जायसवाल जय देवी संघ के अध्यक्ष दीपक सोनी,महामंत्री राजकुमार मेहता टी ग्रुप के अध्यक्ष ब्रजेश उपाध्याय, तथा तथा सभी क्लब के सदस्यगण उपस्थित थे।

## भवनाथपुर के विभिन्न छठ घाटों पर चला साफ-सफाई अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड के थाना के टाउनशिप दुर्गा मंदिर परिसर, भवनाथपुर सर्वेश्वरी आश्रम छठ घाट, सूर्य मंदिर के पास पुलिस अधिकारी, पुलिस जवान, समाज सेवी सहित कई लोग गुरुवार को को छठ घाट की सफाई कार्य में जुटे रहे। इसको लेकर उनमें काफी उत्साह देखने को मिला। थाना के एस आई रामप्रसाद इंदवार, एएसआई मुनेश्वर राम विरोधी, फिलिप टोपनो ने बताया कि आस्था के इस महापर्व को मनाने में किसी भी छठ व्रती को किसी प्रकार की कोई असुविधा ना हों इस लिए जवानो के साथ सर्वेश्वरी आश्रम के नदी की सफाई की जा रही है।

इनकी सफाई कर घाट को पूजा करने योग्य बनाया जाएगा ताकि छठव्रती स्नान कर सूर्यदेव को अर्घ्य दे सकें। मौके पर दुर्गा मंदिर परिसर को सत्यम पाण्डेय, आशीर्वाद सिंह, शाहिल सिंह, हिमांशु सिंह सूर्य मंदिर घाट को संजय कुमार,नितीश कुमार, सुनील कुमार, राजीव कुमार, शंकर प्रसाद गुप्ता, मनोज कुमार, अनूप गुप्ता सहित दर्जनों युवा शामिल थे।

### टोरी स्टेशन पर जान जोखिम में डालकर यात्रा करते हैं यात्री

## शिलान्यास के एक वर्ष बाद भी नही बना ओवरब्रिज

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** चंदवा टोरी जंक्शन पर कभी भी कोई भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। दुर्घटना रेलवे और स्थानीय रेल प्रशासन की वजह से हो सकता है। टोरी जंक्शन से रेलवे को प्रतिदिन लगभग करोड़ों रुपए रेवेन्यू प्राप्त होता है, इसके बावजूद भी टोरी जंक्शन सिर्फ कोयला जंक्शन बनकर रह गया है। यहां पर नागरिक सुविधा और सुरक्षा का कोई भी इंतजाम नहीं है। रेलवे ओवर ब्रिज का शिलान्यास 1 वर्ष पूर्व होने के बाद भी अभी तक ओवर ब्रिज नहीं बनना दुर्भाग्यपूर्ण है। समाजसेवी और राजनीतिक दल के द्वारा बार-बार इस मुद्दे पर आवाज उठाने के बावजूद रेलवे को कोई फर्क नही पड़ता। रेलवे को सिर्फ कोयला ढोने से मतलब रह गया है। टोरी जंक्शन पर सिर्फ एक फुट ओवर ब्रिज है वह भी सेंटर में और सिर्फ प्लेटफार्म पर आने जाने के लिए है। टोरी जंक्शन के दक्षिण में मुख्य टाउन और साप्ताहिक बुध बाजार लगता है। टोरी जंक्शन के उत्तर में सप्ताहिक हाट शुक्र बाजार लगता है जहां हजारों की संख्या में नागरिकों का आना जाना होता है। एक भी फुट ओवर ब्रिज नहीं है, जो नागरिकों को आने जाने के लिए इस पार से उस पार हो सके। फुटओवर ब्रिज नहीं होने के कारण स्थानीय नागरिकों के साथ साथ यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।



टोरी जंक्शन में 10 रेलवे लाइन है, इसके बावजूद भी एक भी फुटओवर ब्रिज का नहीं होना रेलवे की घोर लापरवाही को दशार्ता है।

रेलवे क्रॉसिंग कभी-कभी आधा घंटा तो कभी एक घंटा बंद रहता है । ओवरब्रिज नहीं होने के कारण भी स्थानीय नागरिकों और यात्रियों को मजबूरी में रेल पटरी के अंदर से आना-जाना करते हैं , रेलवे प्रशासन की ओर से सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए किसी भी प्रकार के गार्ड की व्यवस्था नहीं की गई है। इस कारण कभी भी कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। समाज सेवी रवि कुमार डे लगातार रेल प्रसाशन के खिलाफ धरना प्रदर्शन और कई सालों से करते आ रहे है। परंतु रेल प्रसाशन कोयला ढोने में लगी रहती है और डीआरएम देख कर चले जाते है।

## बस स्टैंड और सरईडीह में आम की लकड़ी का आज होगा वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह ।** छठ पूजा सहायतार्थ समिति बरवाडीह के द्वारा आज दिन शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय के बस स्टेंड के समीप सुबह 7 बजे सभी छठवर्तियों के बीच निशुल्क आम की लकड़ी का वितरण किया जायेगा। जिसके बाद सरईडीह स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में 10 बजे आम की लकड़ी का वितरण किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए सहायतार्थ समिति के सदस्यों ने सभी छठवर्तियों और श्रद्धालुओं से अपील किया है कि वह समय पर उक्त स्थल पर पहुंचकर आम की लकड़ी को जरूर लें जाएं। वहीं समिति के दीपक राज ने बताया कि धार्मिक कार्यों के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी सहायतार्थ समिति के लोग बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाते आ रहें है। हर वर्ष छठ पूजा के अवसर पर



समिति के सदस्यों के द्वारा आम की लकड़ी का वितरण करने के साथ - साथ अर्घ्य के लिए दूध, गन्ना या फल इत्यादि का वितरण किया जाता रहा है। वहीं आम की लकड़ी वितरण और साफ-सफाई के कार्य में छठ पूजा सहायतार्थ समिति के दीपक राज, हेमंत कश्यप, दीपक गुप्ता, आर्या ठाकुर डब्लू, अंकित गुप्ता, सोनू सिंह, उपेंद्र कु.यादव, नरेश चौरसिया, अशोक कुमार, सुभम नाथ, गोविंद सोनी, राजीव सिन्हा, अमित मेहरा, अभय नाथ और सत्येंद्र कुमार का मुख्य योगदान है।

## पिता को मारकर घायल करने वाला पुत्र गया जेल

**बरवाडीह।** अपने पिता को मारकर घायल करने वाले आरोपी पुत्र रिंकू सिंह को बरवाडी पुलिस ने लातेहार जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सराईडीह निवासी राजेश्वर सिंह के 35 वर्षीय पुत्र रिंकू कुमार सिंह अपने पिता से जुआ खेलने के लिए पैसे की मांग कर रहा था। पिता द्वारा पैसा नहीं देने पर पिता पुत्र मैं आपसी विवाद हो गया। जिसमे गुस्से में आकर पुत्र ने डंडे से मार कर अपने बीमार पिता को घायल कर दिया। घटना के बाद उसके दूसरे पुत्र ने अपने घायल पिता का इलाज करवाते हुए इसकी लिखित शिकायत घायल पिता राजेश्वर सिंह नेबरवाडी पुलिस को दी। वही बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह मामले की जांच पड़ताल करते हुए मामला दर्ज कर आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया।

## करंट की चपेट में आने से भैंस चरवाहे की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नौडीहा थाना क्षेत्र के नामुदाग पंचायत अंतर्गत मनसाटांड टोला निवासी 55 वर्षीय दरोगा यादव की भैंस चराने की क्रम में 11 हजार हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि तार पोल से टूटकर नीचे के खेत में गिरा पड़ा था। जिसके चपेट में आ गए और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। ग्रमीणों ने नौडीहा बाजार थान में सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रंजीत यादव ने घटना अस्थल पहुंच कर



शव को अपने कब्जे लेते हुए अंत्य परीक्षण के लिए एमएमसीएच मेदनीनगर भेज दिया। ग्रामीणों ने तार की स्थिति एकदम जर्जर बताते हुए बिजली विभाग पर लापरवाही बरतने की बात कही है।

## अमानत नदी पर गंगा आरती का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छठ महापर्व के शुभ अवसर पर लायंस क्लब ऑफ डालटनगंज के द्वारा अमानत घाट पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशेष आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत छठव्रतियों को एक शांत और साफ सुथरा वातावरण मिलेगा। जिसमें वह अपनी सारी पूजा पद्धति निर्विघ्न रुप से संपन्न कर सकेंगी। क्लब की ओर से बताया गया कि इस वर्ष चुकी पानी अधिक है इसलिए घाट लंबा और अधिक प्राप्त होगा। जिसकी सारी साफ-सफाई विद्युत एवं ध्वनि व्यवस्था चेंजिंग रूम, लाइट टावर,



तोरण द्वार के अलावा चिकित्सा की व्यवस्था की भी की जा रही है। इस वर्ष गंगा आरती का आयोजन बनारस की तर्ज पर बनारस के पंडितों द्वारा किया जा रहा है। वही सेवाश्रम से पूरी पूजा सामग्री का निशुल्क वितरण किया जाएगा एवं क्लब की ओर से निशुल्क 150 फीट के दो पंडाल तैयार किए जाएंगे। जो व्रतियों को समर्पित किए जाएंगे। क्लब में पूरे घाट पर चेंजिंग रूम की व्यवस्था भी की गई है और लाईट की भरपूर व्यवस्था होगी। मौके पर कार्यक्रम के परियोजना अध्यक्ष सुनील गुप्ता, क्लब के अध्यक्ष नवीन कुमार गुप्ता, सचिव रितेश कुमार एवं सक्रिय सदस्य संजय कुमार, इंद्रजीत सिंह डिंपल, सुधीर कुमार, आलोक माथुर, संजय कुमार पाठक, अमित आनंद सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

# छठ महापर्व को लेकर सज गया बाजार, बाजारों में उमड़ी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छठ की खरीददरी के लिए बाजार में एक बार फिर रौनक आ गयी है।लोग छठ की पूजा शुरू होने से पहले ही सारी तैयारी पूरी कर लेना चाहते है।इस बार छठ पूजा 28 अक्टूबर से शुरू होकर 31 अक्टूबर तक चलेगा।इस पूजा में सफाई का बहुत ध्यान रखा जाता है क्यों की इसमें हर छोटी से छोटी चीजो का अपनी अहमियत होती है।इसलिए छठवर्तियो ने पहले से ही सारी तैयारिया शुरू कर दी है। छठ को लेकर बाजार में खरीददारो की भीड़ लगने लगी है।ग्रामीण क्षेत्रो के साथ साथ शहरो में रहने वाले भी बाजारो में खरीद दारी के लिए पहुँच रहे है।इस बार पिछले वर्ष के तुलना में कीमतों में कुछ बढ़ोतरी हुई है। बाजारों में लगी है कई दुकानेः-छठ पूजा के अवसर पर बाजार पूरा गुलजार है।बाजार का पूरा क्षेत्र दुकानों के सजी है ।छह मुहान,पंच मुहान, कन्नी राम चौक,सतार सेठ चौक,बेलवाटिक,सुदना,नवाटोली और धड़ा पट्टी के पास अस्थाई दुकाने लगाई गयी है।इन जगहों पर सूप ,दउरा,टोकरी,फल,और पूजा की सामग्री की दुकाने लगाई गयी है।मिट्टी के दिए भी खूब बिक रहे है। प्रसाद में क्या क्या होता हैः- -छठ पूजा में प्रसाद के रूप में अरवा चावल के लड्डू,आटा,गुड़ के ठेकुवा,अदरक,निम्बू,सूप,गन्ना,पान का पत्ता,मूली,शरीफा आदि का प्रसाद में प्रयोग किया जाता है।इन सभी को छठ वर्तियो अपने सुप में रखकर छठ मइया को अर्ध्य देते है।





**साड़ी के दुकानो में उमड़ी भीड़ :** छठ पूजा में साड़ियों का बड़ा महत्त्व होता है।पूजा में महिलाओ की संख्या ज्यादा होती है।महिलाये नयी साड़ी पहन कर ही पूजा करती है।इस कारन साड़ियों के दुकानों में ज्यादा भीड़ देखी गयी।पुरुषो के लिए धोती का भी बिक्री खूब हुई।कपडा का व्यवसाय करने वाले नीशू ने बताया की इस बार नयी साड़ियों की रेंज लाया गया था और बिक्री भी उम्मीद के अनुरूप हुई है।छठ में साड़ियों की मांग हमेशा बढ़ जाती है।

**पीतल के बर्तनों की मांग बढ़ी :** दीवाली में बर्तनों की मांग बढ़ती है और ये सिलसिला छठ तक चलता है।छठ में पूजा की सामग्री बनाने के साथ साथ पूजा में भी पीतल के बर्तनों का इस्तेमाल किया जाता है।बाल्टी,सुप,परात,बटुवा का मांग ज्यादा होती है।बर्तन का कारोबार करने वाले अतुल ने बताया की छठ में केवल पीतल के बर्तनों की मांग होती है।पिछले साल की तुलना में इस बार ज्यादा बर्तनों की बिक्री नहीं हो पायी है।महगांई का और जीएस टी का असर दिखा है।

**शारदा सिन्हा के छठ गीतों की माँग :** छठ पर्व आते ही चारो तरफ छठमईया के गीतों की गूंज सुनाई देने लगती है। बाजारो में नई नई छठ गीतों की मांग ज्यादा है।शरद सिन्हा के गाये गानो की मांग लोगो ने ज्यादा की है। प्रशासन ने शहर में लगाई ब्रेकेटिंगः- छठ पर्व को लेकर प्रशासन ने शहरो में जगह जगह ब्रेकेटिंग लगाई है।ताकि वाहनों का प्रवेश न हो सके और किसी को परेसानी न हो।नगर निगम के द्वारा भी सड़को और नदी घटो को साफ किया गया है।सड़को पर नगर निगम के द्वारा प्रकाश का समुचित व्यवस्था किया गया है।अनेको सामाजिक संगठन भी छठ पूजा को लेकर सक्रिय हो जाते है।

**महगांई का दिखा असर :** छठ महापर्व को लेकर स्थानीय बाजारो में जगह-जगह पूजा के सामानों से पटे पड़े हैं। लेकिन हर त्योहार की तरह ही छठ पूजा पर भी महंगाई की मार साफ देखी जा सकती है। यही वजह है कि इस बार पूजा की विभिन्न वस्तुओं में से अधिकतर के दामों में 10 से 15 फीसदी की बढोत्तरी साफ देखी जा सकती है।

**पूजा के सामान का वर्तमान दाम :** सूप : 90-120 रूपए ,सेबः 90 रुपये किलो ,अमरूदः 80-100 रुपये किलो ,संतराः-120 रुपये किलो ,छउंटी या दौरा : 200-250 रूपए ,नारियल : 80 रूपए ,अनानास : 80 रूपए पीस ,ढाणा ,15रूपए पीस ,बांधी : 10 रूपए पीस ,हल्दी व अदरक 20 रूपए का एक पौधा ,सूथनी : 20 रूपए के 7 पीस ,अरवी , 20 रूपए की 7 पीस ,गन्ना : एक गन्ना 25 रूपए में ,शरीफा : 10 रूपए पीस ,कच्चा केला : 50-60 रूपए दर्जन, कौसी का हाथी : 60-70 रूपए पीस।

## अनुमण्डल क्षेत्र के कई जगहों पर हुआ भगवान चित्रगुप्त व काली की पूजा

### सभी लोगो पर माता की कृपा बरसे : विनोद सिंह



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र के कई गांवों में चित्रगुप्त पूजा एवं काली पूजा बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हुसैनाबाद प्रखण्ड के पोलडीह पंचायत के बरौली में भाजपा नेता बिनोद कुमार सिंह ने लक्ष्मी पूजा के शुभ अवसर पर भक्ति जागरण का उदघाटन फीता काट कर किया। मौके पर श्री सिंह ने माँ लक्ष्मी से कामना करते हुए कहा कि माँ इस बरौली गाँव पर हमेशा कृपा बनाये रखे ताकि लोग हमेशा खुश रहे। और लक्ष्मी पूजा कमिटी को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया कि इस तरह के कार्यक्रम आप वर्षो से कराते आ रहे है। इस मौके टूना सिंह, अशोक यादव, सुनील सिंह, अंकित कुमार, बबलू कुमार आदि सैकड़ो भक्तजन मौजूद थे । वहीं हैदरनगर प्रखण्ड में पंसा गाँव में भगवान चित्रगुप्त की पूजा विधि विधान के साथ किया। यह पूजा हिन्दू धर्म मे यमराज के खास सहयोगी भगवान चित्रगुप्त की पूजा कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष के द्वितीय तिथि को की जाती है। इस दिन भाई दूज व यमद्वितीया मानते हैं। इस वर्ष यमद्वितीया 26 अक्टूबर रात्रि में यह पूजा मनाया गया। मौके पर राजेन्द्र सिन्हा ने कहा कि इस पूजे को कायस्त समाज के लोगों द्वारा विधि विधान के साथ मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इसे लोग गोवर्धन पूजा के दिन गोवर्धन पर्वत गोधन एवं गाय और भगवान श्री कृष्ण की पूजा भी की जाती है।

सम्पादक की कलम से...

## कुर्सी का सस्पेंस बरकरार

**झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कुर्सी का सस्पेंस बरकरार है। ऐसे में राज्यपाल रमेश बैस का यह कहना कि उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े लाभ के पद मामले में 'एक और राय' मांगी है। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड में कभी भी 'एटम बम' फट सकता है। कुर्सी पर सस्पेंस से बेचैन हैं हेमंत सोरेन, क्यों नहीं कर रहे खुलासा; 'एटम बम' से क्या इशारा? जैसे सवाल आज भी आम अवाम को सोचने पर विवश कर रहा है। राज्यपाल रमेश बैस का यह बयान उस समय आया है जब वह दीपावली मनाने के लिए अपने गृह जिले रायपुर में मौजूद मीडिया से साझा की। यहां कभी भी 'एटम बम' फट सकता है। बैस से जब पूछा गया कि झारखंड में सोरेन सरकार के सहयोगियों ने उन पर राज्य सरकार को अस्थिर करने की साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया है तो उन्होंने कहा,अगर मेरी सरकार को अस्थिर करने की मंशा होती तो मैं चुनाव आयोग की जो सिफारिश आई है, उसके आधार पर निर्णय ले सकता था। लेकिन मैं बदले की भावना से या किसी को बदनाम करने के लिए कोई भी कार्रवाई करना नहीं चाहता। बैस ने कहा, "चूंकि, मैं एक संवैधानिक पद पर हूं, मुझे संविधान की रक्षा करनी है। संविधान के अनुसार चलना है। मेरे उपर कोई उंगली न उठाये कि इन्होंने बदले की भावना से ऐसा किया है। इसलिए मैंने 'एक और राय' मांगी है। हालांकि, उन्होंने चुनाव आयोग की सिफारिश के बारे में विस्तार से नहीं बताया और न ही यह स्पष्ट किया कि दूसरी राय किससे मांगी गई है। यह पूछे जाने पर कि क्या एक और राय मिलने के बाद कोई बड़ा फैसला सामने आयेगा, राज्यपाल ने कहा,दिल्ली में तो पटाखों पर पाबंदी है। लेकिन झारखंड में पटाखा प्रतिबंधित नहीं है। हो सकता है कि एकाध 'एटम बम' फट जाये। ऐसे में कहा जा सकता है कि लाभ के पद मामले में सोरेन को विधानसभा सदस्यता से अयोग्य ठहराने की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की याचिका के बाद चुनाव आयोग ने 25 अगस्त को झारखंड के राज्यपाल को अपना फैसला भेजा था। हालांकि, चुनाव आयोग के फैसले को अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है, लेकिन चर्चा है कि आयोग ने खनन पट्टे के मामले में एक विधायक के रूप में मुख्यमंत्री को अयोग्य ठहराने की सिफारिश की है। राज्य में ऐसी कयासों के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस महीने की 15 तारीख को कहा था कि देश के इतिहास में ऐसा संभवतः पहली बार है कि 'अपराधी' बार-बार पूछ रहा है कि उसने क्या अपराध किया है और यदि अपराध किया है तो उसकी सजा बता दें, लेकिन उसे उसका अपराध न बताकर ही एक तरह से दंडित किया जा रहा है। झारखंड में सरकार गिराने के लिए सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और कांग्रेस के विधायकों की खरीद-फरोख्त की आशंका के बीच पिछले महीने सोरेन सरकार ने विधानसभा में विश्वास मत हासिल किया था। इस दौरान विपक्षी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के विधायकों ने सदन से बहिगर्मन किया था। वैसे में यह मामला आज भी कई सवालों को खड़ा करता है। अब देखना है कि आने वाले दिनों में कैसे बम फटता है।**

## आज का इतिहास

**2011 :** विश्व के चौथी वरीयता प्राप्त ब्रिटिश टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे ने अमेरिका के डोनल्ड यंग को हराकर एटीपी थाईलैंड ओपन का एकल खिताब जीत लिया है।
**1492 :** ब्रिटेन के किंग हेनरी सप्तम ने फ्रांस पर आक्रमण किया।
**1869 :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म हुआ।
**1932 :** इराक ब्रिटेन से स्वतंत्र हुआ।
**1978 :** कलकत्ता (अब कोलकाता) में पहले और दुनिया में दूसरे टेस्ट ट्यूब बेबी का जन्म हुआ।
**1984 :** भारत की सबसे लंबी दूरी की ट्रेन हिमसागर एक्सप्रेस कन्याकुमारी से जम्मू तवी के लिए रवाना की गई।
**1992 :** गीत सेठी ने विश्व पेशेवर बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप जीता।
**1994 :** भारत ने सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के लिए औपचारिक रूप से अपना दावा पेश किया।
**1995 :** चीन एवं इंग्लैंड के बीच हांगकांग के सुगम हस्तांतरण पर सहमति बनी।
**1996 :** पाकिस्तानी बल्लेबाज शाहिद अफरीदी ने एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में 37 गेंदों में शतक बनाकर इतिहास रचा।
**2003 :** पाकिस्तान ने हत्फ-मिसाइल का परीक्षण किया।
**2011 :** पेंटर बाबू के नाम से चर्चित पाकिस्तानी चित्रकार वसील ने दुनिया को शांति और प्रेम का संदेश देने के लिए अपने खून से महात्मा गांधी का चित्र बनाया।
**2013 :** इतालवी द्वीप लात्पेदुसा के पास एक नाव के डूब जाने से करीब 134 लोगों की मौत हो गई।
**1998 :** बिहार के प्रमुख गाँधीवादी रचनात्मक कार्यकर्ता एवं स्वतंत्रता सेनानी प्रजापति मिश्र का जन्म हुआ।
**1904 :** भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लालबहादूर शास्त्री का जन्म हुआ।
**1924 :** राष्ट्रसंघ को शक्तिशाली बनाने के उद्देश्य से लाया गया जेनेवा प्रस्ताव महासभा द्वारा स्वीकृत हुआ किंतु बाद में उसकी पुष्टि नहीं हुई।

# वर्तमान परिदृश्य में भुखमरी की बढ़ती त्रासदी

> मॉस्को को जानने वाले जानते हैं कि मध्य नवंबर का वक्त वहां कितना सर्द होता है। बर्फ पड़नी शुरू हो चुकी थी और बर्फीली हवाएं बदन को चीरे डाल रही थीं। ऐसे में किसी तरह खुद को आगे धकेलती वृद्धा के दोनों ओर बहुमंजिला इमारतें के साथ मानो उसे लीले जा रहे थे। कवि दुष्यंत दिमाग के बंद दरवाजे भड़भड़ाने लगे थे। ये सारा जिस्म झुककर बोझ से दुहरा हुआ होगा, मैं सजदे में नहीं था आपको धोखा हुआ होगा। तीन दिन पहले हम संपदा का त्योहार दिवाली मनाकर नई दिल्ली से उड़े थे। मॉस्को वह शहर है, जहां संसार के सर्वाधिक नवधनाढ्य रहते हैं।

भारत अपनी पूरी जनसंख्या को अनाज उपलब्ध कराने में सक्षम है, पर समस्या की जड़ है अक्षम आपूर्ति चक्र, अवैज्ञानिक अनाज भंडारण, किसानों को बिचौलियों से बचा कर उनकी फसल का समुचित मूल्य प्रदान न करा पाना और अनाज की बबार्दी को न रोक पाना। आंकड़े बताते हैं कि भारत में पैदा होने वाले अनाज का पांचवां हिस्सा बर्बाद हो जाता है। कोरोना महामारी के पहले ही शुरू हो गई भुखमरी की समस्या ने अब और चिंताजनक रूप ले लिया है। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के मुताबिक 2019 तक पूरे विश्व में भुखमरी से जूझ रहे लोगों की तादाद लगभग 85.4 करोड़ थी। कोविड के कारण इस संख्या में और दस करोड़ की वृद्धि होने का अनुमान है। इसका कारण कोरोना के दिनों में वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी, लोगों का अपनी नौकरी और रोजगार से हाथ धो बैठना आदि है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक वैश्विक स्तर पर भुखमरी और इससे संबंधित होने वाली बीमारियों के कारण प्रतिदिन पच्चीस हजार लोगों की मृत्यु होती है, जिसमें बच्चों की संख्या दस हजार से ज्यादा है। यह समस्या भारत में और ज्यादा गहरी जड़ें जमाई हुई है। खाद्य एवं कृषि संगठन का मूल्यांकन बताता है कि पूरे विश्व में भुखमरी और इससे संबंधित बीमारियों से पीड़ित देशों की सूची में भारत शीर्ष स्थान पर है। यहां 18.92 करोड़ लोग यानी कुल जनसंख्या का चौदह फीसद भाग भुखमरी से जूझ रहा है। आंकड़े इसलिए और भयावह हैं कि इसमें 51.4 फीसद प्रजनन योग्य महिलाएं (15-49 साल) खून की कमी से पीड़ित हैं, पांच साल से कम उम्र के 34.6 फीसद बच्चे कुपोषण का शिकार हैं तथा चौदह फीसद ऐसे हैं, जिनका वजन अपनी उम्र के अनुकूल नहीं है।

'चाइल्ड स्टंटिंग', बाल मृत्यु-दर, अल्पपोषण तथा 'चाइल्ड वेस्टिंग' को आधार बनाकर आयरलैंड की एजेंसी कंसर्न वर्ल्डवाइड और जर्मनी का संगठन वेल्ट हंगर हिल्फ द्वारा जारी किये जाने वाले 'वैश्विक भुखमरी सूचकांक' के 2021 के आंकड़े में एक सौ सोलह देशों की सूची में भारत 27.2 अंकों के साथ एक सौ एकवें स्थान पर है, जो कि गंभीर श्रेणी में है। 2020 में भारत एक सौ सात देशों की सूची में चौरानबेवें स्थान पर था। इस सूचकांक में हमसे बेहतर हमारे पड़ोसी देश- नेपाल, बंग्लादेश और पाकिस्तान हैं। यह आंकड़ा भुखमरी से निजात पाने संबंधी हमारी सुस्त नीतियों का परिचायक है। भारत में भुखमरी की समस्या का एक मुख्य कारण यह भी है कि यहां विकसित देशों की तुलना में प्रति हेक्टेयर फसल उत्पादन कम है। एक तरफ जहां अमेरिका, जापान और ब्राजील जैसे देशों में प्रति हेक्टेयर धान, गेहूं का उत्पादन 3,500 किलो से ज्यादा है, वहीं भारत में बमुश्किल प्रति हेक्टेयर उत्पादन 2000 किलो तक हो पाता है। हरित क्रांति के पश्चात चकबंदी और भूमि संबंधी सुधारों के बाद भारत में अनाज उत्पादन में अप्रत्याशित वृद्धि हुई, तो वहीं दूसरी तरफ जनसंख्या में भी अनपेक्षित वृद्धि हुई है, जो आज से कुछ ही सालों के बाद भविष्य में भोजनापूर्ति के संदर्भ में साधारण जनमानस तथा सरकारी तंत्र के लिए चुनौती बनता दिखाई पड़ रहा है। भारत में हरित क्रांति का प्रभाव सीमित क्षेत्रों- मसलन, पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों में रहा। समकालीन परिदृश्य में भले इस क्रांति ने हमें अन्य उत्पादन में आत्मनिर्भर बना दिया हो, पर लंबी अवधि के संदर्भ में यह क्रांति हर मायने में घातक ही रही है। भले हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश के क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई, लेकिन कीटनाशकों और रसायनिक खाद के अंधाधुंध प्रयोग ने यहां सबसे ज्यादा कैंसर के मरीजों को भी जन्म दिया है। वर्तमान परिदृश्य में भारत अपनी पूरी जनसंख्या को अनाज उपलब्ध कराने में सक्षम है, पर समस्या की जड़ है अक्षम आपूर्ति चक्र, अवैज्ञानिक अनाज भंडारण, किसानों को बिचौलियों से बचा कर उनकी फसल का समुचित मूल्य प्रदान न करा पाना और अनाज की बबार्दी को न रोक पाना। आंकड़े बताते हैं कि भारत में पैदा होने वाले अनाज का पांचवां हिस्सा बर्बाद हो जाता है। प्रति वर्ष 6.7-7 करोड़ टन फसल की बबार्दी होती है, जिसका राजस्व लगभग पंचानबे हजार करोड़ है। 2019-20 में सरकार ने 7.517 करोड़ टन अनाज की खरीदारी की, जिसमें से 1930 टन अनाज बर्बाद हो गया।

**■ उद्भव शांडिल्य**

# गरीब बच्चों के लिए योगी सरकार का तोहफा

गौरतलब हो भारत एक बहुभाषी देश है जहां हजारों भाषाएं हैं। इनमें से 122 भाषाओं के मूल भाषी 10,000 से अधिक हैं (2001 की जनगणना के अनुसार) और बोलने वालों की संख्या के हिसाब से भारत में भाषाओं की सूची में अंग्रेजी 44वें स्थान पर है। मध्य प्रदेश के बाद उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने भी घोषणा की है कि वह भी अपने यहां मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई हिन्दी में कराने की तैयारी कर रहे हैं। मध्य प्रदेश की शिवराज सिंह चौहान सरकार ने मेडिकल की पढ़ाई हिन्दी में कराये जाने का साहसिक निर्णय लिया है उसका अनुसरण अन्य राज्यों में भी होना जरूरी है। फिलहाल तो मध्य प्रदेश पहला ऐसा राज्य बन गया है जहां मेडिकल की पढ़ाई हिन्दी में शुरू हो रही है। यह अच्छी बात है कि जब हमारे यहां अपनी मातृ भाषा में पढ़कर डाक्टर इंजीनियर बाहर निकलेंगे तो उनका आम जनता से जुड़ाव भी बेहतर तरीके से हो सकेगा। इसी लिए मध्य प्रदेश सरकार के फैसले का स्वागत हो रहा है। जश्न भी मनाया जा रहा है,लेकिन सवाल यह है कि यह सब तो आजादी के बाद ही हो जाना चाहिए था, इसके लिए 75 वर्षो तक यदि इंतजार करना पड़ा तो इसका जिम्मेदार कौन है। क्या यह सच नहीं है कि 1947 में हमें अंग्रेजों की गुलामी से भले ही आजादी मिल गई थी,लेकिन दो सौ वर्ष की गुलामी का असर आज भी हमारी मानसिकता और रहन-सहन पर हावी है। इसकी सबसे बड़ी कीमत हमारी मातृ भाषा हिन्दी और तमाम राज्यों की क्षेत्रीय भाषाओं को चुकानी पड़ी। निश्चित रूप से आजादी के पश्चात हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए हमारे सिस्टम और उस दौर की सरकारों को भूमिका भी अच्छी नहीं रही होगी, नहीं तो हालात ऐसे नहीं होते। अपने ही देश में हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए जब हिन्दी पखवाड़ा मनाना पड़े तो समझा जा सकता है कि हिन्दी के प्रति हमारी कैसी उदासीनता रही होगी। हिन्दुस्तान में अंग्रेजी योंही नहीं फलीफूली। अपने देश में आम धारणा है कि देश पर शासन करने के लिए या फिर रोजी-रोजगार और समाज में आगे बढ़ने के लिए अंग्रेजी मील का पत्थर साबित होती है, जिसका आना जरूरी हैं। यह सोच सरकार में बैठे हुक्मरानों ने बनाई तो अन्य लोग इसके पीछे चल पड़े। आज भी भारत में अंग्रेजी बोलने-जानने वालों को आसानी से नौकरी मिल जाती है। उनका वेतन भी अन्य भाषा भाषियों से अधिक होता है। अंग्रेजी में धाराप्रवाह होने से पुरुषों के वेतन में 34 प्रतिशत और महिलाओं के वेतन में 22 फीसदी तक की बढ़ोतरी हो जाती है। लेकिन ये प्रभाव अलग-अलग होते हैं। अधिक आयु वाले और अधिक शिक्षित श्रमिकों के लिए प्रतिफल(फायदा) अधिक हैं और कम शिक्षित तथा कम आयु के श्रमिकों के लिए ये प्रतिफल कम हैं, जिससे यह संकेत मिलता है कि अंग्रेजी कौशल और शिक्षा के बीच समय के साथ मजबूत हुई है। गौरतलब हो भारत एक बहुभाषी देश है जहां हजारों भाषाएं हैं। इनमें से 122 भाषाओं के मूल भाषी 10,000 से अधिक हैं (2001 की जनगणना के अनुसार) और बोलने वालों की संख्या के हिसाब से भारत में भाषाओं की सूची में अंग्रेजी 44वें स्थान पर है। एक सर्वे के अनुसार अपने देश में पांच में से एक भारतीय वयस्क अंग्रेजी बोल सकता है। चार प्रतिशत अंग्रेजी में धाराप्रवाह बोल सकते हैं और अतिरिक्त 16 फीसदी अंग्रेजी में थोड़ी-बहुत बातचीत कर सकते हैं।

**■ अजय कुमार**

## धर्म दर्शन

# श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्
### अथ प्रथमोऽध्यायः

अपने-अपने आश्रमको सुनसान छोड़कर भृगुवंशी ब्राह्मणोंको बाहर गया हुआ देखकर वे हैहय क्षत्रिय धनके लिये वहाँकी जमीन खोदने लगे ॥ 19 ॥

तत्पश्चात किसी ब्राह्मणके घरमें जमीन खोद रहे किसी क्षत्रियने कुछ पाया। अब परिश्रमके कारण क्षीणकाय सभी क्षत्रियोंने उस धनको देख लिया। उस समयसे जहाँ-जहाँ भी पता चलता, वे जमीन खोदकर समस्त धन ले लेते थे। धनके लोभसे आस पास रहनेवाले ब्राह्मणोंके भी घरोंको खोदनेपर उन क्षत्रियोंको पर्याप्त धन दिखलायी पड़ा। इसपर सभी ब्राह्मण रोने-चिल्लाने लगे और भयभीत होकर क्षत्रियोंके शरणागत हो गये ॥ 20-22 ॥

बार-बार खोजते रहनेपर उन ब्राह्मणकि घरसे प्रायः सभी धन निकल चुका था। फिर भी वे क्षत्रिय उन शरणागत ब्राह्मणोंपर कोप करके बाणोंसे प्रहार करते रहे ॥ 23 ॥

इसके पश्चात वे उन पर्वतकी गुफाओंमें पहुँच गये, जहाँ भृगुवंशी ब्राह्मण स्थित थे। इस प्रकार गर्भस्थ शिशुओंसहित ब्राह्मणोंको नष्ट करते हुए क्षत्रिय इस पृथ्वीमण्डलपर घूमने लगे ॥ 24 ॥

उन्हें जहाँ कहीं भृगुवंशी बालक, वृद्ध तथा अन्य भी मिल जाते थे, वे पापकी परवा किये बिना उन सभीको तीक्ष्ण बाणोंसे मार डालते थे ॥ 25 ॥

इस प्रकार इधर-उधर सभी भृगुवंशी ब्राह्मणोंके मार दिये जानेपर उन हैहय क्षत्रियोंने स्त्रियोंको पकड़-पकड़कर उनका गर्भ नष्ट कर डाला। पापकृत्यपर तुले हुए क्षत्रियोंके द्वारा जिन स्त्रियोंके गर्भ नष्ट कर दिये जाते थे, वे बेचारी अत्यन्त दुःखित होकर कुररी पक्षीकी भाँति विलाप करने लगती थीं ॥ 26-27 ॥

तब अन्य तीर्थवासी मुनियोंने भी अभिमानमें चूर उन हैहयवंशी क्षत्रियोंसे कहा- हे क्षत्रियो ! तुमलोग ब्राह्मणोंपर ऐसा भयंकर क्रोध करना छोड़ दो। हे श्रेष्ठ क्षत्रियो ! तुमलोगोंने तो अत्यन्त निन्दनीय तथा अनुचित कार्य आरम्भ कर दिया है जो कि तुमलोग भृगुवंशी ब्राह्मणोंकी पत्नियोंका गर्भोच्छेद कर रहे हो। अत्यन्त उग्र पाप अथवा पुण्यका फल इसी लोकमें प्राप्त हो जाता है। इसलिये कल्याणकी इच्छा रखनेवाले प्राणीको गर्हित कर्मका परित्याग कर देना चाहिये ॥ 28-30 ॥

तत्पश्चात क्रोधमें भरे हुए उन हैहय क्षत्रियोंने उन परम दयालु मुनियोंसे कहा- आप सभी लोग साधु हैं, अतः पापकर्मोंका रहस्य नहीं जानते ॥ 31 ॥

छल-छद्मको जाननेवाले इन ब्राह्मणोंने कपट करके हमारे महात्मा पूर्वजोंका सारा धन उसी प्रकार छीन लिया था जैसे कोई लुटेरा किसी पथिकका धन छीन लेता है ॥ 32 ॥

**- क्रमशः**

# केदारनाथ यात्रियों के साथ वन्यजीवों का जीवन खतरे में

पर्यावरण की दृष्टि से यह क्षेत्र अत्यंत संवेदनशील बनता जा रहा है। खतरों के लिहाज से हिमस्खलन की तीन श्रेणियां होती है। पहला रेड जोन क्षेत्र, जहां हिमस्खलन में बर्फ का प्रभावी दबाव तीन टन प्रति वर्गमीटर होता है। धार्मिक पर्यटन से ज्यादा कमाई के लालच में उत्तराखंड में यात्रियों के साथ ही जैव विविधता और वन्य जीवों के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है। केदारनाथ में हेलीकॉप्टर हादसे में 6 लोगों की मौत का हादसा नया नहीं है। पिछले 9 सालों में केदारनाथ में पांच हेलीकॉप्टर दुर्घटनाए हो चुकी हैं। वर्ष 2020 में हेलीकॉप्टर के ऊंचाई की निर्धारित दूरी के उल्लंघन के 74 मामले सामने आ चुके हैं। इसकी तहत हेलीकॉप्टर 250 मीटर से नीची उड़ान नहीं भर सकते। इसके बावजूद पर्यटन क्षेत्र से लोगों और सरकारी तंत्र ने कोई सबक नहीं सीखा। मौजूदा हालात को देख कर यही लगता है कि सरकारी तंत्र को और किसी बड़े हादसे का इंतजार है, शायद इसी के बाद ऐसे मामले पर अंकुश लग सके। हेलीकॉप्टर संचालित करने वाला कंपनियां सिर्फ अपना मुनाफा वसूलने के लिए धार्मिक यात्रियों की जान जोखिम में डाल रही हैं। आश्चर्य की बात यह है कि सरकारी एजेंसियां कंपनियों की मनमानी रोकने में नाकाम रही हैं। वर्ष 2018 में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने उत्तराखंड सरकार को हेलीकॉप्टर की उड़ान को नियंत्रित करने और संचालन की प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। हवाई उड़ान के लिए यह आवश्यक है कि हेलीकॉप्टर 2 हजार फीट की ऊंचाई से नीचे नहीं उड़े। इसकी ध्वनि की गति भी 50 डेसीबल निर्धारित की गई थी। हेलीकॉप्टर के उड़ान भरते वक्त और उतरते वक्त ही ध्वनि की गति अधिक होने की छूट दी गई थी। बेहतरीन रखरखाव वाले हेलीकॉप्टर्स में ध्वनि की आवाज को निर्धारित मानदंडों के अनुरूप रखा जा सकता है, जबकि पुराने हेलीकॉप्टर्स के साथ अधिक ध्वनि की समस्या आती है। नीची उड़ान भरने से हेलीकॉप्टर्स के दुर्घटनाग्रस्त होने के खतरे के अलावा तेज आवाज से इस इलाके का वन्यजीवन भी प्रभावित होता है। वन्यजीवों पर इसका प्रतिकूल असर पड़ता है। वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने वर्ष 2017 की रिपोर्ट के मुताबिक नीची उड़ान भरने होने वाले भारी ध्वनि प्रदूषण से वन्यजीवन प्रभावित हो रहा है। वन्यजीवों के स्वभाविक बर्ताव में बदलाव आ रहा है। हिमनद और पर्यावरण विशेषज्ञ पूर्व में ही केदारनाथ में बढ़ते पर्यटन के दवाब से प्राकृतिक आपदाओं में बढ़ोतरी की चेतावनी दे चुके हैं। इसके बावजूद पर्यटन क्षेत्र के लोगों और सरकार ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। करीब 11 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित केदारनाथ में इस साल करीब 14.7 लाख यात्री पहुंचे। इनमें करीब एक लाख तीन हजार यात्री हेलीकॉप्टर के जरिये पहुंचे। यात्रियों की यह संख्या ही इस बात का प्रमाण है कि केदारनाथ का पर्वतीय इलाका कितना भारी दवाब झेल रहा है। इससे इस क्षेत्र का पारिस्थितिक तंत्र गड़बड़ा रहा है। इस इलाके में बर्फीले तूफान और भू-स्खलन की घटनाएं आम हो चुकी हैं। पर्यावरण की दृष्टि से यह क्षेत्र अत्यंत संवेदनशील बनता जा रहा है। खतरों के लिहाज से हिमस्खलन की तीन श्रेणियां होती है। पहला रेड जोन क्षेत्र, जहां हिमस्खलन में बर्फ का प्रभावी दबाव तीन टन प्रति वर्गमीटर होता है। इतनी अधिक मात्रा में बर्फ के तेजी से नीचे खिसकने से भारी तबाही होती है। दूसरा ब्लू जोन, जहां बर्फ का प्रभावी दबाव तीन टन प्रति वर्ग मीटर से कम होता है। आपदा के लिहाज से यह रेड जोन से थोड़ा कम खतरनाक होता है। तीसरा येलो जोन, फिलहाल इन क्षेत्रों में हिमस्खलन की घटनाएं बेहद कम होती हैं और यदि हुई तो जानमाल के नुकसान की संभावना कम रहती है। केदारनाथ क्षेत्र में पिछले एक माह के भीतर हिमस्खलन की तीन घटनाएं हो चुकी हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन के चलते जहां गर्मी और बारिश में बदलाव देखने को मिल रहा, वहीं उच्च हिमालयी क्षेत्रों में सितंबर-अक्तूबर माह में ही बर्फबारी होने से हिमस्खलन की घटनाएं हो रही हैं। जिन क्षेत्रों में हिमस्खलन की घटना हुई, वे उच्च हिमालयी क्षेत्र हैं और वहां पहाड़ों पर तीव्र ढ़लान है, जिससे ग्लेशियरों पर गिरने वाली बर्फ गुरुत्वाकर्षण के चलते तेजी से नीचे खिसक रही है। लद्दाख क्षेत्र में कारगिल की पहाडियां, गुरेज घाटी, हिमाचल प्रदेश में चंबा घाटी, कुल्लू घाटी और किन्नौर घाटी के अलावा उत्तराखंड में चमोली और रुद्रप्रयाग के उच्च हिमालयी क्षेत्र हिमस्खलन के लिहाज से बेहद संवेदनशील हैं और यहां पूर्व में हिमस्खलन की बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं।

**■ योगेंद्र योगी**

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

# बड़े सब्जी बाजार की आवश्यकता

शहर काफी पुराना है। यहां पहले सब्जी बाजार और पुराना खस्सी मार्केट लगभग एक ही जगह पर थे। बाद में खंस्सी मार्केट वहां कई वर्षो तक लगता रहा फिर बाद में वह भी वहां से खत्म हो गया है। हमीदगंज में भी एक खस्सी मार्केट हुआ करता था वह भी अब वहां पर नहीं रहा। अब वह नाम की ही खंस्सी मार्केट है। शहर की बढ़ती हुई आबादी व इसके क्षेत्रफल के कारण अभी सब्जी बाजार सत्तार सेठ चौक से लेकर मनी टेलर तक पहुंच गया है। पहले यह क्षेत्र मुहल्लों में आया करता था। वहीं मांस का मार्केट एक जगह नहीं होकर कई चौक-चौराहों पर दिखाई देने लगा है। शहर के कई स्थानों पर लोग सुविधा के अनुसार सब्जी बाजार लगाने लगे हैं। उनमें से गांधी मैदान के समीप, सुदना गायत्री मंदिर रोड में पीपल के पास, जेलहाता चौक सोहसा बस मालिक के आवास के सामने, बैरिया चौक, सिंचाई विभाग, रेड़मा पुराना रांची रोड आदि जगहों पर सब्जी बाजार लगता है। मैं आपके लोकप्रिय हिंदी दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से निगम व प्रशासन से आग्रह करता हूं कि शहरी क्षेत्र के लिए बढ़ती हुई आबादी के कारण एक सब्जी बाजार की आवश्यकता है। साथ ही मांस -मछली के लिए एक मार्केट की आवश्यकता पुराने खस्सी मार्केट की तरह की जरूरत है। कई बार सब्जी बाजार के कन्नीराम चौक पर सुबह 11-12 बजे थोक सब्जियों के टैम्पू व जीप से आने के कारण यहां पर जाम की स्थिति हो जाती है। इसलिए थोक सब्जी व्यापारियों के लिए खुदरा सब्जी बाजार से अलग व्यवस्था की जाये।

**■ सुरेश प्रसाद , मेदिनीनगर।**

# ग्लोबल लीडर का रोल निभा रहा भारत

इस साल जो यूएन जनरल असेंबली का 77वां सेशन हुआ। भारत के नजरिए से देखें तो यह काफी महत्वपूर्ण रहा। इसमें भारत का जो अंतरराष्ट्रीय राजनीति में एक नया ओहदा है, उसे वह इस बार रेखांकित करने में सफल रहा। इस सेशन की जो थीम थी, उसका नाम था- ए वॉटरशेड मोमेंट : ट्रांसफार्मिंग सॉल्यूशन टु इंटरलॉकिंग चैलेंज। यानी यूएन सिस्टम अपने आप में यह बात मान रहा है कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में आज का संदर्भ बड़े बदलाव से है। असल में जिस तरह की रूपरेखा अंतरराष्ट्रीय राजनीति की आज बन रही है, वह अपने आप में एक तरह से पिछले सात दशकों के मैंडेट को चैलेंज करती है। इस वॉटरशेड मोमेंट में इसका समाधान खोजने की जरूरत है। बड़ी ताकतों के बीच उभरता तनाव, संस्थाओं का खत्म होना, युद्ध जैसी बहुत समस्याएं हैं। कोविड आया, फिर चीन का आक्रामक रुख और रूस-यूक्रेन युद्ध। जो भी बड़े मुद्दे आए, उनमें कहीं भी यूएन का कोई खास रोल नहीं रहा। **इसके संदर्भ में भारत ने अपनी कई बातें रखीं :** भारत ने अपने विचार इस बात को साझा करते हुए रखे कि आज वह अपनी आजादी के 75वें वर्ष को सेलिब्रेट कर रहा है। ऐसे में दुनिया की राजनीति में भारत का जो रोल है, उसे अब वह एक जिम्मेदार देश के तौर पर निभाना चाहता है। भारत के विदेश मंत्री ने न सिर्फ संयुक्त राष्ट्र की आम सभा में भाषण दिया, बल्कि उनकी जो बाकी बातें रहीं, एंगेजमेंट रहे, वे बहुत महत्वपूर्ण थे। जैसे- क्वॉड, ब्रिक्स और उत्सा की मीटिंग हुई। भारत, ब्राजील और साउथ अफ्रीका साथ आने लगे हैं। भारत, लैटिन अमेरिकी और कैरिबियाई देशों के बीच मीटिंग हुई। इसके अलावा और भी कई ट्राईलैटरल डायलॉग हुए, जैसे भारत-फ्रांस-ऑस्ट्रेलिया, भारत-फ्रांस-यूएई और भारत-इंडोनेशिया-ऑस्ट्रेलिया के बीच। आम सभा में शिरकत करने के अलावा ये सारे जो प्लैटफॉर्म हैं, इसने एक तरह से दिखाया कि भारत ऐसा देश है जो न सिर्फ अलग-अलग ग्रुप्स या ब्लॉक्स के बीच में अपनी पहचान बनाने में सक्षम रहा है, बल्कि वह एक और संदेश भी दे रहा है अंतरराष्ट्रीय समुदाय को। संदेश यह कि अगर यूएन में हमने जल्द सुधार नहीं किये, तो ग्लोबल गवर्नेंस फ्रेमवर्क यूएन से हटकर दूसरी तरफ चला जायेगा। ग्लोबल गवर्नेंस क्वॉड, ब्रिक्स और उत्सा जैसे प्लैटफॉर्म की तरफ शिफ्ट हो जायेगा। यह भारत का बड़ा स्टेटमेंट था। भारत ने यह भी बताया कि आज उसके जैसे देशों के पास और मंच भी उपलब्ध हैं। भारत ने सब देशों के सामने यह बात रखी कि आज वह अपनी जिम्मेदारी को एक वैश्विक हितधारक के तौर पर पूरी करने को तैयार है। चीन का नाम न लेते हुए भारत ने एक और बड़ा महत्वपूर्ण उदाहरण दिया। विदेश मंत्री ने कहा कि कई ऐसे देश हैं, जो यूएन का परमानेंट मेंबर होने के बावजूद यूएन चार्टर की अवमानना करते हैं जबकि दुनिया भर के देशों के लिए भारत अपनी ड्यूटी और जिम्मेदारी को लेकर प्रतिबद्ध है। विदेश मंत्री ने बताया कि चाहे वैक्सीन सप्लाई हो, जो हमने सौ से ज्यादा देशों को दी। चाहे हमारे आपदा राहत अभियान हों, डिवेलपमेंट पार्टनरशिप हो- हमने हर जगह जिम्मेदारी निभाई। भारत ने अपने आपको एक नई पहचान दी। खुद को उन देशों के विपरीत खड़ा किया, जो यूएन में होने के बावजूद एक जिम्मेदार नेता की भूमिका नहीं निभा रहे हैं। भारत ने कहा कि जिन देशों को मदद की जरूरत थी, फूड-फर्टिलाइजर-फ्यूल की जरूरत थी, जिन्हें यूक्रेन युद्ध के बीच सपोर्ट की जरूरत थी, जिनके लिए हिंद-प्रशांत में जो अस्थिरता और असुरक्षा बढ़ रही है, उन सब में भारत उन देशों के साथ खड़ा रहा, जो गरीब थे, जिनके पास उतने रिसोर्सेज नहीं हैं और जिन्हें बड़ी ताकतें नजरअंदाज कर देती हैं। **न्यूट्रल नहीं भारत :** दूसरी बात जो भारत ने रखी, वो यह कि यूक्रेन क्राइसिस में भारत न्यूट्रल नहीं है। इसमें भारत शांति और यूएन चार्टर के साथ खड़ा है। वह उन देशों के साथ खड़ा है जो डायलॉग और डिप्लोमेसी को मानते हैं। जिस तरह से वैश्विक आर्थिक संकट आता दिख रहा है, वह गरीब देशों के लिए परेशानी का सबब है। ऐसे समय भारत उन देशों के साथ खड़ा है। विदेश मंत्री ने इस बात का जिक्र किया कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों को संकीर्णता की नजर से नहीं, बल्कि जिस वसुधैव कुटुंबकम की बात वह करता आया है, वैसे देखता है।

**■ हर्ष वी. पंत**

**स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः** BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय** : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर :** 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने में किसानों का है सबसे बड़ा योगदान

**लॉकडाउन के दुष्परिणामों से या यों कहे कि बंदिशों से कृषि क्षेत्र को बचाये रखा जा सका तो इस क्षेत्र को जल्दी राहत देकर बचाया गया। इससे फसल की कटाई से लेकर मण्डियों में खरीद तक का मजबूत नेटवर्क प्रभावी रहा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना में सीधे किसानों के खातों में पैसा गया है इसका सीधा-सीधा लाभ किसानों को हुआ है। संयुक्त राष्ट्र संघ के विश्व खाद्य संगठन द्वारा दुनिया के देशों को बार-बार खाद्यान्न संकट की चेतावनी दी जा रही है। जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम में बदलाव आने लगा है। असामयिक वर्षा, अतिवृष्टि और अनावृष्टि आम होती जा रही है। अत्यधिक सर्दी, अत्यधिक गर्मी और अत्यधिक वर्षा जहां आम होती जा रही है वहीं समुद्री तूफानों की रफ्तार बढ़ी है। जंगलों में आग लगने लगी है। रही सही कमी रूस यूक्रेन युद्ध ने कर दी है और इसके चलते खाद्यान्न संकट और एक देश से दूसरे देश पहुंचाने की समस्या गंभीर हो गई है। या यों कहें कि खाद्यान्नों का आयात निर्यात प्रभावित हो रहा है। श्रीलंका का प्रयोग सबके सामने है जहां जैविक खेती के निर्णय ने गंभीर संकट ला दिया और सरकार का तख्ता पलट गया। दरअसल दुनिया के देशों में खाद्य सामग्री के भावों में जिस तरह से तेजी आ रही है वह अपने आप में गंभीर समस्या है।**

पिछले दिनों हमारे देश में सरकार ने किसानों के लिए राहतों की घोषणाएं की हैं। इसमें एक देश-एक मण्डी, तिलहन, दलहन, आलू प्याज आदि को आवश्यक वस्तु अधिनियम के नियंत्रण से मुक्त करने और कॉन्ट्रेक्ट खेती आदि प्रमुख हैं।

एक बात अब साफ हो गई है कि दुनिया के देशों की अर्थव्यवस्था को खेती किसानी ही नई दिशा दे सकती है। कोरोना लॉकडाउन और रूस-यूक्रेन युद्ध ने दो बातें साफ कर दी हैं कि औद्योगिकीकरण के बावजूद खेती किसानी की अपनी अहमियत है। जिस तरह से कोरोना महामारी के दौरान देश-दुनिया के लोगों का बड़ा सहारा खेती किसानी ही बनी, ठीक उसी तरह से भुखमरी से जूझते देशों के साथ ही समग्र विश्व की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार खेती किसानी रह गई है। इसमें कोई दो राय नहीं कि औद्योगिकीकरण समय की मांग है पर पिछले कुछ दशकों से औद्योगिकरण के नाम पर खेती-किसानी की जिस तरह से उपेक्षा हुई उसका परिणाम रहा कि गांव उजड़ते गए और शहर गगनचुंबी इमारतों में तब्दील होते गए। इसके साथ ही उद्योग धंधों की प्राथमिकता के चलते कृषि क्षेत्र पर अपेक्षित ध्यान भी नहीं दिया गया। यह तो अन्नदाता की मेहनत का परिणाम रहा है कि देश में खाद्यान्नों के भण्डार भरे हैं।

कोरोना लॉकडाउन के कारण जब सबकुछ थम-सा गया उस समय में सबसे बड़ा सहारा खाद्यान्नों से भरे यह गोदाम ही रहे हैं। लोगों की एकमात्र आवश्यकता रसोई की सामग्री की उपलब्धता रही और इसमें सरकार पूरी तरह से सफल रही। आज अर्थशास्त्री एक बार फिर यह कहने लगे हैं कि यदि अर्थव्यवस्था को उबारना है तो इसके लिए कृषि क्षेत्र पर विशेष ध्यान देना होगा। सरकार भी अब कृषि क्षेत्र पर खास ध्यान देने लगी है। यही कारण है कि लॉकडाउन के बाद अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए जो पैकेजों का दौर चला उसमें कृषि को खास महत्व दिया गया। कृषि क्षेत्र के प्रभाव को हमें दो तरह से समझना होगा। पहला यह कि कोरोना के चलते लॉकडाउन के हालातों और रोजगार ठप्प होने की स्थिति में लोगों को अनाज, दाल आदि उपलब्ध कराना ताकि कोई भी व्यक्ति भूखा ना सोए तो दूसरी और किसानों के हाथ में भी पूंजी का आना जिससे वे आर्थिक दृष्टि से मजबूत हो सके। केन्द्र हो या राज्य सरकारें सभी इस दिशा में आगे बढ़ी हैं। यह समय की मांग भी है तो आवश्यकता भी। लॉकडाउन के दौरान देश के करीब 80 करोड़ लोगों तक गेहूं, चांवल, दाल आदि मुफ्त उपलब्ध कराया गया। देश के कई राज्यों में आज भी गरीबों और साधनहीन लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। इतनी बड़ी तादाद में राशन सामग्री का वितरण कर लोगों को दो जून की रोटी उपलब्ध कराने की बड़ी पहल अन्नदाता की मेहनत का ही परिणाम है।



लॉकडाउन के दुष्परिणामों से या यों कहे कि बंदिशों से कृषि क्षेत्र को बचाये रखा जा सका तो इस क्षेत्र को जल्दी राहत देकर बचाया गया। इससे फसल की कटाई से लेकर मण्डियों में खरीद तक का मजबूत नेटवर्क प्रभावी रहा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना में सीधे किसानों के खातों में पैसा गया है इसका सीधा-सीधा लाभ किसानों को हुआ है। संयुक्त राष्ट्र संघ के विश्व खाद्य संगठन द्वारा दुनिया के देशों को बार-बार खाद्यान्न संकट की चेतावनी दी जा रही है। जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम में बदलाव आने लगा है। असामयिक वर्षा, अतिवृष्टि और अनावृष्टि आम होती जा रही है। अत्यधिक सर्दी, अत्यधिक गर्मी और अत्यधिक वर्षा जहां आम होती जा रही है वहीं समुद्री तूफानों की रफ्तार बढ़ी है। जंगलों में आग लगने लगी है। रही सही कमी रूस यूक्रेन युद्ध ने कर दी है और इसके चलते खाद्यान्न संकट और एक देश से दूसरे देश पहुंचाने की समस्या गंभीर हो गई है। या यों कहें कि खाद्यान्नों का आयात निर्यात प्रभावित हो रहा है। श्रीलंका का प्रयोग सबके सामने है जहां जैविक खेती के निर्णय ने गंभीर संकट ला दिया और सरकार का तख्ता पलट गया। दरअसल दुनिया के देशों में खाद्य सामग्री के भावों में जिस तरह से तेजी आ रही है वह अपने आप में गंभीर समस्या है।

पिछले दिनों हमारे देश में सरकार ने किसानों के लिए राहतों की घोषणाएं की हैं। इसमें एक देश-एक मण्डी, तिलहन, दलहन, आलू प्याज आदि को आवश्यक वस्तु अधिनियम के नियंत्रण से मुक्त करने और कॉन्ट्रेक्ट खेती आदि प्रमुख हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसान रेल को हरी झण्डी दिखाई तो राजस्थान सरकार ने कृषि प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए राहत की घोषणाएं, सहकारी समितियों को गौण मण्डी का दर्जा देकर किसानों को अपनी उपज बेचने के अधिक व स्वतंत्र अवसर जैसी सुविधाएं दी हैं। इससे निश्चित रूप से कृषि क्षेत्र को डोज मिलेगी पर अभी बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। खेती किसानी के महत्व को देखते हुए ही पिछले दिनों सहकारिता मंत्री अमित शाह ने पंचायत स्तर पर ग्राम सेवा सहकारी समितियों का संजाल विकसित करने पर जोर देते हुए रोड़ मेप दिया है। इसमें कोई दो राय नहीं कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने का एकमात्र सफल मॉडल सहकारिता ही है। इसी बात को सहकारिता मंत्री अमित शाह ने समझा है। कोरोना लॉकडाउन के दौरान जिस तरह से देश के कोने कोने से मजदूरों-प्रवासियों ने पैदल ही सैंकड़ों मील की यात्रा कर गांव की ओर पलायन किया और जिस तरह के चित्र मीडिया के माध्यम से सामने आया उससे एक बात साफ हो जानी चाहिए कि सरकार को अब गांव आधारित और खासतौर से कृषि, सह कृषि और कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने की ओर भी खास ध्यान देना होगा। जिस तरह से खेती में आधुनिक तकनीक के प्रयोग से पशुपालन पर विपरीत प्रभाव पड़ा है उस नीति में भी अब बदलाव की आवश्यकता हो गई है। पशुपालन से किसानों की अतिरिक्त आय उनकी माली हालात को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है वहीं जैविक खेती या परंपरागत खेती को बढ़ावा देते हुए रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम की जा सकती है। इस दिशा में सरकार को तेजी से आगे आना ही होगा।

हालांकि आर्थिक विश्लेषक मानने लगे हैं कि खेती ही अर्थव्यवस्था को जीवन दान दे सकती है। यही कारण है कि मानसून की अच्छी बरसात के चलते खरीफ फसल से बहुत आशा लगाई जा रही है। माना जा रहा है कि खरीफ में अधिक उत्पादन होगा और इससे अर्थव्यवस्था को पंख लगेंगे। एक बात साफ हो जानी चाहिए कि किसानों का भला होगा तो केवल दीर्घकालीन सुधार कार्यों से। उसे अच्छा बीज मिले, फसलोत्तर गतिविधियां वैज्ञानिक हों, मूल्य संवर्द्धन के लिए कृषि आधारित उद्योग लगे, भण्डारण खासतौर से कोल्ड स्टोरेज की चैन बने, कोल्ड स्टोरेज युक्त कंटेनर उपलब्ध हों ताकि उसकी उपज का सही मूल्य मिल सके। सबसे ज्यादा जरूरी है कि कृषि उपज के सरकारी मूल्यों की घोषणा समय पर व युक्तिसंगत हो और फिर फसल तैयार होते ही उसकी खरीद की व्यवस्था सुनिश्चित हो। किसान को सड़कों पर अपनी उपज फेंकने के हालात किसी भी हालत में नहीं आने चाहिए। सरकार को ऐसा रोडमेप बनाना होगा जो उत्पादकता और आय बढ़ाने वाला हो।

❖ **डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

# सर्दियों में हो गई है सूखी खांसी तो इससे निपटने के लिए अपनायें ये उपाय



एक साल से अधिक उम्र के बच्चे से लेकर व्यस्क सूखी खांसी का उपचार करने के लिए शहद का इस्तेमाल कर सकते हैं। शहद में जीवाणुरोधी गुण होते हैं और यह जलन को कम करने के साथ गले को कोट करने में भी मदद कर सकता है, जिससे आपको इरिटेशन नहीं होती। ठंड के मौसम में सूखी खांसी होना एक आम स्वास्थ्य समस्या है। यह बच्चों से लेकर बड़ों तक किसी को भी अपनी जद में ले सकती है। सूखी खांसी आपको बहुत अधिक असहज महसूस कराती है, क्योंकि यह आपके फेफड़ों या नाक मार्ग से बलगम, कफ या जलन को दूर करने में असमर्थ हैं। सर्दी या फ्लू होने के बाद सूखी खाँसी आपको हफ्तों तक जकड़ सकती है। ऐसे में इससे निपटने के लिए आप दवाई के अलावा कुछ अन्य उपाय भी अपना सकते हैं।

**शहद :** हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि एक साल से अधिक उम्र के बच्चे से लेकर व्यस्क सूखी खांसी का उपचार करने के लिए शहद का इस्तेमाल कर सकते हैं। शहद में जीवाणुरोधी गुण होते हैं और यह जलन को कम करने के साथ गले को कोट करने में भी मदद कर सकता है, जिससे आपको इरिटेशन नहीं होती। इसके सेवन के लिए आप रोजाना कई बार चम्मच से शहद ले सकते हैं, या फिर इसे चाय या गर्म पानी में मिलाकर पी सकते हैं।

**हल्दी :** हल्दी में पाया जाने वाले कर्क्युमिन में एंटी-वायरल, एंटी-इंफलेमेटरी, व एंटी-बैक्टीरियल प्रॉपर्टीज होती हैं। यह सिर्फ सूखी खांसी में ही लाभदायक नहीं है, बल्कि आपको अन्य भी कई हेल्थ प्रॉब्लम्स में लाभ होता है। अगर आपको सूखी खांसी की समस्या है तो आप हल्दी के साथ काली मिर्च डालकर सेवन करें। इससे आपको जल्द और बेहतर परिणाम नजर आएंगे। आप इसे अपने पेय पदार्थों में एक छोटा चम्मच हल्दी व थोड़ा सा काली मिर्च पाउडर डालकर सेवन करें। आप चाहें तो इसकी मदद से चाय भी बनाकर पी सकते हैं। हल्दी का उपयोग सदियों से आयुर्वेदिक दवाओं में श्वसन स्थितियों, ब्रोंकाइटिस और अस्थमा के इलाज के लिए किया जाता है।

**अदरक :** सदियों से दादी-नानी सूखी खांसी होने पर अदरक के सेवन की सलाह देती हैं। अदरक में जीवाणुरोधी और एंटी-इंफलेमेंटरी प्रॉपर्टीज होती हैं। यह ना सिर्फ सूखी खांसी से आराम दिलाता है, बल्कि इम्युन सिस्टम को बूस्ट करता है और दर्द से भी राहत दिलाता है। आप इसे चाय में डालकर पी सकते हैं या फिर इसका रस निकालकर उसमें शहद डालकर पीएं।

**पुदीना :** सूखी खांसी होने पर पुदीने का इस्तेमाल करना भी एक अच्छा विचार है। दरअसल, पेपरमिंट में मेन्थॉल होता है, जो गले में तंत्रिका अंत को सुन्न करने में मदद करता है जो खांसी के कारण इरिटेट हो जाते हैं। यह दर्द से राहत प्रदान कर सकता है और खांसी को कम करता है। पुदीने में जीवाणुरोधी और एंटीवायरल गुण भी पाए जाते हैं। रात में खांसी को कम करने में मदद करने के लिए बिस्तर से ठीक पहले पेपरमिंट चाय पीने की कोशिश करें।

❖ **मिताली जैन**

# कैल्शियम और आयरन का कभी एक साथ नहीं करें सेवन...

चिकित्सकों के अनुसार शरीर में आयरन और कैल्शियम की कमी को पूरा करने के लिए आप अपने डाइट में भी कुछ भोजन शामिल कर सकते हैं। इसके अलावा डॉक्टर कई अन्य तरह के सप्लीमेंट्स का सेवन करने के लिए भी सलाह देते हैं।

शरीर में आयरन और कैल्शियम की कमी होना आज के समय में आम बात है। इनकी कमी के कारण लोगों में एनीमिया, कमजोर हड्डियां, थकावट और ओस्टियोपोरोसिस जैसे रोगों सामने आ जाते हैं। चिकित्सकों के अनुसार हमारे शरीर के छोटी आंत के एक हिस्से में आयरन जाकर स्टोर हो जाता है। यहां से उसे रक्तप्रवाह में पहुंचाने का काम एंटेरोसाइट्स नामक कोशिकाएं करती है। हालांकि, हम जो भी खाते हैं उससे पूरी मात्रा में आयरन की शरीर को नहीं मिल पाता है और फिर शरीर में आयरन की कमी हो जाती है। इसके अलावा जो लोग अपने आहार में आयरन से भरपूर चीजों का कम सेवन करते हैं उनके शरीर में भी आयरन की कमी रहती है। वहीं, शरीर में कैल्शियम की कमी होने से हड्डियां कमजोर होती हैं। ऐसे में जल्दी फ्रैक्चर आने जैसी समस्या हो सकती है। चिकित्सकों के अनुसार शरीर में आयरन और कैल्शियम की कमी को पूरा करने के लिए आप अपने डाइट में भी कुछ भोजन शामिल कर सकते हैं। इसके अलावा डॉक्टर कई अन्य तरह के सप्लीमेंट्स का सेवन करने के लिए भी सलाह देते हैं। हालांकि, कई लोग ऐसे भी हैं जो बिना डॉक्ट इस दौरान आपको इस बात का ध्यान रखना बेहद जरूरी है कि आयरन और कैल्शियम युक्त आहार या सप्लीमेंट्स को एक साथ सेवन नहीं करना हैं। इन दोनों को एक साथ खाने से आप अपने ही शरीर को नुकसान पहुंचा सकते हैं। आज हम आपको इन्हीं के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं कि कैल्शियम और आयरन दोनों की कमी साथ में होने पर क्या करना चाहिए और इन्हें एक साथ सेवन क्यों नहीं करना चाहिए।

**कैल्शियम और आयरन दोनों की साथ में कमी होने पर क्या करें**



विशेषज्ञों के अनुसार आयरन सप्लीमेंट्स को खाने के साथ कभी भी सेवन नहीं करना चाहिए। अगर आप आयरन सप्लीमेंट्स लेना चाहते हैं तो खाने के एक घंटे पहले या बाद में ही इसका सेवन करें। एक निश्चित समय पर ही कैल्शियम सप्लीमेंट को लेना चाहिए। वहीं, गर्भवती महिलाओं को आयरन और कैल्शियम की गोली कभी भी खाली पेट खाने की सलाह नहीं दी जाती है।

**एक साथ न खाएं आयरन और कैल्शियम की गोली :** आयरन और कैल्शियम की गोली को कभी भी डॉक्टर के सलाह के बिना सेवन नहीं करना चाहिए। इतना ही नहीं इन दोनों गोलियों को साथ में भी कभी सेवन नहीं करना चाहिए। इन दोनों गोलियों के सेवन करने के बीच लगभग 1 घंटे का अंतर जरूर रखें। चिकित्सकों के अनुसार आयरन और कैल्शियन को एक साथ में लेने पर शरीर द्वारा आयरन के ऐब्सॉर्ब होने में कैल्शियम रुकावट डालता है। आप खाना खाने के आधे घंटे बाद आयरन की गोली का सेवन कर सकते हैं। इसके अलावा इस बात भी ध्यान रखें कि आयरन की गोली का सेवन करने के साथ या तुरंत बाद दूध या दुग्ध-पदार्थ का सेवन न करें, वरना इससे आपको समस्या हो सकती है। चिकित्सकों के अनुसार दूध में कैल्शियम मौजूद होता है, ऐसे में अगर आप आयरन की गोलियों के साथ दूध का सेवन करते हैं तो अवशोषण में बाधा होती है। ऐसा ही कैल्शियम की गोलियों का भी हाल है और ये भी आयरन-अवशोषण में बाधा डालती है। इसलिए आपको आयरन और कैल्शियम की गोलियों और दुग्ध-पदार्थों का सेवन करने के बीच थोड़े घंटों का अंतर जरूर रखा चाहिए। आपको जानकारी के लिए बता दें कि आयरन की गोलियां खाने से आपको कब्ज, दस्त या अन्य पेट संबंधित समस्या होना आम बात है और इसके सेवन से मल का रंग भी काला हो जाता है। ऐसे में घबराने की जरूरत नहीं है।

❖ **सिमरन सिंह**

# ठंड के मौसम में इंडिया में घूमने के लिए ये हैं बेहतरीन जगहें



जब सर्दियों में बेहतरीन टूरिस्ट प्लेस की बात की जाती है, तो उसमें गोवा का नाम अवश्य लिया जाता है। ठंड के मौसम में लोग क्रिसमस से लेकर न्यू ईयर तक सेलिब्रेट करते हैं और इस दौरान लोग गोवा जाना बेहद ही पसंद करते हैं। ठंड के मौसम में अक्सर लोगों का बाहर घूमने का मन करता है। मौसम में ठंडक मन में एक प्रसन्नता का अहसास करवाती है और इसलिए लोग कहीं घूमकर आना चाहते हैं। हालांकि, सबसे पहले मन में यही सवाल आता है कि घूमने के लिए कहां जाएं। दरअसल, मन में एक शंका रहती है कि कहीं ठंड में बाहर घूमना मुसीबत ना बन जाए। हो सकता है कि आप भी कुछ ऐसा ही सोच रहे हों।

**शिमला-कुफरी, हिमाचल प्रदेश :** अगर आप ठंड के मौसम में स्नोफॉल को एक्सपीरियंस करना चाहते है तो ऐसे में आप शिमला-कुफरी घूमने के लिए जा सकते हैं। ठंड के मौसम में आप यहां पर बर्फबारी के अलावा कई तरह की एडवेंचर्स एक्टिविटीज का भी आनंद ले सकते हैं और माल रोड पर शॉपिंग का अनुभव प्राप्त कर सकते हैं।

**केरल :** ठंड के मौसम में आप केरल घूमने के लिए जा सकते हैं। मानसून के खत्म होने के बाद केरल की प्राकृतिक सुंदरता की भव्यता बस देखते ही बनते हैं। यही कारण है कि केरल को बेस्ट विंटर डेस्टिनेशन के रूप में जाना जाता है। आप यहां पर कोवलम और वर्कला समुद्र तट, एलेप्पी बैकवाटर, थेक्कडी और कुमिली मसाला उद्यान और मुन्नार चाय बागान आदि को देख सकते हैं। इसके अलावा, साइलेंट वैली नेशनल पार्क प्रकृति प्रेमियों के घूमने के लिए एक बेहतरीन स्थान है।

**औली, उत्तराखंड :** ठंड के मौसम में आप औली उत्तराखंड घूमने के लिए जा सकते हैं। यहां पर आप नंदा देवी, नीलकंठ और माना पर्वत की शानदार चोटियों को देख सकते हैं या फिर स्कीइंग का आनंद उठा सकते हैं। औली को स्कीइंग के लिए एक बेहतरीन थान माना गया है। यूं तो यह लगभग पूरे साल ही हरी-भरी घाटियों के कारण पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र है, लेकिन सर्दियों में इस जगह की खूबसूरती बस देखते ही बनती है।

**गोवा :** जब सर्दियों में बेहतरीन टूरिस्ट प्लेस की बात की जाती है, तो उसमें गोवा का नाम अवश्य लिया जाता है। ठंड के मौसम में लोग क्रिसमस से लेकर न्यू ईयर तक सेलिब्रेट करते हैं और इस दौरान लोग गोवा जाना बेहद ही पसंद करते हैं। गोवा की सुखद जलवायु, शांत समुद्र तट, वाटरस्पोर्ट और नाइटक्लब गोवा को सर्दियों में घूमने के लिए बेहतरीन प्लेस बनाते हैं।

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** आज अटके हुए कार्य पूरे होंगे। नए कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे। व्यापार-धंधे में प्रगति होगी। बेरोगजारों को नौकरी मिल सकती है। यात्रा की संभावना है।

**वृष राशि :** आर्थिक सुख-समृद्धि के बढने. का समय है। धन आगमन के रास्ते बनेंगे। घर-परिवार में अपनों की अच्छी सलाह से भी फायदे के रास्ते खुल सकते हैं।

**मिथुन राशि :** कार्यों की सफलता के लिए आज कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। धन आगमन के योग हैं, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कर्क राशि :** आज कार्यक्षेत्र में प्रगति होगी। धनप्राप्ति होने से परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। दोस्तों से मुलाकात हो सकती है। स्वास्थ्य को लेकर प्रसन्न रहेंगे।

**सिंह राशि :** आज का दिन मनोरंजन और घूमने-फिरने में समय व्यतीत कर सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। कारोबार में नवीन अवसर उपलब्ध रहेंगे।

**कन्या राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ मिलने के योग हैं। दाम्पत्य जीवन सुखी रहेगा। पुराने लोगों से रिश्तों में सुधार होगा।

**तुला राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक लाभ और आकस्मिक धन आगमन के योग हैं। विदेश यात्रा पर जा सकते हैं। दाम्पत्य जीवन में किसी बात को लेकर तनाव हो सकता है।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। आर्थिक लाभ के योग रहेंगे, लेकिन अनावश्यक खर्च बढने. से आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है।

**धनु राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार विस्तार की योजना बनाएंगे। कार्यभार की अधिकता रहेगी और दिन भागदौड़ में बीतेगा। अपने प्रयासों और अधिक मेहनत के कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मकर राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। धनप्राप्ति के योग हैं। सोच-समझकर और सलाह लेकर ही प्रॉपर्टी में निवेश करें। पैसे की लेन-देन करने से बचें। स्टूडेंट्स अपने करियर में सफलता से प्रसन्न रहेंगे।

**कुंभ राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में धनप्राप्ति होगी, लेकिन थोड़ी प्रतिकूलताओं का कामना करना पड़ेगा। कई दिनों से लंबित कार्य पूर्ण होगा। जॉब में उन्नति होगी।

**मीन राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधे में सफलता मिलेगी। कारोबार के सिलसिले में यात्रा पर जाना हो सकता है। यात्रा लाभप्रद रहेगी। धार्मिक कार्यों में रुचि रहेगी।

## न्यूज गैलरी

### आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि बढ़ी

नयी दिल्ली। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आकलन वर्ष 2022-23 के लिए आयकर अधिनियम, 1961 (अधिनियम) की धारा 139 की उप-धारा (1) के तहत आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि उन करदाताओं की श्रेणी के लिए बढ़ाकर 07 नवंबर, 2022 कर दी है जिनके लिए अंतिम तिथि 31 अक्टूबर, 2022 है। सीबीडीटी ने आज यहां जारी बयान में यह कहा कि इस संबंध में परिपत्र जारी कर दिया गया है।

### प्लास्टिक फ्लेक्स, बैनरों पर एक नवंबर से सख्त प्रतिबंध

**तिरुपति।** आंध्र प्रदेश सरकार ने पर्यावरण संरक्षण के मद्देनजर आगामी एक नवंबर से प्लास्टिक बैनरों और फ्लेक्स पर कड़ा प्रतिबंध लगा दिया है। तिरुपति के जिला कलेक्टर एम वेंकटरमण रेड्डी और तिरुपति नगर निगम आयुक्त (टीएमसी) अनुपमा अंजलि ने बुधवार को फ्लेक्स छापने वाले कारोबारियों के साथ समीक्षा बैठक की और जीओ नंबर 65 के कार्यान्वयन के लिए बहुमूल्य सुझाव दिए। श्री रेड्डी ने जिले में 55 फ्लेक्स निमार्ताओं के सहयोग की मांग की और प्लास्टिक बैनर निर्माण व्यापार में शामिल कुशल श्रमिकों के लिए वैकल्पिक रोजगार के अवसरों में कपड़ा बैनर, सरकारी सहायता के साथ बैंक वित्तपोषण और प्रशिक्षण के विकल्प दिए। सुश्री अंजलि ने कहा कि निमार्ताओं को भविष्य में बैनर बनाने में केवल बायोडिग्रेडेबल सामग्री का उपयोग करना चाहिए। बैनर निमार्ताओं ने बताया कि प्लास्टिक बैनरों की मशीनों से कपड़े की मशीनों को बदलना में 10 से 15 लाख रुपये की लागत आएगी और इसके अलावा एकत्रित कच्चे माल से भी भारी नुकसान होगा। तिरुपति फ्लेक्सी प्रिंटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल कुमार, मानद अध्यक्ष शंकर, उदय सिंह, उपाध्यक्ष राधाकृष्ण, महासचिव बालाजी और जिले के फ्लेक्सी प्रिंटर बैठक में मौजूद रहे।

### विदेशी पुनबीर्मा कंपनियों के लिए पूंजी नियमों में ढील

नयी दिल्ली। देश में पुनबीर्मा कारोबार को विदेशी निवेशकों के लिए और आकर्षक बनाने के वास्ते नियामक इरडाई ने लायड्स जैसी विदेशी पुनबीर्मा शाखाओं को कारोबार के लिए आवंटित अतिरिक्त पूंजी के 20 प्रतिशत तक देश से बाहर ले जाने की छूट दी है। इससे पूंजी की आवाजाही बढ़ने की उम्मीद है। भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (इरडाई) ने बुधवार को एक सर्कुलर में कहा, तदनुसार,यह निर्णय लिया गया है कि विदेशी रीइनश्योरेंस शाखाएं (एफआरबी) और लॉयड्स इंडिया को प्राधिकरण की पूर्व मंजूरी के साथ अतिरिक्त आवंटित पूंजी को वापस लाने की अनुमति है। यह निर्णय विस्तृत विचार-विमर्श के बाद लिया गया है। इरडाई के नियमों के अनुसार, लॉयड्स तथा अन्य विदेशी पुनबीर्मा कंपनियों को भारत में शाखा कार्यालयों के पंजीकरण के लिए नियामकीय पूंजी आवंटित करनी होती है और अपना खुदा का शुद्ध कोष (एनओएफ)रखना होता है। नियम के अनुसार रीइन्श्योरेंस कंपनी को का एनओएफ किसी भी समय 500 करोड़ रुपये की निर्धारित राशि से कम नहीं होना चाहिए और शाखा कार्यालय के लिए कम से कम 100 करोड़ रुपये की निर्धारित पूंजी आवंटित होनी चाहिए।

### डाबर का दूसरी तिमाही का समेकित लाभ हल्का घट कर 490.86 करोड़ रुपये

नयी दिल्ली। रोजमर्रा के उपभोग की चीजें और आयुर्वेदिक उत्पाद बनाने वाली प्रमुख कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड ने विगत बुधवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही में उसको 490.86 करोड़ रुपये का समेकित शुद्ध लाभ हुआ। यह एक साल पहले की तुलना में 2.85 प्रतिशत कम है। एक साल पहले इसी दौरान समेकित शुद्ध लाभ 505.31 करोड़ रुपये था। आलोच्य तिमाही में हालांकि उसका समेकित परिचालन राजस्व छह प्रतिशत बढ़कर 2,986.49 करोड़ रुपये रहा। पिछले वर्ष इसी दौरान राजस्व 2,817.58 करोड़ रुपये था। कंपनी के एक बयान के अनुसार सितंबर तिमाही में डाबर इंडिया का कुल खर्च 8.94 फीसदी बढ़कर 2,471.28 करोड़ रुपये हो गया। पिछले साल यह 2,268.47 करोड़ रुपये था। डाबर इंडिया लिमिटेड (डीआईएल) के निदेशक मंडल ने बिना आडिट किए तिमाही वित्तीय परिणामों पर विचार करने के लिए आज यहां बैठक की। कंपनी ने कहा है,ह्ल अभूतपूर्व मुद्रास्फीति और उपभोग पर परिणामी प्रभाव से चुनौतीपूर्ण बने रहने वाले वातावरण में कंपनी अपनी मजबूती और जुझारुपन का प्रदर्शन जारी रखा है।

# डाबर इंडिया ने बादशाह मसाला में 51 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने की घोषणा की




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के सबसे बड़े ब्रांड्स डाबर ने बादशाह मसाला में 51 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने की घोषणा की है। इसके लिए कंपनी 587.52 करोड़ रुपये निवेश करने वाली है। दोनों कंपनियों (डाबर और बादशाह मसाला) ने एक संयुक्त बयान में कहा गया है कि डाबर ने बादशाह मसाला प्राइवेट लिमिटेड की 51 फीसदी हिस्सेदारी हासिल करने के लिए पक्के एग्रीमेंट साइन किए हैं। अभी तक की जानकारी के अनुसार, यह सौदा 31 मार्च 2023 से पहले पूरा हो जाएगा। यह अधिग्रहण नियम व शर्तों के अधीन है। अगस्त से ही दबाव में चल रहे डाबर इंडिया के शेयर में गुरुवार को तेजी आई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर यह स्टॉक लगभग 1.5 फीसदी की वृद्धि के साथ खुला और इंट्राडे में 548 रुपये का हाई बनाया। हालांकि 10 बजकर 27 मिनट तक शेयर अपने ओपनिंग प्राइस (541.5) से नीचे ट्रेड कर रहा था। चूंकि, अभी यह डील घोषित हुई है तो शेयर बाजार में ज्यादा असर देखने को नहीं मिला है। समय बीतने के साथ कंपनी के प्रॉफिट में होने वाला इजाफा इसके शेयर पर भी असर डालेगा। डाबर इंडिया ने बुधवार को दूसरी तिमाही के नतीजे जारी किए, जिसने निवेशकों को नाखुश किया। नतीजों के मुताबिक, कंसोलिडेटेड मुनाफे में सालाना आधार पर 2.85 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। सितंबर तिमाही में कंपनी का मुनाफा 490.86 करोड़ रहा है। वहीं, पिछले साल की इसी तिमाही में कंपनी ने 505.31 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। हालांकि, ऑपरेशन से कंपनी के रेवेन्यू में 6 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है और ये 2,986.49 करोड़ रुपये हो गया है। पिछले साल इसी अवधि में ये आंकड़ा 2,817.58 करोड़ रुपये रहा था। डाबर इंडिया अब मुख्य तौर पर अपने खाद्य कारोबार के विस्तार की योजना पर काम कर रही है। यह अधिग्रहण भी फूड सेक्टर की नई कैटेगरी में प्रवेश करने के इरादे से किया गया है। कंपनी आने वाले 3 वर्षों में अपने फूड बिजनेस को 500 करोड़ रुपये तक बढ़ाना चाहती है। इस अधिग्रहण के पूरा होने के साथ ही डाबर इंडिया की एंट्री 25,000 करोड़ रुपये (अनुमानित) के मसाला बाजार में हो जाएगी।

## शीर्ष सात शहरों में वर्ष 2022 में घरों की बिक्री नयी ऊंचाई पर

**कोलकाता (एजेंसी)।** मौजूदा त्योहारी मौसम और वर्ष 2022 की पहली तीन तिमाहियों में घरों की बिक्री में तेजी को देखते हुए शीर्ष सात शहरों में आवासों की बिक्री वर्ष 2014 के सर्वकालिक उच्च बिक्री के शिखर को पार कर सकती है। नवीनतम अनारॉक डाटा प्रोजेक्ट्स वर्ष 2022 में शीर्ष सात शहरों में 3.6 लाख घरों की बिक्री कर सकता है। वर्ष 2014 में 3.43 लाख घरों की बिक्री हुयी थी। जनवरी-सितंबर 2022 की अवधि के आंकड़े वर्ष 2019 के पूर्ण आंकड़ों को पार कर चुके हैं जिसमें तकरीबन 2.73 इकाइयां बिकी और 2.65 लाख इकाइयां लॉन्च हुयी। वर्ष 2019 में 2.61 लाख घरों की बिक्री हुयी थी और 2.34 लाख ए घर बनाए गए थे। एमएमआर और एनसीआर ने वर्ष 2022 के पहले नौ महीनों में अपनी शीर्ष रैंकिंग बरकरार रखी है। दोनों क्षेत्रों में करीब 1,30,450 घरों की बिक्री हुयी जोकि प्रमुख सात शहरों में बिक्री का 48 प्रतिशत हिस्सा है। अन्य उच्च बिक्री वाले शहर पुणे, बेंगलुरु और हैदराबाद रहे, जिनका कुल ब्रिकी में हिस्सा 42 प्रतिशत था। वर्ष 2022 में औसत संपत्ति की कीमतों में वृद्धि के बावजूद आवास की बिक्री मजबूत रही, जिसमें तीसरी तिमाही में वार्षिक आधार पर छह प्रतिशत की वृद्धि के साथ मूल्यांकन पिछले सात वर्षों में सबसे अच्छा रहा। अनारॉक समूह के अध्यक्ष अनुज पुरी ने कहा, देश में वर्ष 2022 में आवासीय बाजार शानदार प्रदर्शन करेगा जो पहले से ही सभी पिछली ऊंचाइयों को पार कर चुका है और चल रहे त्योहारी सीजन में मजबूत बिक्री की गति को जारी रखेगा।

## हर दिन रिकॉर्ड तोड़ गिर रहा नायका का शेयर, 58% टूट गया भाव

**नई दिल्ली।** फैशन कंपनी नायका के शेयरों में लगातार गिरावट जारी है। कंपनी के शेयर लगातार 52 वीक नए लो पर पहुंच रहे हैं। नायका के शेयर आज गुरुवार को बीएसई पर 52-वीक के नए लो 1070 रुपये पर पहुंच गए। कंपनी के शेयर में आज 3% से ज्यादा की गिरावट है। नायका शेयर वर्तमान में अपने इश्यू प्राइस 1,125 रुपये से 5% नीचे हैं। नायका 52 वीक हाई 2,574 रुपये से लगभग 58% तक गिर गया है। हालांकि, ब्रोकरेज इस शेयर पर बुलिश हैं और इसे खरीदने की सलाह दे रहे हैं। नोमुरा इंडिया के मुताबिक, अब इस शेयर में तेजी आएगी और अगले 5 सालों में शेयर की कीमत डबल हो जाएगी। बता दें कि नायका ने हाल ही में 5:1 के रेशियो में बोनस शेयर की मंजूरी दी थी, यानी कंपनी में रखे गए हर एक शेयर के लिए पांच बोनस शेयर। नायका ने बोनस शेयर के लिए पात्र सदस्यों को निर्धारित करने की तिथि 3 नवंबर 2022 की तय की है। पिछले पांच दिनों में यह शेयर 8% तक गिर गया है। पिछले एक महीने में यह शेयर 17% टूट गया। वाईटीडी में यह शेयर 49 पर्सेंट तक गिर गया है। ब्रोकरेज हाउसेज ने नायका के शेयरों के लिए 1664 रुपये का एवरेज टारगेट प्राइस दिया है। यानी, कंपनी के शेयरों में 45 पर्सेंट से ज्यादा की तेजी आ सकती है। ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म नोमुरा ने हाल में नायका के शेयरों का कवरेज शुरू किया है और कंपनी के शेयरों के लिए 1365 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है। नोमुरा का कहना है कि लॉन्ग टर्म इनवेस्टर्स के लिए रिस्क-रिवॉर्ड अनुकूल है। अगले 5 साल में कंपनी के शेयर दोगुने हो सकते हैं।

## सीतारमण ने एआईआईबी के संचालक मंडल की बैठक में लिया भाग




**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (एआईआईबी) के संचालक मंडल (बोर्ड ऑफ गवर्नर्स) की 7वीं वार्षिक बैठक में भाग लिया। हर साल वार्षिक बैठक में एआईआईबी से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों और इसके भावी विजन पर महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए इसके संचालक मंडल की बैठक होती है। भारत एआईआईबी का एक संस्थापक सदस्य और इसमें दूसरा सबसे बड़ा शेयरधारक है। एआईआईबी में भारत के पास सबसे बड़ा परियोजना पोर्टफोलियो भी है। इस वर्ष की वार्षिक बैठक की थीम ह्यआपस में जुड़ी हुई दुनिया की ओर सतत अवसंरचना थी। वित्त मंत्री ने संकटग्रस्त दुनिया में अवसंरचना का वित्तपोषण करना विषय पर गवर्नर की गोलमेज चर्चा के दौरान अपने विचार साझा किए। अपने संबोधन में वित्त मंत्री ने सदस्य देशों की सहायता करने और उच्च गुणवत्ता वाला विकास वित्त प्रदान करने के लिए एआईआईबी की निरंतर प्रतिबद्धता एवं समर्पण की सराहना की। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि बाह्य खतरों के बावजूद भारत की बेहतरीन लक्षित नीतियों, प्रमुख ढांचागत सुधारों और सुदृढ़ बाह्य बैलेंस शीट से भारत में आर्थिक विकास की गति को निरंतर मजबूत बनाए रखने में काफी सहायता मिली है। वित्त मंत्री ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि भारत एक आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था की राह पर चल पड़ा है और इसलिए वह महामारी के नकारात्मक प्रभावों को कम करने में सफल रहा है। श्रीमती सीतारमण ने भारत के डिजिटलीकरण मिशन के माध्यम से भारत द्वारा की गई उल्लेखनीय प्रगति को रेखांकित किया जिसके तहत सामाजिक सुरक्षा को सुविधाजनक बनाने और वित्तीय समावेश को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग किया गया है। वित्त मंत्री ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि प्रधानमंत्री

**◆वित्त मंत्री ने सुझाव दिया कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि इन सभी के सार्थक प्रभाव हों और संसाधन कई क्षेत्रों में न बिखर जाएं, एआईआईबी को प्राथमिकता वाले प्रमुख क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने की जरूरत है।**

नरेन्द्र मोदी ह्यपर्यावरण के लिए जीवन शैली' (लाइफ) जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए भारत द्वारा किए जा रहे अथक प्रयासों का सक्रिय रूप से नेतृत्व कर रहे हैं। वित्त मंत्री ने सुझाव दिया कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि इन सभी के सार्थक प्रभाव हों और संसाधन कई क्षेत्रों में न बिखर जाएं, एआईआईबी को प्राथमिकता वाले प्रमुख क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने की जरूरत है जिनमें शिक्षा व स्वास्थ्य, और डिजिटल अवसंरचना पर विशेष रूप से फोकस करने के साथ-साथ स्वच्छ ऊर्जा एवं ऊर्जा दक्षता, आपदा रोधी अवसंरचना, और सामाजिक अवसंरचना शामिल हैं।

## संगीत वाद्ययंत्रों का निर्यात अप्रैल-सितंबर में बढ़कर 172 करोड़ रुपये पर

**नयी दिल्ली।** देश का वाद्ययंत्रों का निर्यात चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-सितंबर के दौरान बढ़कर 172 करोड़ रुपये हो गया। यह 2013-14 की समान अवधि में 49 करोड़ रुपये था। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एक ट्वीट में कहा कि चालू वित्त वर्ष के पहले छह महीनों में निर्यात 3.5 गुना से अधिक हो गया है। गोयल ने कहा, भारत का संगीत वाद्ययंत्र निर्यात 2013 में इसी अवधि की तुलना में इस साल अप्रैल-सितंबर में 3.5 गुना से अधिक हो गया। निर्यात में उछाल को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह वृद्धि उत्साहजनक है। मोदी ने ट्वीट किया, भारतीय संगीत को दुनियाभर में लोकप्रियता मिलने के साथ इस क्षेत्र में आगे बढ़ने का एक बड़ा अवसर है।

## फेसबुक की कंपनी मेटा के राजस्व में 4 फीसदी की गिरावट दर्ज, निवेशकों के लिए खतरे की घंटी




**नई दिल्ली।** फेसबुक की मूल कंपनी मेटा ने अपनी तीसरी तिमाही में राजस्व में गिरावट दर्ज की है। कंपनी द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, मेटा के राजस्व में चार फीसदी की गिरावट आई है। अब राजस्व 29 बिलियन डॉलर से घटकर 27.7 बिलियन डॉलर हो गया है। वहीं मेटा ने अपने बयान में कहा कि इससे निपटने के लिए महत्वपूर्ण बदलाव की योजना बनाई जा रही है। मेटा ने बताया कि फेसबुक पर माह में सक्रिय उपयोगकताओं की संख्या सितंबर के अंत में दो प्रतिशत बढ़कर 2.96 अरब हो गई है। वहीं कंपनी में कर्मचारियों की संख्या 87,314 हो गई, जो एक साल पहले की तुलना में 28 प्रतिशत की वृद्धि है। मेटा ने विज्ञप्ति में कहा कि हम अधिक कुशलता से काम करने के लिए बोर्ड भर में महत्वपूर्ण बदलाव कर रहे हैं। आय में यह गिरावट ज्यादातर मेटा के मेटावर्स में भारी निवेश के कारण है। मेटा के वर्चुअल रियलिटी डिवीजन, रियलिटी लैब्स को इस तिमाही में 3.672 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ। वहीं सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने तीन बिलियन डॉलर के नुकसान को उचित ठहराते हुए 2023 पर ध्यान देने की बात कही है साथ ही कहा कि मौजूदा माहौल कंपनी को मजबूत बनाने में मदद करेगा।

## तोमर ने आसियान देशों से बाजरा की खेती प्रसंस्करण, खपत के प्रसार में सहयोग पर बल दिया



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने पोषक खाद्य के रूप में मिलेट (पोषक-अनाज) और अंतरराष्ट्रीय पोषक-अनाज वर्ष 2023 के महत्व पर जोर देते हुए दक्षिण-पूर्व एशियादी देशों के संगठन आसियान से आग्रह किया कि वे मिलेट (बाजरा) के उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन एवं उपभोग को बढ़ाने में भारत के प्रयासों में सहयोग करें। श्री तोमर कृषि एवं वानिकी के संबंध में सातवीं आसियानझ्भारत मंत्रिस्तरीय बैठक (एआईएमएमएएफ) की विगत बुधवार को सह-अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में ब्रुनेई दारुस्सलाम, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओ पी डी आर, मलेशि?या, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम के कृषि मंत्रियों ने भी भाग लिया। श्री तोमर ने प्रारंभिक संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस विजन को दोहराया, जिसमें भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी में आसियान को केंद्र बिंदु में रखा गया है तथा उन्होंने क्षेत्र में टिकाऊ एवं समावेशी विकास सुनिश्चित करने के लिए, कृषि विकास के लिए आसियान के साथ परस्पर घनिष्ठ क्षेत्रीय सहयोग पर जोर दिया। श्री तोमर ने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य और पोषण के लिए पोषक-अनाज के उत्पादों को भारत बढ़ावा देगा। पोषक-अनाज पौष्टिक, कम संसाधन आवश्यकता वाले और अधिक अनुकूल कृषि-खाद्य प्रणालियों के सृजन में सहायक होते हैं। बैठक में, आसियान-भारत सहयोग की मध्यावधि कार्ययोजना (वर्ष 2021-2025) के तहत विभिन्न कार्यक्रमों तथा गतिविधियों के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में आसियानझ्भारत संबंधों की 30वीं वर्षगांठ का भी स्वागत किया गया। बैठक में, कृषि एवं वानिकी में आसियान-भारत सहयोग की प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई।

## अचानक 15 प्रतिशत तक चढ़ गया एनएमडीसी लिमिटेड कर शेयर

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच गुरुवार को एनएमडीसी लिमिटेड के शेयर की अचानक खरीदारी बढ़ गई। इस वजह से कारोबार के दौरान स्टॉक 15 फीसदी से ज्यादा चढ़कर 108.85 रुपये के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि बाद में मुनाफावसूली देखने को जरूर मिली लेकिन इसके बावजूद शेयर का भाव 10 फीसदी से ज्यादा चढ़ गया। अब सवाल है कि शेयर में इतनी बड़ी तेजी क्यों आई। दरअसल, 27 अक्टूबर यानी आज का दिन एनएमडीसी लिमिटेड के स्टील कारोबार के डी-मर्जर का एक्स-रिकॉर्ड डेट है। कंपनी ने 28 अक्टूबर 2022 को रिकॉर्ड डेट तय किया है। रिकॉर्ड तिथि तक शेयर रखने वाले निवेशक नई इकाई में हिस्सेदारी के लिए पात्र होंगे। आपको बता दें कि इस महीने की शुरूआत में कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) ने कंपनी से छत्तीसगढ़ में 3 मिलियन टन के स्टील प्लांट एनएमडीसी स्टील के डी-मर्जर को मंजूरी दी थी। कंपनी स्टॉक एक्सचेंजों पर एनएमडीसी स्टील नाम की अपनी स्टील इकाई को अलग से सूचीबद्ध करेगी। डी-मर्जर के बाद एनएमडीसी के शेयरधारक ठटउ्ठ स्टील का एक शेयर पाने के पात्र होंगे। पिछले साल एनएमडीसी ने जुलाई में पहली बार डी-मर्जर की योजना के बारे में जानकारी दी थी। योजना के तहत, नगरनार, छत्तीसगढ़ में एनआईएसपी प्लांट को एनएमडीसी से एनएमडीसी स्टील (एनएसएल) में विलय कर दिया जाएगा, जो एनएमडीसी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। बता दें कि एनएमडीसी लौह अयस्क का सबसे बड़ा उत्पादक है। 50 के दशक में स्थापना के बाद से इस्पात मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में कंपनी- तांबा, रॉक फॉस्फेट, चूना पत्थर, मैग्नेसाइट, हीरा, टंगस्टन और समुद्र तट रेत सहित खनिजों की एक विस्तृत श्रृंखला की खोज में शामिल रहा है।

## पेज एक के शेष

### हंसडीहा में एलपीजी...

पावर सब स्टेशन की आपूर्ति ठप हो गयी है। आग की लपटें तीन-चार किमी दूर से दिख रही थीं। थोड़ी देर के लिए जसीडीह से गोड्डा जानेवाली लोकल पैसेंजर ट्रेन को एहतियात के तौर पर नोनीहाट स्टेशन में रोक दिया गया, वहीं सड़क पर आवागमन बंद करा दिया गया। अग्निशमन दस्ते ने घटनास्थल पर पहुंच कर बड़ी मशक्कत से आग को और ज्यादा फैलने से रोका है।

### पांच लाख का...

एके-47 लोडेड एवं कारतूस एवं अन्य सामानों के साथ पकड़ा गया। पुलिस के द्वारा पकड़े गये उग्रवादी से नाम पता पूछने पर उन्होंने अपना नाम विराज गंझू उर्फ राकेश जी पिता सुखदेव गंझू उर्फ रामेश्वर गंझू चतरा जिले के कुंदा थाना के कारीमादर के प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के सब जोनल कमांडर बताया। जबकि दूसरी टीम के द्वारा एक उग्रवादी को देसी कट्टा एवं 10 जिंदा गोली के साथ पकड़ा गया। जिसे पुलिस के द्वारा नाम पता पूछने पर टीएसपीसी प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन का एरिया कमांडर नथुनी सिंह उर्फ नथुनी जी उर्फ छोटू पिता निरंजन सिंह रामपुरा टोली मतलोंग थाना मनिका का नाम बताया। वहीं, पुलिस के द्वारा दोनों उग्रवादियों की निशानदेही पर विजय भुइयां पिता बरतु भुइयां बालूमाथ थाना क्षेत्र के रुद निवासी को गिरफ्तार कर लातेहार मंडल कारा भेज दिया गया है। एसपी ने बताया कि टीएसपीसी प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन के सब जोनल कमांडर बिराज गंझू उर्फ राकेश जी सरकार के द्वारा पांच लाख का इनामी घोषित है। उन्होंने बताया कि टीएसपीसी सब जोनल कमांडर 12 से 13 वर्षों से संगठन से जुड़कर लेवी वसूलना, डराना, धमकाना इनका पेशा था। काफी दिनों से लातेहार, चतरा, पलामू जिले में इनका आतंक फैला हुआ था। उन्होंने बताया कि नथुनी सिंह दो तीन सालों से इन जिलों में सक्रिय था और पुलिस के साथ मार्च माह में मुठभेड़ में शामिल था। उन्होंने आगे बताया कि टीएसपीसी उग्रवादी संगठन एवं अमन साहू के गिरोह के द्वारा मिलकर लोगों का रेकी कर घटना को अंजाम देता है। उन्होंने कहा कि सब जोनल कमांडर एवं एरिया कमांडर के गिरफ्तारी होने से टीएसपीसी उग्रवादी के संगठन कमजोर हो गया है। पत्रकारों के द्वारा एके-47 रायफल पुलिस का तो नहीं है के बारे में पूछे जाने पर एसपी ने कहा कि रायफल का बैच नंबर जांच करने के बाद ही बताया जायेगा। इन उग्रवादियों के पास से एक लोडेड एके-47 राइफल जिससे मैगजीन में 15 राउंड जिंदा गोली, 62 राउंड एके-47 के 7.66 जिंदा गोली, एक देशी कट्टा, आठ एमएम कट्टा का दस रावण जिंदा गोली, दो राउटर, आठ मोबाइल फोन, प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन का लिखित एवं खाली पर्चा, दो पाउच बरामद किया है।

### सरकारी स्कूल के...

से कार्यशालाओं की एक श्रृंखला के माध्यम प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण के पहले चरण में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन ने चेंजमेकर के रूप में चिन्हित 80 स्कूलों के प्रधानाध्यापकों के साथ 10 महीने के व्यापक प्रशिक्षण की रूपरेखा के तहत स्कूल के लिए बेहतर विजन विकसित करना, स्कूल में गुणवत्ता में सुधार, गुणवत्ता सुधार के लिए नेतृत्व क्षमता में वृद्धि, सीखने की संस्कृति का विकास, सीखने के माहौल का निर्माण समेत अन्य प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

**ये भी होगा कार्य :** 10 माह के प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों के लिए क्षमता निर्माण कार्यशालाओं की योजना बनायी गयी है। इसके जरिये माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर यानि नौवीं से 12वीं कक्षा तक पढ़ानेवाले शिक्षकों की विषय विशेषज्ञता की पहचान की जायेगी। 150 डाइट संकायों के लिए व्यापक क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें डाइट्स के विजुअलाइजेशन और कार्य के विवरण को शामिल किया जायेगा। इस योजना के तहत प्रत्येक पांच दिनों में कुल तीन कार्यशालाएं आयोजित होंगी। जहां अंग्रेजी, विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, हिंदी और विज्ञान के 200 विषय विशिष्ट मास्टर प्रशिक्षकों की क्षमता विकसित करने का कार्य होगा।

## आईटी मंत्रालय ने व्हॉट्सऐप से सेवाओं के ठप होने का कारण पूछा

**नयी दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्रालय ने मेटा के स्वामित्व वाली व्हॉट्सऐप से विगत मंगलवार को मंच की सेवाओं में बाधा के कारणों को साझा करने के लिए कहा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सोशल मीडिया मंच व्हॉट्सऐप की सेवाएं मंगलवार दोपहर करीब दो घंटे तक बाधित रहीं। सेवाओं के अचानक ठप हो जाने के कारण भारत से लेकर ब्रिटेन तक बड़ी संख्या में उपयोगकर्ता लगभग दो घंटे तक एक दूसरे को कोई संदेश (टेक्स्ट) और वीडियो नहीं भेज सके। सूत्रों ने बताया कि आईटी मंत्रालय ने कंपनी से व्हॉट्सऐप के बंद होने के कारणों को साझा करने को कहा है। इस संबंध में व्हॉट्सऐप को भेजे गए ईमेल का खबर बनाये जाने तक कंपनी ने कोई जवाब नहीं दिया। व्हॉट्सऐप ने मंगलवार देर रात जारी बयान में कहा था, तकनीकी खामी के कारण सेवाएं बाधित हुई हैं।

# कोका कोला का शुद्ध राजस्व 10 प्रतिशत बढ़ा

◀◀ ऑर्गेनिक राजस्व (गैर-जीएएपी) का प्रदर्शन ऑपरेटिंग सेगमेंट में मजबूत रहा और इसमें मूल्य/मिश्रण में 12 प्रतिशत की वृद्धि और केंद्रित बिक्री में चार प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रमुख बेवरजेज कंपनी कोका कोला का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में शुद्ध राजस्व 10 प्रतिशत बढ़कर 11.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया। कंपनी ने विगत बुधवार को तिमाही परिणाम की घोषणा करते हुए बताया कि आलोच्य अवधि में उसका शुद्ध राजस्व 10 प्रतिशत बढ़कर 11.1 अरब डॉलर हो गया। ऑर्गेनिक राजस्व (गैर-जीएएपी) 16 प्रतिशत बढ़ गया। ऑर्गेनिक राजस्व (गैर-जीएएपी) का प्रदर्शन ऑपरेटिंग सेगमेंट में मजबूत रहा और इसमें मूल्य/मिश्रण में 12 प्रतिशत की वृद्धि और केंद्रित बिक्री में चार प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसी तरह ऑपरेटिंग मार्जिन, जिसमें तुलनीयता को प्रभावित करने वाले मद शामिल है पिछले वर्ष के 27.9 प्रतिशत से बढ़कर 28.9 प्रतिशत हो गया। वहीं, तुलनीय ऑपरेटिंग मार्जिन (गैर-जीएएपी) 29.5 प्रतिशत से बढ़कर 30 प्रतिशत ही गया। कंपनी ने कुल नॉन-अल्कोहोलिक रेडी-टू-ड्रिंक (एनएआरटीडी) पेय पदार्थों में मूल्य शेयर हासिल की। संचालन से कैश फ्लो चालू वर्ष की 01 जनवरी से आज तक 8.1 अरब डॉलर रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1.2 अरब डॉलर कम रहा। इसी तरह कंपनी का एक ब्रांड स्प्राइट बाजार में एक अरब डॉलर का ब्रांड बन गया है, जो स्थानीय रूप से अनुकूलित, अवसर-आधारित वैश्विक विपणन अभियानों और स्क्रीनटाइम की सफलता से प्रेरित है। कंपनी के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेम्स क्विन्सी ने कहा, ह्हमारी मजबूत क्षमताएं और उपभोक्ता अंतर्दृष्टि हमें मार्केटप्लेस में जीतने में मदद करती है। एक गतिशील परिचालन और व्यापक आर्थिक वातावरण के बीच हमारा व्यवसाय समायोज्य है।





## न्यूज गैलरी

### महबूबा मुफ्ती को आखिरी नोटिस, 15 नवंबर तक बंगला खाली करने का आदेश

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती से 15 नवंबर तक या उससे पहले अपना सरकारी बंगला खाली करने का आदेश दिया। जम्मू-कश्मीर संपदा विभाग ने मुफ्ती को गुप्कर रोड स्थित फेयरव्यू बंगला खाली करने का आदेश दिया है। आदेश में कहा गया है कि मुफ्ती अनधिकृत रूप से इस बंगले में रह रही हैं। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि मुफ्ती को आवंटित बंगला उन्हें 27 अप्रैल 2017 को तत्कालीन राज्य की मुख्यमंत्री के तहत छह महीने के लिए दिया गया था और इसे बाद में इसे 31 अक्टूबर 2018 तक बढ़ा दिया गया था और इसके बाद इसमें कोई विस्तार नहीं किया गया। आदेश में कहा गया है कि उसके बाद वह अब सरकारी बंगले की हकदार नहीं थी, क्योंकि कानूनी प्रावधान जिसके तहत पूर्व मुख्यमंत्री विभिन्न सुविधाओं के हकदार थे, भारत सरकार द्वारा 2020 में निरस्त कर दिया गया था। सरकार ने कहा कि पूर्व में बेदखली के नोटिस पर मुफ्ती का जवाब 22 अक्टूबर को मिला था।

### चीन की चुनौती से निपटेगा स्वदेशी मालवाहक विमान सी-295

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** वास्तविक नियंत्रण रेखा से लगते क्षेत्रों में चीन की ओर से मिल रही चुनौती से निपटने के लिए भारत अत्याधुनिक स्वदेशी मालवाहक विमान सी-295 एम डब्ल्यू बना रहा है जो बेहद दुर्गम क्षेत्रों में छोटी हवाई पट्टियों पर रसद तथा सैनिकों को लेकर उतरने में सक्षम होगा और इससे इससे वायु सेना की ताकत कई गुना बढ़ जायेगी। यह भारत का पहला स्वदेशी मालवाहक विमान होगा जिसे देश की निजी क्षेत्र की कंपनी टाटा कंर्सोटियम एयरबस डिफेंस के साथ मिलकर देश में ही बना रही है। इस परियोजना के तहत वायु सेना को 56 सी-295 मालवाहक विमान मिलेंगे। रक्षा सचिव डॉ. अजय कुमार ने गुरुवार को यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन को त्रिवेन्द्रम से वीडियो कांफ्रेन्स के जरिये संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 अक्टूबर को गुजरात के वड़ोदरा में करीब 21 हजार 935 करोड़ रुपये की इस परियोजना की आधारशिला रखेंगे। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहेंगे। डॉ.कुमार ने बताया कि अनुबंध के तहत वायु सेना को 16 विमान उड़ने की हालत में तैयार मिलेंगे जिनकी आपूर्ति अगले वर्ष सितम्बर से लेकर अगस्त 2025 तक की जायेगी और बाकी 40 विमान देश में ही बनाये जायेंगे और इनकी आपूर्ति वर्ष 2031 तक की जायेगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति ने 8 सितम्बर 2021 को इन विमानों की खरीद को मंजूरी दी थी।

# सेना का बड़ा कदम : बॉर्डर पर कोई भी चाल चलने से पहले 10 बार सोचेगा पाकिस्तान

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दुनियाभर में आतंकवादी घटनाओं के लिए कुख्यात पाकिस्तान भारत में भी नापाक हरकतें करने की कोशिश करता रहता है। कभी आतंकियों को ट्रेनिंग देता है तो कभी भारत में ड्रोन के जरिए से निगरानी करता है। पाकिस्तान को जवाब देने के लिए भारतीय सेना ने कड़े कदम उठाए हैं, जिसके बाद नापाक हरकत करने से पहले पाक दस बार सोचेगा। लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) पर ड्रोन निगरानी से निपटने के लिए सेना ने क्वाडकॉप्टर जैमर और मल्टी-शॉट गन सहित दो सिस्टम लगाए हैं। सेना के सूत्रों ने बताया, "सेना ने नियंत्रण रेखा पर क्वाडकॉप्टर जैमर लगाए हैं, जिन्हें एक्वा जैमर कहा जाता है और वे मल्टी शॉट गन द्वारा सपोर्टेड हैं। एक्वा जैमर की क्षमता 4,900 मीटर की ऊंचाई तक होती है। ये एक्वा जैमर दुश्मन के ड्रोन को फ्रीज करने से पहले उसके ऑपरेटर के साथ सीमा पार से उसकी कनेक्टिविटी को तोड़ देते हैं। बाद की कार्रवाई के बाद इसे नीचे लाने के लिए मल्टी वेपन प्लेटफॉर्म पर लगे मल्टी शॉट गन द्वारा दूसरे एक्शन लिए जाते हैं। कई जवान इन दो मशीनों को चलाते हैं।'

**पांच किमी की रेंज तक ड्रोन पकड़ सकेगा जैमर :** एक्वा जैमर 5 किमी की रेंज तक ड्रोन सिग्नल का पता लगा सकता है। मल्टी वेपन प्लेटफॉर्म के बारे में सूत्रों ने कहा कि इस पर लगी तीन बंदूकें त्रिकोणीय प्रारूप में एक बार में नौ शॉट फायर करती हैं, जिससे दुश्मन के ड्रोन की आग से बचने की कोई



गुंजाइश नहीं रहती है। दोनों सिस्टम्स को एलओसी से करीब 400 मीटर पीछे तैनात किया गया है। सूत्रों ने बताया कि निगरानी केंद्र कैमरों और थर्मल इमेजर्स से लैस हैं और 24 गुणा 7 काम करते हैं ताकि विरोधी द्वारा किसी भी शरारत का पता लगाया जा सके। इस साल जनवरी से सितंबर महीने तक, 191 पाकिस्तानी ड्रोन भारतीय क्षेत्र में घुसे, जिनमें से 171 पंजाब सेक्टर में और 20 जम्मू सेक्टर में देखे गए।

### रूस-यूक्रेन संघर्ष में परमाणु विकल्प पर न हो विचार : राजनाथ

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने रूसी समकक्ष सर्गेई शोइगु से कहा कि यूक्रेन संघर्ष का समाधान संवाद और कूटनीति के माध्यम से निकाला जाना चाहिए और किसी भी पक्ष को परमाणु विकल्प पर विचार नहीं करना चाहिए। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि शोइगु ने फोन पर हुई बातचीत में सिंह को संघर्ष प्रभावित यूक्रेन के मौजूदा हालात से अवगत कराया जिसमें डर्टी बम का इस्तेमाल करके उकसावे वाली कार्रवाई को लेकर चिंताएं शामिल हैं। राजनाथ का यह संदेश रूस के साथ ही यूक्रेन का समर्थन कर रहे पश्चिमी देशों के लिए भी एक संदेश है कि परमाणु विकल्प का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। मामले के जानकार लोगों ने यह बात कही। यूक्रेन के पास कोई परमाणु आयुध नहीं है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पिछले महीने परोक्ष रूप से इस तरह की धमकी दी थी कि मॉस्को संघर्ष तेज होने की स्थिति में अपने क्षेत्र का बचाव करने के लिए परमाणु हथियारों के विकल्प का इस्तेमाल कर सकता है।

### राजनाथ ने पाक पर बोला हमला

**उधर,** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान पर हमला बोलते हुए कहा कि पाक उसके कब्जे वाले कश्मीर में लोगों पर अत्याचार कर रहा है और उसे इसके अंजाम भुगतने पड़ेंगे। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को फिर से हासिल करने का संकेत देते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर और लद्दाख में सर्वांगीण विकास का लक्ष्य पीओके के हिस्से गिलगित और बाल्टिस्तान तक पहुंचने के बाद ही हासिल किया जाएगा। सिंह ने 'शौर्य दिवस' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, 'हमने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में विकास की अपनी यात्रा अभी शुरू की है।

# एलएसी के पास भारत-अमेरिका एक साथ करेंगे संयुक्त मिलिट्री ड्रिल

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारत-चीन तनाव के बीच चीन से लगने वाली वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास भारत और अमेरिका मिलिट्री ड्रिल करेंगे। साल खत्म होते-होते भारत तीन बड़े युद्धाभ्यास एक-साथ करने जा रहा है। ये सभी मिलिट्री एक्सरसाइज आठ नवम्बर से शुरू हो जायेंगी। 11 दिसम्बर तक चलने वाली इन मिलिट्री एक्सरसाइज में भारत अपनी सैन्य ताकत दिखायेगा।

> ■ आठ नवम्बर से 11 दिसम्बर के बीच भारत एक-साथ तीन युद्धाभ्यास करेगा



**उत्तराखंड के औली में होगी भारत-यूएस की ड्रिल :** भारत और अमेरिका 15 नवम्बर से 2 दिसम्बर तक एलएसी के पास युद्धाभ्यास करेंगे। एक्सरसाइज उत्तराखंड के औली में होगी। ये इलाका एलएसी से महज 100 किलोमीटर दूर है। एक अधिकारी ने कहा कि युद्धाभ्यास में दोनों देशों के करीब 350-350 सैनिक शामिल होंगे। पहाड़ों और बेहद ठंडे इलाकों में इंटीग्रेटेड बैटल ग्रुप्स को परखा जाएगा। एक साल ये एक्सरसाइज भारत में होती है और एक साल अमेरिका में। पिछले साल ये युद्धाभ्यास अमेरिका के अलास्का में किया गया था।

**भारत-अमेरिका की मिलिट्री एक्सरसाइज अहम :** उत्तरांखड से सटा चीन बॉर्डर भारतीय सेना के सेंट्रल सेक्टर का हिस्सा है। ये इलाका भारत और चीन के बीच लंबे समय से विवादित रहा है। दो साल पहले ग्लवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद से इस इलाके में चीन की सैन्य गतिविधियां बढ़ीं हैं। इसी वजह है कि भारत और अमेरिका के बीच होने वाली मिलिट्री एक्सरसाइज बेहद अहम है। भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में क्वाड देशों के साथ मालाबार नेवल एक्सरसाइज करेगा।

### भारत का नाम लेकर बांग्लादेश में बोले चीनी राजदूत बंगाल की खाड़ी में हथियारों का जमावड़ा नहीं चाहता

**ढ़ाका (एजेंसी)।** चीन का कहना है वह बंगाल की खाड़ी में भारी हथियारों का जमावड़ा नहीं देखना चाहता है। भारत का नाम लेकर बांग्लादेश में चीनी राजदूत ने कहा कि दोनों देशों के बीच कोई प्रतिद्वंद्विता नहीं है। बांग्लादेश में चीन के शीर्ष राजनयिक ली जिमिंग ने कहा कि भारत के साथ उनके देश की कोई 'रणनीतिक प्रतिद्वंद्विता' नहीं है और वह बंगाल की खाड़ी में भारी हथियारों का जमावड़ा नहीं देखना चाहता। ली ने यह भी कहा कि भारत और चीन इस क्षेत्र और उसके बाहर भी किसी आर्थिक, भू-राजनीतिक एवं अन्य मुद्दों के हल के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। राजदूत ली ने यहां राजनयिक संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा कि हम भारत को कभी भी चीन के रणनीतिक प्रतिद्वंद्वी या रणनीतिक प्रतिस्पर्धी के रूप में नहीं देखते हैं। उन्होंने कहा कि निजी तौर पर मैं भारत का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं।

# ईरान में बंदूकधारियों ने की गोलीबारी, 15 लोगों की मौत



**दुबई (एजेंसी)।** ईरान के दक्षिण शहर शिराज में शिया मुसलमानों के पवित्र स्थल पर बंदूकधारियों ने गोलीबारी की जिसमें कम से कम 15 लोगों की मौत हुई है। ईरान की सरकारी मीडिया ने यह खबर दी है। न्यायपालिका की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, शाह चेरघ मस्जिद पर हमले के सिलसिले में दो बंदूकधारियों को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि तीसरा फरार है। सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए के अनुसार, 15 लोगों की मौत हुई है जबकि सरकारी टीवी के अनुसार, 40 लोग घायल भी हुए हैं। गौरतलब है कि ईरान में सुन्नी चरमपंथी अतीत में अकसर शिया मुसलमानों के पवित्र स्थलों को निशाना बनाते रहे हैं और इस हमले में भी उनकी संलिप्तता नजर आ रही है। ईरान में यह हमला ऐसे वक्त में हुआ है जब आजादी की मांग को लेकर देश में महीने भर से सरकार विरोधी आंदोलन चल रहा है। वहीं, 22 वर्षीय माहसा अमीनी की हिरासत में हुई मौत के 40 दिन पूरे होने पर देश के उत्तरी-पश्चिमी शहर की सड़कों पर हजारों की संख्या में प्रदर्शनकारी उतरे। गौरतलब है कि शिया मुसलमानों में मृत्यु के बाद तमाम रीति-रिवाज होते हैं और मौत के 40 दिन पूरे होने पर फिर से शोक मनाया जाता है।

# द कश्मीर फाइल्स : मैं अपने बच्चों की कसम खाता हूं, जीवन की आखिरी सांस तक कश्मीर नहीं लौटूंगा

**श्रीनगर (एजेंसी)।** दक्षिण कश्मीर के शोपियां में 10 कश्मीरी पंडितों के पलायन की खबर से हड़कंप की स्थिति है। हालांकि, शोपियां के अधिकारी दावा करते हैं कि यहां से कोई पलायन नहीं हुआ है। जिला प्रशासन ने लोकल मीडिया की खबरों और तस्वीरों को फर्जी और तथ्यहीन करार देते हुए तर्क दिया सर्दियों की शुरुआत और फसलों की कटाई समाप्त होने के बाद कई परिवार जम्मू चले जाते हैं। जिले में डर के कारण पलायन की कोई घटना नहीं हुई है। जिला प्रशासन शोपियां ने स्पष्ट किया कि कश्मीरी गैर प्रवासी हिंदू बस्तियों और गांवों के अन्य इलाकों में भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। शोपियां के इन्फार्मेशन और पब्लिक रिलेशन डिपार्टमेंट के आफिसियल ट्विटर हैंडल ने दावा किया कि कश्मीरी गैर प्रवासी हिंदू आबादी के पलायन की खबरें निराधार हैं। 16 अक्टूबर को आतंकवादियों ने पूरन कृष्ण भट की हत्या कर दी थी। उनके भाई अश्विनी कुमार भट ने जम्मू में मीडिया से कहा कि वह पलायन कर चुके हैं और घाटी में कभी नहीं लौटेंगे। पूरन कृष्ण भट को आतंकवादियों ने शोपियां के चौधरीगुंड इलाके में 20 मीटर की दूरी पर स्थित मायोनोरिटी पुलिस पिकेट के पास मार दिया था। इसके पास ही आर्मी कैम्प भी है। अश्विनी कुमार भट ने कहा कि हम वहां से चले गए हैं। मैं कभी नहीं लौटूंगा। मैं अपने बच्चों की कसम खाता हूं, मैं अपने जीवन की आखिरी सांस तक नहीं लौटूंगा। अपने बच्चों की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि न तो वह कश्मीर लौटेंगे और न ही अपने बच्चों को वहां जाने देंगे। मेरे पास वहां एक सौ कनाल (पांच हेक्टेयर) जमीन है, लेकिन मैं कभी वापस नहीं जाऊंगा।






# अंडमान के पूर्व चीफ सेक्रेटरी के घर लायी गयीं थी 20 से अधिक महिलाएं

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के पूर्व मुख्य सचिव जितेंद्र नारायण और श्रम आयुक्त आर एल ऋषि के खिलाफ लगे यौन शोषण के आरोपों की जांच कर रही एसआईटी को सेक्स रैकेट के सबूत मिले हैं। बता दें कि जितेंद्र नारायण पर 21 वर्षीय एक महिला ने यौन शोषण का आरोप लगाया था। मामले की जांच कर रही एसआईटी को पता चला है कि पूर्व मुख्य सचिव के घर 20 से अधिक महिलाओं को उनके घर ले जाया गया था। अंडमान और निकोबार पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) के हवाले से बताया गया है कि मुख्य गवाहों के जो बयान दर्ज किए, उससे सेक्स रैकेट का अंदेशा है। बता दें कि आरोपों के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने हाल ही में जितेंद्र नारायण को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। जितेंद्र नारायण एजीएमयूटी कैडर के 1990 बैच के आईएएस ऑफिसर हैं। वहीं, मामले की जांच में सामने आया है कि इसमें 20 से अधिक महिलाओं को कथित तौर पर पोर्ट ब्लेयर में उनके एक साल के कार्यकाल के दौरान

> ■ एसआईटी को नौकरी के बदले सेक्स रैकेट का अंदेशा




पूर्व मुख्य सचिव के आवास पर ले जाया गया था। उस दौरान उनमें से कुछ को यौन शोषण के बदले में नौकरी मिल गई थी। बता दें कि इस मामले में नारायण 28 अक्टूबर को एसआईटी के समक्ष पेश हो सकते हैं।

दरअसल, कलकत्ता हाईकोर्ट द्वारा एसआईटी के सामने पेश होने के लिए अंतिम तिथि निर्धारित की गयी है। बता दें कि सूत्रों के हवाले से कहा है कि मुख्य सचिव के घर में स्थापित क्लोज सर्किट (सीसीटीवी) कैमरा सिस्टम के डीवीआर (डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर) की पहले हार्ड डिस्क को डिलीट कर गया और बाद में उनके पोर्ट से दिल्ली ट्रांसफर के समय डीवीआर को भी हटा दिया गया था। वहीं, अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज करते हुए जितेंद्र नारायण ने गृह मंत्रालय और अंडमान निकोबार प्रशासन को एक पत्र लिखकर कहा है कि उनके खिलाफ साजिश रची गई है। उन्होंने एफआईआर में दी गई दो तारीखों में से एक पर पोर्ट ब्लेयर में अपनी उपस्थिति को नकारते हुए कोर्टमें चुनौती दी है।